राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 306 | रांची, बुधवार, 08 मई 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com



### आज का दिन

हर साल 05 मई को वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे मनाया जाता है। जब हम थोड़े समझदार होते हैं तो स्कूल और घर में खाने से पहले हाथ धोना सिखाया जाता है। हम सभी को हैंड वॉश करना बहुत जरूरी होता है। इस पर अमल करके हम कई बीमरियों से बच सकते हैं। हालांकि हमारे समाज में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो हाथ धोए बिना ही खाना खाना पसंद करते हैं। ऐसे ही लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल पांच मई को वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे मनाया जाता है।






# आपके वोट ने भारत को पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत बनाया, दुनिया में बढ़ाया भारत का दबदबा: मोदी

## प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के खरगोन और धार में आयोजित विशाल जनसभाओं को किया संबोधित

भोपाल,एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के खरगोन और धार में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे आज जनता से विकसित भारत के संकल्प के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं। सदियों से ये क्रम चल रहा है कि नर्मदा तट पर रहने वाला कभी भी मांगने वाले को निराश नहीं करता है।

मैंने लाल किले से कहा था सबका प्रयास, देश सबके प्रयास और परिश्रम से ही आगे बढ़ेगा और आज देश जनता के समग्र प्रयासों से आगे बढ़ रहा है। जनता की दिन रात की मेहनत ही देश की ऊर्जा को बढ़ाती है और जब इस ऊर्जा को जनता के एक वोट की ताकत मिलती है तो देश का कायाकल्प होने लगता है।

प्रधानमंत्री मादी ने कहा, जनता के वोट ने भारत को पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत बनाया, दुनिया में भारत का दबदबा बढ़ाया, 70 वर्ष बाद अनुच्छेद 370 हटाया, एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया, महिलाओं को आरक्षण का हक दिलवाया, भ्रष्टाचारियों को जेल भिजवाया, मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज की गारंटी दी, युवाओं के भविष्य को संवारा, अपार अवसर खड़े कर दिए और 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाल दिया। जनता के एक वोट की ताकत ने 500 वर्षों की प्रतीक्षा खत्म कर भगवान राम का भव्य मंदिर बना दिया और ये तो सिर्फ ट्रेलर है अभी तो बहुत कुछ करना बाती है।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले सिर्फ अपनी विरासत बचाने के लिए और अपने बच्चों को अपनी पार्टी सौंप कर जाने के लिए ही चुनाव लड़ रहे हैं। इन्हें जनता के सुख-दुःख से कोई फर्क नहीं पड़ता। गठबंधन के नेता ह्लअपना काम बनता और भाड़ में जाए जनताह्व के सिद्धांत पर चलते हैं। आज भारत इतिहास के एक अहम मोड़ पर खड़ा है और जनता को ये तय करना है कि भारत में वोट जिहाद चलेगा या राम राज्य। पाकिस्तान में आतंकी भारत के खिलाफ जिहाद की धमकी दे रहे हैं और भारत के कांग्रेस के नेताओं ने भी मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करने की घोषणा कर दी है अर्थात एक खास धर्म के लोगों को एकजुट होकर मोदी के खिलाफ वोट करने को कहा जा रहा है। हताशा और निराशा ने कांग्रेस को उसके निम्नतम स्तर पर ले जाकर पटक दिया है। जनता को वोट जिहाद मंजूर नहीं है और भारत का संविधान भी इस जिहाद के लिए अनुमति नहीं देता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की बातें सुनकर समझा जा सकता है कि कांग्रेस की साजिश अत्यंत खतरनाक है। कांग्रेस नेताओं ने राम मंदिर जाने वाली एक कांग्रेस नेत्री को इतना प्रताड़ित किया कि उन्हें कांग्रेस ही छोड़नी पड़ गई। इसके अलावा कांग्रेस छोड़ने वाले अन्य नेताओं ने बताया है कि कांग्रेस पर माओवादियों ने कब्जा कर लिया है, राहुल गांधी का इरादा शाहबानो केस के निर्णय की तरह राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का है और पिछले दो वर्षों से कांग्रेस मोदी पर झूठे आरोप लगाने की बड़ी साजिश में जुटी है इसीलिए आज कल संविधान को लेकर झूठ फैलाया जा रहा है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन को न देश की आस्था की परवाह है और न ही देश हित की, ये लोग सिर्फ राष्ट्रविरोधी बातें करते हैं। मतदान के चरण जैसे- जैसे गुजर रहे हैं, वैसे-वैसे कांग्रेस का पाकिस्तान प्यार परवान चढ़ रहा है। पंजाब के पूर्व कांग्रेसी मुख्यगमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा है कि भारतीय सेना ही आतंकी हमले करती है और पाकिस्तान निर्दोष है। देश का कोई भी नागरिक देश की सेना का ये अपमान नहीं सह सकता। कांग्रेस के एक अन्य बड़े नेता ने तो मुंबई आतंकी हमले में भी पाकिस्तान को निर्दोष ठहरा दिया। इस बात को तो भारत क्या पूरे विश्व का कोई व्यक्ति नहीं मान सकता।

नरेंद्र मोदी का कहना रहा, कांग्रेस के सहयोगी दल के नेता फारुख अब्दुल्ला तो भारत को धमकी दे रहे हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं। राहुल गांधी को इसका उत्तर देना होगा और बताना होगा कि पाकिस्तान से इतनी मोहब्बत और सेना से इतनी नफरत के पीछे की मंशा क्या है। इसीलिए जनता कहती है कि कांग्रेस का हाथ-पाकिस्तान जिंदाबाद। कांग्रेस को लगता है कि पाकिस्तान प्रेम दिखाकर अपनी वोटबैंक की राजनीति मजबूत कर लेगी लेकिन इनकी जमानत तक बचना मुश्किल है।

2014 से 2019 और 2019 से 2024 तक मोदी के पास एनडीए के रूप में 400 सीटों का समर्थन रहा ही है। मोदी ने 400 सीटों का इस्तेमाल 370 हटाने, एससी एसटी के आरक्षण को 10 वर्ष आगे बढ़ाने, एक आदिवासी बेटी को पहली बार देश का राष्ट्रपति बनाया।

## क्विक न्यूज

### सुरेंद्र सिंह बने श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुरेंद्र सिंह को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान झारखंड के महानिदेशक के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। सुरेंद्र सिंह इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे।

23 अप्रैल को ही उन्हें भारत सरकार से वापस झारखंड भेज दिया गया था। कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

### रांची में अलग-अलग स्थानों पर ईडी की छापेमारी, डेढ़ करोड़ बरामद

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम मंगलवार को एक साथ रांची में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर रही है। बताया गया है कि डोरंडा के राजीव सिंह नामक कॉन्ट्रैक्टर के ठिकाने से डेढ़ करोड़ रुपये कैश बरामद किया गया है। ईडी ने जांच में पाया है कि इसने 10 करोड़ रुपये हाल के दिनों में लेन-देन किया है।

इसके अलावा कांके पतरा टोली निवासी पथ निर्माण विभाग में एसडीओ अजय मुंडा के पैतृक आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही है। सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ रांची के रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले दो बिल्डरों के यहां भी छापेमारी चल रही है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले सोमवार को ईडी ने छापेमारी कर 35.23 करोड़ बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने देर रात मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया था।

### झामुमो ने विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से किया निलंबित

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्हें पार्टी के सभी पदों से भी मुक्त कर दिया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने मंगलवार को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में चमरा लिंडा ने महागठबंधन के खिलाफ जाकर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है।

### जेबीकेएसएस के अध्यक्ष जयराम महतो को कोर्ट से मिली राहत, पीड़क कार्रवाई पर रोक

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा सीट से उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने उसके खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट के समक्ष डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त ( एजेसी 15) अमित शेखर की कोर्ट में जयराम की याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 21 मई निर्धारित की है।

# हर गरीब परिवार की महिला को देंगे एक लाख, खत्म नहीं होने देंगे आदिवासियों के अधिकार: राहुल गांधी

उज्ज्वल दुनिया सं




**पश्चिमी सिंहभूम (झारखंड)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन यदि सत्ता में आया तो देश के गरीब परिवारों का सर्वेक्षण कराया जायेगा। हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर वर्ष एक लाख रुपये डाले जायेंगे। आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का मानदेय भी दोगुना कर दिया जायेगा।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 22 पूंजीपतियों को अरबपति और करोड़पति बना रहे हैं लेकिन हम देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनायेंगे। उन्होंने आरक्षण बढ़ाने का भी वादा किया। राहुल ने जोहार शब्द से संबोधन की शुरूआत की। साथ ही कहा कि जोहार इसलिए बोला कि यह आदिवासियों का शब्द है। इसमें आपकी आवाज अच्छी सुनाई देती है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आदिवासी, दलित, पिछड़ों के लिए जरूरी चुनाव है। साथ ही कहा कि हमने महिलाओं के बैंक अकाउंट को इसलिए चुना है कि महिलाएं 18 से 20 घंटे काम करती हैं। मैं जानता हूं कि दबाव डालकर महिलाओं से पुरुष कुछ पैसे ले लेंगे।

राहुल गांधी ने आदिवासियों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार 100 रुपये का फैसला लेती है तो आदिवासी नेता 10 पैसे का फैसला लेता है। वो आपको वनवासी बोलते हैं। क्योंकि, उनके लिए आप जंगल में रहने वाले लोग हैं लेकिन हमारे लिए आप आदिवासी हैं। जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। कांग्रेस इस अधिकार को किसी भी कीमत पर खत्म होने नहीं देगी। वो आपको वनवासी कहते हैं और सारे जंगल और जमीन अडाणी, अंबानी को दे रहे हैं। एक दिन जंगल खत्म हो जायेंगे तो आपको कहेंगे जाओ भीख मांगो।

**आदिवासियों से होती है बदसलूकी**

राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों के मुंह में पेशाब कर दिया जाता है लेकिन मीडिया वाले उसे नहीं दिखाते। मीडिया वाले दिखायेंगे कि अडानी की शादी में किसने किस तरह की घड़ी पहनी है और किस तरह के कपड़े पहने हैं। कोई भी मीडिया देश के असल मुद्दों पर चर्चा नहीं करती है। मीडिया भाजपा वालों से सवाल नहीं पूछती है। यह भी लोकतंत्र के लिए खतरे का सबब है।

# देश में बेरोजगारी और महिलाओं के खिलाफ अपराध अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचा: सोनिया गांधी

उज्ज्वल दुनिया सं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया। सोनिया ने प्रधानमंत्री मोदी पर राजनीतिक लाभ के लिए देश में नफरत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने मतदाताओं से झूठ और नफरत के समर्थकों को खारिज करने का आह्वान किया है। कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने कहा कि मोदी और भाजपा का ध्यान केवल किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करने पर है।

सोनिया ने कहा कि आज देश के हर कोने में युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है, महिलाओं को अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों को भयानक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ह्लऐसा माहौल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की नीयत की वजह से है। उनका ध्यान किसी भी कीमत पर सिर्फ सत्ता हासिल पर है। उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए नफरत को बढ़ावा दिया है।

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित है। सोनिया ने कहा कि हमारे संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने, हमारे गरीबों को पीछे छोड़ दिए जाने और हमारे समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न होने का दृश्य मुझे पीड़ा से भर देता है।

# ईडी की छापेमारी में बरामद 35.23 करोड़ रुपये टेंडर घोटाले के, विभागीय अधिकारी भी सांठगांठ में शामिल

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री के पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को अदालत से 10 दिनों की रिमांड मांगी लेकिन अदालत ने दोनों को छह दिनों की रिमांड दी है। ईडी के अधिकारी बुधवार से दोनों से छह दिनों तक पूछताछ करेंगे। इस दौरान कई राज खुलेंगे।

ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि अब तक की जांच में यह जानकारी सामने आई है कि सोमवार को बरामद हुआ सारा पैसा टेंडर घोटाले का है। टेंडर घोटाले से जुड़े धनशोधन के इस मामले में कई बड़े अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। ईडी का दावा है कि इस पूरे प्रकरण में ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारी शामिल हैं और उन्हें राजनेताओं का भी पूरा संरक्षण मिला हुआ है। ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक कई अधिकारी इस सांठगांठ में शामिल हैं।

ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि कमीशन का पैसा आमतौर पर नकद ही लिया जाता था, जिसे विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजार कर सफेद किया जाना था। ईडी को अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मंत्री आलमगीर आलम का ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) संजीव लाल प्रभावशाली व्यक्तियों के लिए कमीशन लेता था और टेंडर मैनेज करने के साथ विभाग के इंजीनियरों से भी कमीशन के लेनदेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था।

# मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव और जहांगीर छह दिनों की ईडी रिमांड पर

उज्ज्वल दुनिया सं



**रांची।** ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के गिरफ्तार पीएस संजीव लाल,उनके नौकर जहांगीर आलम को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया । ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में संजीव लाल और जहांगीर से पूछताछ करने के लिए ईडी की ओर से दस दिनों की रिमांड मांगी गयी। इसके बाद कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। दोनों आरोपितों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजा गया। ईडी दोनों को बुधवार से रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने सोमवार की सुबह मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल सहित कई अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी, जो देर रात तक चली थी। इस दौरान ईडी ने 35.23 करोड़ नगद बरामद किये थे। बरामद रुपए जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से बरामद हुए थे। ईडी ने यह छापेमारी ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में की गयी थी।

# चौपालों में चुनावी खनक, चाय की प्यालियों में जीत-हार की हनक

पलामू,एजेंसी

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पलामू लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होना है। इससे पलामू में सियासी रंग गाढ़ा हो गया है। चौक चौराहों से लेकर खेत खलिहान तक सिर्फ चुनाव की चर्चा है। चाय की चुस्कियों के साथ जीत हार के समीकरण बैठाए जा रहे हैं। मुद्दे भी हवा में खूब उछल रहे हैं। सरकार के पक्ष में तर्क गढ़ने वाले लोगों के पास राम मंदिर, पांच किलो अनाज, हिन्दुत्व आदि के खातिर, जबकि विपक्ष के साथ खड़े लोग सिंचाई, बेकारी, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को उठाकर केन्द्र सरकार की कार्य प्रणाली को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। लोगों की चचाओं में बेरोजगारी, पेयजल एवं सिंचाई का मुद्दा प्रमुख रह रहा है।

राज्य गठन के बाद भाजपा ने 2014 में पहली बार पलामू सीट पर जीत दर्ज की थी

राज्य गठन के बाद भाजपा ने वर्ष 2014 में पहली बार पलामू सीट पर जीत दर्ज की थी। वर्ष 2014 में भाजपा ने पूर्व डीजीपी वीडी राम को टिकट दिया। विगत चार लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा ने दो बार जीत दर्ज की। वर्ष 1999 में भाजपा के बृजमोहन राम व 2014 में वीडी राम सांसद चुने गए। इस बीच वर्ष 2004 में राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार व वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में झामुमो के टिकट पर कामेश्वर बैठा ने चुनाव जीता था। पिछले चार में से तीन लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे।

पलामू संसदीय क्षेत्र में कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। इस संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चार दफा निर्वाचित होने का नाम कमला कुमारी का है। आंकड़ों पर गौर करें तो इस सीट से 1957, 1967, 1971, 1980 और 1984 में कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी। दलगत दृष्टिकोण से देखें तो पलामू संसदीय क्षेत्र से 1957 से लेकर अबतक पांच दफा कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई है।

चार बार भाजपा, दो बार राजद और एक बार जनता दल के प्रत्याशी की जीत हुई है। झामुमो के प्रत्याशी के रूप में कामेश्वर बैठा ने भी इस संसदीय सीट से चुनाव जीत चुके हैं। वर्ष 1991 में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने पलामू सीट पर अपना कब्जा जमाया था।

पलामू लोकसभा क्षेत्र में पलामू एवं गढ़वा जिल आते हैं। पलामू जिला अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र पड़ता है।

इनमें डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद एवं गढ़वा जिला में गढवा एवं भवनाथपुर विधानसभा शामिल है। पिछले चुनाव में भाजपा के वीडी राम ने राजद के प्रत्याशी घूरन राम को चार लाख से अधिक मतों से शिकस्त की थी। 2024 के चुनाव में तकरीबन 22 लाख 43 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जबकि मतदान केन्द्रों की संख्या 2426 है। सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी।

पलामू लोकसभा क्षेत्र से कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, लेकिन सीधा मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम और इंडी गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के बीच है। इंडी गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां लगातार जनसंपर्क अभियान में लगी हैं। उनका दावा है कि उन्हें हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। वीडी राम के कार्यकाल की कई बड़ी घोषणाएं अधूरी रह गयी हैं। इससे लोग बदलाव चाहते हैं।




## अरगड्डा में शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता को लेकर चलाया अभियान

**गिद्दी।** राजकीय मध्य विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय नीचे धौड़ा अरगड्डा में लोकसभा चुनाव 20 मई को लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान शिक्षकों ने रैली के रूप में चौक चौराहों पर सड़क से गुजरने वाले, खड़े मतदाताओं को मतदान अवश्य करें, 18 वर्ष के वोटरों को अपने विवेक के अनुसार मतदान करने, सभी मतदाताओं से जाति, धर्म, लोभ को त्याग कर अच्छे प्रतिनिधियो को चुनने, शत प्रतिशत वोट करने की अपील की गई। साथ ही रामगढ़ वोट करेगा, देश विकास, राष्ट्र कार्य जैसे संदेशों से लोगों के बीच चेतना जगाने का कार्य किया। मौके पर प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार, युधिष्ठिर महतो, आशुतोष पांडे, कमल कुमार सिंह, रवि हांसदा, विजय चौहान, संजय बोस, सुमित्रा मैडम, रामा मैडम, राहुल कुमार, सुरेंद्र कुमार तिवारी, उपेंद्रनाथ पाठक ।

# रिकॉर्ड तोड मतों से जीतेंगे जयप्रकाश भाई पटेल: अंबा प्रसाद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ)।** पीटीपीएस पांच नंबर रोड स्थित विधायक के आवासीय कार्यालय में विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में पतरातू प्रखंड स्तरीय इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक का संचालन संयुक्त रूप से कोयलांचल क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अमित साहू एवं पूर्व प्रखंड अध्यक्ष असगर अली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का पतरातू प्रखंड में 10 मई को दौरे को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से रिकॉर्ड तो? मतों से विजयी होंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों को निर्देश दिया कि कांग्रेस का जो घोषणा पत्र है उसे जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि 10 मई को कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल का पतरातू प्रखंड में तूफानी दौरा है। इस दौरान रिभर साईड भुरकुंडा स्थित कांग्रेस कार्यालय में सभा का भी आयोजन किया जायेगा। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार, विधायक अकेला यादव, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया सहित इंडिया महागठबंधन के कई ब? नेता शामिल होंगे। मौके पर कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, युवा कांग्रेस के बडकागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, मो. हबीब, चमन लाल, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, मुजफ्फर हुसैन, राजू पांडेय, मुखिया तिलेश्वर साव, मुखिया कोमिला देवी, सुनैना देवी, रूपा देवी, सोनी देवी, खुशबू, मंदाकिनी देवी, पम्मी, राजरानी देवी, योगेंद्र सिंह खरवार, अंजन प्रसाद, नईम अंसारी, हरिदास साव, हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, अलीम अंसारी, मुकेश राउत, लियाकत अंसारी, मदन दांगी, राजेश बेदिया, शिबू करमाली, कालेश्वर महतो, रमेश बेदिया, इस्लाम अंसारी, रंजीत सिंह, याकूब राय, जय सिंह, राजा मुंडा, वासुदेव राम, मुनेश्वर बेदिया, रोहित साव, संजीत यादव, विक्कू रजक, रूपलाल साव, डॉ अशोक प्रसाद, बबलू अंसारी, लखन राम, बलदेव राम, मुख्तार अंसारी, चंदन साव, रमाकांत दुबे, सैफुल्ला खालिद, चंद्रदेव करमाली, ।

## एक-नजर

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में अवेकेण्ड सिटिजन कार्यक्रम का आयोजन



**रांची :** सीबीएससी ने रामकृष्ण मिशन, गुडगांव के सहयोग से 6 मई 2024 को सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के परिसर में अवेकेण्ड सिटिजन कार्यक्रम '(प्रींसीपल्स ऑरिएंटेशन ऑन वेल्यु एजुकेशन) का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री समरजीत जाना, डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर, प्राचार्य, जवाहर विद्या मंदिर, रांची और श्रीमती परमजीत कौर, डेप्युटी सिटी कॉर्डिनेटर और प्राचार्या, सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची की उपस्थिति में किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता स्वामी शंतात्मानंद जी थे। सत्र के अन्य वक्ता डॉ. नंदिनी शेषाद्रि और डॉ. उर्मिला सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमद्भगवद गीता के श्लोकों से किया गया। सत्र की शुरुआत इस चर्चा से हुई कि नैतिक मूल्य हमारे जीवन में क्यों महत्वपूर्ण हैं तथा छात्रों को इन मूल्यों को प्रदान करना किसकी जिम्मेदारी है अनुभवात्मक शिक्षा, कार्यप्रणाली और जीवन जीने के मॉडल और आंतरिक मूल्यों को विकसित करने पर भी चर्चा की गई। सत्र में झारखंड के विभिन्न स्कूलों के 60 से अधिक प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया।

प्रचार्या, श्रीमती परमजीत कौर ने स्कूलों में ऐसे जागरूकता ब?ाने वाले सत्र आयोजित करने पर बल दिया, जो एनईपी 2020 के अनुरूप है और हमें अपने समाज में मूल्यों को आत्मसात करने के सार का एहसास कराता है और भविष्य के नागरिकों को हमारे मूल्यों के प्रति समर्पित होने में मदद करता है।

### भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का भुरकुंडा में खुला चुनावी कार्यालय

**भुरकुंडा (रामगढ)।** एनडीए के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के लोकसभा चुनावी कार्यालय का मंगलवार को भुरकुंडा जनता टॉकीज के समीप उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि बडकागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व मण्डल के सभी पदाधिकारियों द्वारा पूजा-अर्चना व नारियल फोडी गई। लोकसभा चुनाव को ले कार्यालय खुलने से भाजपाईयों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस दौरान लोगों ने भाजपा जिन्दाबाद, पीएम नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद के नारों के बीच भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया गया। उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से राधेश्याम अग्रवाल, योगेश दांगी, अखिलेश प्रसाद, सत्येंद्र नारायण सिंह, युगल नायक, अमरेश सिंह, सुखदेव प्रसाद, महेंद्र सिंह, अशोक सोनी, संजीव कुमार बावला, राजन पांडेय, ज्योति बाला, ज्योति सिंह, राजेश गुप्ता, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, अनुप कुमार सिंह, अखिलेश टोप्पो, बाबूलाल नायक, देव कुमार सिंह, लक्ष्मी देवी, खुशबू देवी, अंजू देवी, प्रकाश चनायक, कृष्णा यादव, प्रमोद सिंह, कमलेश सिन्हा, अनुपम पाठक, विनोद सिंह, सूरज शर्मा, उमेश सिंह, नागेंद्र सिंह, आकाश साहू, सुरेंद्र यादव, देवेंद्र सिंह, मनोज राजकुमार साव सहित मंडल के 14 शक्ति केंद्रो के संयोजक, सह संयोजक बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद थें।.

### अवैध शराब के विरूद्ध भदानीनगर पुलिस ने की छापामारी

**भुरकुंडा (रामगढ)।** लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ एसपी डॉ. बिमल कुमार के नेतृत्व में लगातार जिले में नशीले पदार्थ व अवैध शराब को लेकर छापामारी की जा रही है। इसी कडी में भदानीनगर पुलिस ने सोमवार को ओपी क्षेत्र के लपंगा कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय राजेश साव के किराना दुकान से अवैध शराब व बियर बरामद किया है। मंगलवार को भदानीनगर ओपी में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पतरातू एसडीपीओ बिरेंद्र कुमार राम ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि भदानीनगर क्षेत्र के लपंगा में राजेश साव अपने किराना दुकान में अंग्रेजी शराब का कारोबार करता है। इसके बाद एसपी के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन कर राजेश साव के किराना दुकान व घर में छापामारी की गई। इस दौरान उसके दुकान से मैकडॉवेलस व्हिस्की फूल 1 पीस, हाल्फ 4 पीस, नीब 4 पीस, 8 पीएम व्हिस्की हाल्फ 1 पीस, नीब 2 पीस, रॉयल स्टेज व्हिस्की हाल्फ 1 पीस, नीब 3 पीस, किंगफिशर बियर 3 पीस, गॉडफादर केन बियर 6 पीस बरामद किया। अवैध अंग्रेजी शराब बिक्री करने के आरोप में राजेश साव को गिरफ्तार उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, सअनि संजय कुमार सहित कुलेश्वर प्रसाद मेहता, सुकर महतो, रवि शंकर राम, अरविंद कुमार सिंह शामिल थें।

### सुरक्षा इंस्पेक्टर व हवलदार पर कोयला चोरो ने किया हमला

**गिद्दी।** सिरका परियोजना में मंगलवार दोपहर तकरीबन डेढ बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब सुरक्षा में तैनात सीसीएल सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम व हवलदार गंगा राम के ऊपर गस्ती के दौरान कोयला डिपो रेलवे लाइन के समीप कोयला चोरों ने घेरकर हमला कर दिया। हमले में सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम को चेहरे पर व हवलदार गंगा राम को छाती, पीठ समेत शरीर के अंदरूनी हिस्से में चोट लगी है। घटना के बाद इलाज के लिए दोनों स्वयं सीसीएल के नईसराय अस्पताल पहुंचकर इलाज करवाया। जहां समाचार लिखे जाने तक इलाज जारी था।

इस संबंध में सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम व हवलदार गंगा राम ने बताया कि हम लोग बाइक में सवार होकर सिरका परियोजना क्षेत्र का निरीक्षण के लिए नया कोयला डंप रेलवे लाइन की ओर गए थे।

जहां कुछ अवैध कोयला ले जाने वाले साइकिले दिखी, कोयला चोरों की नजर पड़ने पर वे भाग गए, बाइक से उतरने के बाद पैदल निरीक्षण के दौरान एकाएक घेराबंदी कर करीब आधा दर्जन कोयला चोरो ने हम लोगों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इसकी सूचना सिरका प्रबंधन को दी गई है। लेकिन अभी तक प्रबंधन बेखबर है घटना रामग? थाना क्षेत्र की है।.

### चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान

**गुमला ~** - स्वदेशी जागरण मंच मतदाता जागरूकता अभियान विविध क्षेत्र में जाकर चला रहा है स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक संतोष झा ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर मतदाता जागरूकता के लिए बहुत अच्छा प्रयास किया जा रहा है फिर भी पिछले चरण में हुए चुनाव को देखकर यह अंदेशा रहता है कि मतदान का प्रतिशत विविध कारन से बहुत कम रहा है अत~ सामाजिक दायित्व का निर्वहन सभी संगठन संस्थान को करना चाहिए और मतदाता जागरूक होकर सहजता से मतदान करें इसकी चिंता करनी चाहिए प्रशासन से भी आग्रह है कि प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए समाचार पत्र होल्डिंग आदि के माध्यम से पहुंचाएं लाइन में लगे मतदाता को सफेद टोपी छाता चना गुड़ जल आदि की सुविधा प्रदान करें एवं मतदान के पश्चात टोपी छाता कलेक्ट कर फिर दूसरे मतदाता को मुहैया कराएं जागरूकता अभियान में शम्मी जी निर्मल सिंह संदीप प्रसाद नवीन जायसवाल मनोज गुप्ता जयप्रकाश साहू नारायण उरांव गोपाल जयसवाल वीरेंद्र प्रसाद संजय भगत रंजीत जैसवाल विजय मिश्रा ओमप्रकाश जायसवाल प्रकाश नायक निरंजन कुमार कर्पूरी ठाकुर संजय सोनी शिशिर कुमार आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## हॉलपैक अनलोडिंग करने के दौरान कोयला चुनने वालों की लगती है भारी भीड़,पुनः हो सकता है हादसा



**गिद्दी।** अरगड्डा प्रक्षेत्र के सिरका परियोजना के न्यू वर्कशॉप के समीप रिहायसी इलाका में स्थानीय प्रबंधन के द्वारा सुरक्षा को ताक पर रखकर बैखौफ तरीके से पत्थर, मिट्टी( ओबी ) डालकर नया कोयला डंपिंग यार्ड बनाया जा रहा है। इसके बाद कोयला डंपिंग होनें से कोयला चुनने वालों की भीड़ यहां लग जाती है। खुली खदान सिरका से हॉलपैक मशीन के द्वारा ओबी, कोयला उठाकर उक्त स्थल पर गिराया जा रहा है। जिसके लिए महिला, पुरुष व बच्चों की डंपिंग इलाके में कोयला चुनने को लेकर जमावड़ा लग जाता है। इससे हॉलपैक बैक करने के दौरान हादसा होने की संभावना प्रबल होते जा रही है। हॉलपैक के द्वारा ओबी, कोयला को अनलोडिंग करने के दौरान कोयला लूटने के लिए ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर दौड़ प?ते है। लेकिन स्थानीय सिरका प्रबंधन के द्वारा इसे रोकने के लिए कोई भी उपाय नहीं किया जा रहा है। बताते चलें कि विगत 21 अप्रैल को पत्थर, मिट्टी ओबी डंपिंग पर एक व्यक्ति का शव दबे होने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। इसके बावजूद स्थानीय प्रबंधन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता न कर इसी हाल पर छो? दिया जा रहा है, इससे कोलियरी क्षेत्र असुरक्षित होता जा रहा है। वहीं सूत्रों की माने तो सिरका में चुनाव को लेकर सुरक्षा कर्मियों का भी अभाव होने की चर्चा है। लेकिन वरीय प्रबंधन गलत फैसले लेते हुए रिहायसी इलाके के समक्ष अब नया डंपिंग यार्ड बनाने का काम स्थानीय प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है, जो खतरे से खाली नहीं है। इस व्यवस्था से पुनः हादसा होने की प्रबल संभावना है।

## बरकाकाना बुद्धिजीवी मंच ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय सियुर का किया दौरा




**बरकाकाना।** बुद्धिजीवी मंच, पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बरकाकाना क्षेत्र के सभी उच्च विद्यालयों के उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले दस दस विद्यार्थियों को सम्मानित करने जा रहा है। अतः टॉप टेन की सूची का उपलब्ध कराने के लिए निवेदन पत्र देने के उद्देश्य से मंच की एक टीम सचिव डॉ शाहनवाज खान की नेतृत्व में उत्क्रमित उच्च विद्यालय सियुर (कंडेर) का दौरा किया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक अन्य अध्यापकों और छात्र छात्राओं से बातचीत कर विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। मंच के पदाधिकारीगण उक्त उच्च विद्यालय से संबंधित कई समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान टीम ने यह पाया कि इस कड़कती धूप में भी उक्त उच्च विद्यालय में पेय जल की व्यवस्था नहीं हैं जल की सुविधा नहीं होने के कारण शौचालय के उपयोग में भी दिक्कत है। एक बोरिंग है जो बेकार पड़ी है। शिक्षकों के अनुसार विषयवार कई विषयों के शिक्षक नहीं है। साथ ही किरानी और चपरासी जैसे शिक्षकेत्तर कर्मचारी शून्य होने की वजह से शिक्षकों को सारे कार्य खुद करने पड़ते हैं। ऊपर से विभाग द्वारा समय समय पर गैर शैक्षणिक कार्य में लगाया जाता है जिससे शिक्षण कार्य बाधित होता है। इस मौके पर मंच के सचिव डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि शिक्षा संपूर्ण विकास की धुरी है शिक्षा के बिना विकास की कल्पना ही नहीं है। अतः सरकारी स्कूलों के शिक्षा व्यवस्था में तब्दिली करनी चाहिए और पेय जल जैसे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। टीम में शामिल मंच के कोषाध्यक्ष मो सलीम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में सुधार जरूरी है जो उपरोक्त समस्याओं को दूर करके ही संभव है। टीम में उपकोषाध्यक्ष देवकी बेदिया, सह सचिव मदन दांगी, संगठन सचिव शिवशंकर बेदिया ।

## ग्रामीणों ने प्रखंड प्रसाशन से खराब जल मीनार को बनाने की लगाई गुहार



**घाघरा** प्रखंड के छोटा खापिया गांव में लगे मुख्यमंत्री नलजल योजना अंतर्गत सोलर जलमीनार विगत 1 वर्ष से खराब पड़ी हुई है। जिससे ग्रामीण कुआं के गंदे पानी पीने को लेकर बिवस है। इस आशय की जानकारी ग्रामीणों ने सोमवार को दिन के 2~00 बजे देते हुए बताया कि गांव में मुख्यमंत्री नलजल योजना अंतर्गत सोलर जलमिनार लगाया गया था। जो 1 वर्षो से खराब पड़ी हुई है।इस बाबत विभाग के कर्मियो को मौखिक तौर पर दूरभाष पर कई बार सूचना दी गई। इधर 4 महीने पूर्व भी सूचना दी गई। लेकिन उक्त सोलर जलमिनार को बनवाने की दिशा में कोई पहल विभाग द्वारा नहीं की गई।जिससे हम सभी ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हम सभी गांव में कुएं के गंदे पानी को पीने को विवश है।वहीं ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से उक्त सोलर जलमिनार को जल्द बनवाने का मांग किया है।ताकि तपती गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत न हो पेयजल स्वच्छ मिले।मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में रंथु उरांव, थीमा उरांव, जतरू उरांव,रमा उरांव, कर्मा उरांव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

शहजाद अनवर गुमला~ स्वदेशी जागरण मंच मतदाता जागरूकता अभियान विविध क्षेत्र में जाकर चला रहा है स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक संतोष झा ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर मतदाता जागरूकता के लिए बहुत अच्छा प्रयास किया जा रहा है फिर भी पिछले चरण में हुए चुनाव को देखकर यह अंदेशा रहता है कि मतदान का प्रतिशत विविध कारन से बहुत कम रहा है अत~ सामाजिक दायित्व का निर्वहन सभी संगठन संस्थान को करना चाहिए और मतदाता जागरूक होकर सहजता से मतदान करें इसकी चिंता करनी चाहिए प्रशासन से भी आग्रह है कि प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए समाचार पत्र होल्डिंग आदि के माध्यम से पहुंचाएं लाइन में लगे मतदाता को सफेद टोपी छाता चना गुड़ जल आदि की सुविधा प्रदान करें एवं मतदान के पश्चात टोपी छाता कलेक्ट कर फिर दूसरे मतदाता को मुहैया कराएं जागरूकता अभियान में शम्मी जी निर्मल सिंह संदीप प्रसाद नवीन जायसवाल मनोज गुप्ता जयप्रकाश साहू नारायण उरांव गोपाल जयसवाल वीरेंद्र प्रसाद संजय भगत रंजीत जैसवाल विजय मिश्रा ओमप्रकाश जायसवाल प्रकाश नायक निरंजन कुमार कर्पूरी ठाकुर संजय सोनी शिशिर कुमार आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

## पहले मतदान फिर जलपान का नारा हुआ बुलंद



**भुरकुंडा (रामगढ)।**आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस-प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कडी में भदानीनगर पुलिस ने ओपी क्षेत्र के भुरकुंडा रेलवे साईडिंग में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व कर रहे ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने मतदाताओं से कहा कि लोकतंत्र में वोट का बहुत महत्व है। आपका एक-एक वोट देश के विकास में अहम भूमिका निभायेगा। उन्होंने मतदाताओं से पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि रामगढ जिला में आगामी 20 मई को अपने क्षेत्र के विभिन्न बूथों में वोटिंग होगा। आप निर्भिक होकर बिना लोभ-लालच के निष्पक्ष तरीके से मतदान करें। अभियान में भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, सअनि संजय कुमार, कुलेश्वर प्रसाद मेहता, सुकर महतो, रवि शंकर राम, अरविंद कुमार सिंह, भाला यादव सहित साईडिंग में कार्यरत दर्जनो मजदूर शामिल थें।

## उपायुक्त ने स्वीप कोषांग के साथ की समीक्षात्मक बैठक




**गुमला~**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने स्वीप कोषांग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम चलाने के संदर्भ में कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया। इस क्रम में चुनावी प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश के अनुसार कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत को बढ़ाया जा सकें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्देश दिया कि स्वीप कैलेंडर के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम 7 दिनों में जिला में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाएं। जिसमें लोगों को वोट के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न स्टेक होल्डरर्स के साथ समन्वय व भागीदारी बढ़ाए जाए।।उन्होंने कहा कि कार्य योजना बनाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित किया जाए। ताकि आमजनों को मताधिकार के महत्व को बताया जाए।

उपायुक्त ने स्कूल, कॉलेज में स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। इसके आलावा प्रवासी श्रमिकों की वापसी पर उनसे भी मुलाकात करने की बात कही, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों के सौंदरीकरण पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

इस दौरान स्वीप कोषांग के जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।.

## कार्टून के अंदर डालकर नवजात शिशु के शव को झाड़ी में फेंका

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गुमला** - गुमला जिला मुख्यालय स्थित पालकोट रोड़ में राजन गैरेज के पीछे गड्ढे में एक नवजात शिशु का शव दफन होने की आशंका जताई जा रही हैं, क्योंकि उक्त गड्ढे की मिट्टी खोदने में जुटे हैं लावारिस कुत्ते, बताया जा रहा हैं की उक्त स्थान के झाड़ी में एक रस्सी से बांधा काटून फेंका गया था, जिसे बच्चों ने खेल खेल में उक्त काटून के रस्सी को खोल दिया और उक्त काटून के अंदर के एक नवजात शिशु का शव था , जिस पर उक्त गैरेज कर्मियों ने मिट्टी डालकर दफन कर दिया गया हैं, जिसे लावारिस कुत्तों द्वारा उक्त मिट्टी को खोदने में जुटे हैं, उक्त काटून में नवजात शिशु का हत्या कर काटून के अंदर डाला गया था, किसने फेंका उक्त नवजात शिशु को , यह एक रहस्य बना हुआ हैं, उक्त नवजात शिशु को जिंदा भी फेंक सकता था , ताकि बेऔलाद परिवार उक्त नवजात शिशु को अपना लेता या किसी अज्ञात व्यक्ति को भी दें सकता था , पर ऐसा नहीं किया गया, बल्कि उक्त नवजात शिशु की हत्या कर , एक काटून में डालकर फेंक दिया गया हैं , जिसका विरोध करते हुयें आम नगरवासियों के द्वारा उक्त नवजात शिशु हत्याकाण्ड को अंजाम देने वाले व्यक्ति पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की जा रही हैं, साथ ही साथ उक्त नवजात शिशु हत्याकाण्ड से रहस्य का पर्दा उठाने की भी मांग की जा रही हैं , की आखिर उक्त नवजात शिशु किसका है, क्या किसी कुंवारी मां का उक्त नवजात शिशु का रिश्ता था , या जिसने अपने लोकलाज के कारण उक्त नवजात शिशु को मौत के घाट उतार दिया और उक्त नवजात हत्याकाण्ड को अंजाम दिया गया ,जो सरासर कानूनी अपराध हैं और जो व्यक्ति भी उक्त नवजात शिशु हत्याकांड को अंजाम दिया हैं, उस पर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए,,,, लोगों ने उक्त घटना की जानकारी गुमला सदर थाना पुलिस को दे दी हैं।

# बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, गोपनीय पत्र मिलने की सीबीआई जांच कराने की मांग की

**रांची,** । भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ईडी द्वारा जब्त 35 करोड़ की राशि के मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में बाबूलाल ने कहा कि ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गए गोपनीय पत्र की प्रति ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के कर्मचारी के घर से मिला है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है कि कैसे एक गोपनीय पत्र निजी सचिव के कर्मचारी के आवास से मिला है। इसकी जांच कराई जाए।

मरांडी ने पत्र में लिखा है कि देशभर में नोट के बंडल के साथ मुख्य सचिव का पत्र मिलने की चर्चा हो रही है।झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। मुझे विश्वास है कि आप भी यह देखकर आश्चर्य चकित होंगे। लिखा है कि प्रवर्तन निदेशालय, रांची द्वारा 08 मई, 2023 को मुख्य सचिव, झारखंड को पत्र लिखा जाता है और दूसरे दिन नौ मई को मुख्य सचिव द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को कार्रवाई का आदेश दिया जाता है।



आश्चर्य है कि सचिव ने इस संवेदनशील मामले में कार्रवाई करने में कोई रूचि नहीं दिखाई। गंभीर मामला यह भी है कि ईडी द्वारा लिखा गया गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के कर्मचारी जहांगीर आलम के घर से ईडी की छापेमारी में नोटों के बंडल में मिलता है, जिस पत्र के आधार पर सचिव को भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करनी थी। इसे ही दबाकर भ्रष्टाचार के जरिए अकूत सम्पत्ति अर्जित करने का धंधा चलता रहा। एक तो भ्रष्टाचार करना और दूसरी ओर गोपनीय पत्र नौकर के आवास में नोटों के बंडल में मिलना अति गंभीर मामला है।

बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री से पूछा है कि आखिर यह गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के आवास में कैसे पहुंचा। इसमें किस पदाधिकारी की भूमिका है। जांच कराना आवश्यक है। साथ ही इस पत्र के संज्ञान पर भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होनी थी, उन्हें बचाया गया। इस षड्यंत्र में किसकी-किसकी भूमिका है? झारखंड की जनता को इसे जानने का अधिकार है। मुझे उम्मीद है कि आप इस मामले को गंभीरता से लेंगे।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने सोमवार को झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर के आवास में छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने 35 करोड़ से अधिक की नकद राशि जब्त की थी।

# कार्यकताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जीत की पटकथा लिखेगा एनडीए : अर्जुन मुंडा

**रांची,** । खूंटी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि एनडीए का हरेक कार्यकर्ता नरेन्द्र मोदी को फिर से एकबार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मेहनत कर रहा है। इस परिश्रम का सुखद परिणाम चार जून को देखने को मिलेगा। कार्यकताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से एनडीए जीत की पटकथा लिखेगा। खूंटी की जनता देश में सुशासन और दूरगामी लक्ष्य रखने वाली सरकार बनाने के लिए अपना मतदान हमारे पक्ष में अवश्य करेगी। अर्जुन मुंडा मंगलवार को बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एनडीए की बैठक में बोल रहे थे।

**ये वसूल नहीं, वसूली वाली सरकार है : सुदेश महतो**

आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार



महतो ने वर्तमान सरकार को इंगित करते हुए कहा कि ये वसूल नहीं, वसूली वाली सरकार है। जनजातीय समाज का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं। इनका उद्देश्य सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करना है। यह सरकार जनजाति वर्ग का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रही है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस समाज के गौरवपूर्ण विरासत को सुरक्षित और अक्षुण्ण रखते हुए उनके विकास के लिए कार्य करना हमारा दायित्व है।

सुदेश ने कहा कि इंडी गठबंधन ने राज्य की अर्थव्यवस्था पर डकैती डाली है। राज्य को खोखला कर दिया है। राज्य का आलम देख रही है जनता। ये सरकार राज्य के बेरोजगार युवाओं का गुनहगार है। गुनाह की सजा लोकतंत्र की अदालत में मिलेगी। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल के कार्यकाल में सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। इन्होंने अपने कारनामों से राज्य का नाम पूरे देश में बदनाम किया है। नीति, नियोजन का वादा कर सत्ता में आने वाले लोग खान संपदा को लूटने में मग्न हैं। जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए हम आपसी समन्वय और साझेदारी के साथ खूंटी समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे।इस दौरान कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में आवश्यक राजनीतिक परिवर्तन में आप सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। हर गांव हर घर तक अपनी पहुंच बनाएं और पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

## झारखंड हाई कोर्ट ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के मामले में गृह विभाग के प्रधान सचिव को किया तलब



**रांची,।** झारखंड हाई कोर्ट में कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने बुधवार को प्रधान सचिव गृह विभाग को कोर्ट में वर्चुअली उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पास पुलिस आउटपोस्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 62 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है।

लॉ यूनिवर्सिटी के खाली जगह पर बाउंड्री वॉल भी बनाया जाएगा।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के पुलिस पोस्ट के लिए 30 डिसमिल जमीन सरकार ने मुहैया कराई है, तो उसपर पुलिस पोस्ट का निर्माण क्यों नहीं कराया जा रहा है। उसके बगल में बिजली सब स्टेशन का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन इसे ऑपरेशनल नहीं किया गया है, वहां बिजली क्यों नहीं दी जा रही है। साथ ही यूनिवर्सिटी के सामने छह एकड़ जमीन सरकार ने दी है उसपर चहारदीवारी बनाई जाएगी या नहीं।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बुंडू के दो मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

रांची

**बुंडू प्रखंड में वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण में सुस्ती और कम वोटिंग प्रतिशत पर जताई नाराजगी**



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जहां लगातार दिशा-निर्देश दे रहे हैं, वहीं बूथों का निरीक्षण कर निर्देश पर अमल की निगरानी भी कर रहे हैं। इसी के तहत उन्होंने मंगलवार को रांची जिले के बुंडू प्रखंड क्षेत्र के दो मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बुंडू के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के मतदान केंद्र संख्या 69 एवं राजेंद्र आश्रम कन्या मध्य विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 72 का निरीक्षण किया।

रवि कुमार ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण, मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण एवं अब्सेंट, शिफ्ट, डेथ (एएसडी) सूची के अद्यतीकरण कार्य की गहराई से छानबीन की। इस कार्य में शिथिलता मिलने पर नाराजगी जताते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यदि संबंधित पदाधिकारी की लापरवाही के कारण किसी भी मतदाता को मताधिकार के प्रयोग में परेशानी की शिकायत आई तो कड़ी कार्रवाई होगी। निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य ससमय संपन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के लिए कैलेण्डर तय हैं। जिनकी भी जहां जिम्मेवारी है उन्हें निर्धारित समय से पूरा करना है। रवि कुमार ने निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने का निर्देश दिया। साथ ही शिथिलता बरते जाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने मतदाता मार्गदर्शिका एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण में तेजी लाते हुए शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही एएसडी की अपूर्ण सूची को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं की सहायता के लिए नियुक्त किये जाने वाले वालिंटियर से संबंधित सूची एवं मतदान केंद्र जागरुकता समूह की सूची का भी अवलोकन कर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# लोकसभा चुनाव में मतदाता पहचान पत्र बांटने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहा डाक विभाग

**रांची,** । झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे, पांचवें, छठे और सातवें चरण में मतदान होना है। इससे पहले सभी नए मतदाताओं तक मतदाता पहचान पत्र पहुंचाने की कवायद में डाक विभाग भी मशगूल है। विभागीय कर्मचारी नया वोटर आईडी कार्ड लोगों तक पहुंचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

इस संबंध में रांची के शहीद चौक स्थित डाक विभाग के कार्यालय में तैनात मुख्य डाकपाल एस गोराई ने बताया कि लोगों के घरों तक वोटर आईडी कार्ड पहुंचाने के लिए करीब 55 डाकिया काम कर रहे हैं जबकि 15 से 20 कर्मचारी कार्यालय में लगातार कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीने से यह काम लगातार चल रहा है। अब तक 15 से 20 लाख लोगों तक वोटर आईकार्ड पहुंचाने का काम किया गया है। साथ ही 25 मई से पहले रांची जिले के बचे हुए 55 से 60 हजार वोटर कार्ड मतदाताओं तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।




डाक विभाग के कर्मचारी नवनीत कुमार और नवीन कुमार का कहना था कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक व्यक्ति को शामिल होना चाहिए। यदि एक व्यक्ति भी मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाता है तो इसका असर देश की सरकार बनाने पर पड़ेगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति तक नया वोटर कार्ड पहुंचाने के लिए डाक विभाग जी-तोड़ मेहनत कर रहा है। 25 मई से पहले सभी के घरों तक नया वोटर आईकार्ड पहुंचे। इसके लिए सभी कर्मचारी युद्धस्तर पर लगे हुए हैं। जिन मतदाताओं के घर पर आईकार्ड पहुंचा और वो किसी कारणवश कार्ड रिसीव नहीं कर पाए उनको फोन कर कार्यालय बुलाया जा रहा है, ताकि हर मतदाता मतदान से पहले वोटर आईडी कार्ड प्राप्त कर लें और आसानी से वोट कर सकें।

डाकघर के कार्यालय में नया वोटर आईडी कार्ड लेने पहुंची मतदाता सुमन मांझी ने कहा कि जिस तरह से डाक विभाग जिले के प्रत्येक नागरिक को उनका वोटर कार्ड तत्परता से पहुंचा रहा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि रांची में मतदान के दिन ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान केंद्र तक पहुंचेंगे और मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे।

# झारखंड हाई कोर्ट ने कहा, रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री की जड़ तक पहुंचना होगा

**रांची,** । झारखंड हाई कोर्ट ने रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर मौखिक नाराजगी जताते हुए कहा कि राजधानी रांची में ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं रहा है। रांची एसएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी राजधानी में ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक नहीं लग पा रहे हैं। ड्रग्स बिक्री के मुख्य सूत्रधार पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए। ड्रग्स की खरीदी-बिक्री की जड़ तक पुलिस को पहुंचना होगा।

कोर्ट ने कहा कि पुलिस केवल छोटे-छोटे ड्रग्स विक्रेताओं को ही पकड़ रही है। ड्रग्स की खरीद-बिक्री के मुख्य सूत्रधार अभी भी खुले घूम रहे हैं, जिस कारण ड्रग्स के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। कोर्ट ने मामले में डीजी




सीआईडी को ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोकथाम पर एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी झालसा को प्रतिवादी बनाया है।

कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि रांची में जिन थाना क्षेत्रों में ड्रग्स की खरीद-बिक्री अभी भी चल रही है वहां के थाना इंचार्ज ने क्या कार्रवाई की है। इसके अलावा जो पुलिस अधिकारी ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने में असफल रहे उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है।

साथ ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी ड्रग्स की रोकथाम पर राज्य की पुलिस एजेंसी के साथ मिलकर कार्रवाई करने को कहा है।राजधानी रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर छपी खबर को हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है।

जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। खंडपीठ ने कहा था कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करने वाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल है उन्हें चिह्नित किया जाए और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाए। कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर रिपोर्ट मांगी थी।

## 13 मई को सुबह पांच बजे मतदान केंद्रों में पहुंच जाएं मतदानकर्मी : जिला निवार्ची पदाधिकारी

**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव के मद्येनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए मंगलवार का प्रतिनियुक्त पोलिंग अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त 320 एवं 280 मतदानकर्मी शामिल हुए। यह उनका अंतिम दौर का प्रशिक्षण था।खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों के लिए बिरसा कालेज, खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों के लिए लोयला इंटर कालेज, खूंटी में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। प्रशिक्षण के दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई और उनके कार्य और दायित्वों से अवगत कराया गया। साथ ही आइएलएमएस एप्प के माध्यम से मतदान कर्मियों की कार्य दक्षता की जांच की गयी।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि विविध चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा आप सभी को निर्वाचन की तमाम प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया है। उम्मीद है कि आप सभी अपने कार्य दक्ष होकर चुनाव कार्यों का सफल निष्पादन करेंगे। उन्होंने मतदान कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि डिस्पैच सेंटर से प्रस्थान करने से लेकर मतदान केंद्रों पर आपकी सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किया गया है। आप सभी निर्भीक होकर चुनाव पर्व में अपने कार्य और दायित्व का निर्वहन करेंगे।

उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को समय पर बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम,बिरसा कॉलेज,खूंटी परिसर में बनाये जा रहे है डिस्पैच सेंटर पर पहुंचने का निर्देश दिया,

## सार-संक्षेप

### मांडर डीलर संघ की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली




**मांडर ।** मतदाताओं को जागरूक करने एवं अपने वोट के अधिकार के प्रति सचेत करने के लिए मांडर डीलर संघ द्वारा मंगलवार को रैली निकाली गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरूआत की गई। नेतृत्व करते हुए संघ के अध्यक्ष अमिताभ कुमार पाठक ने बतलाया कि यह रैली लोगों को बीच अपने वोट के अधिकार को बतलाने के लिए की गई है लोगों को यह बतलाना है कि हमें अपने वोट अधिकार एवं मतदाता होने के लिए गर्व का अनुभव करना चाहिऐसाथ ही इस रैली से लोगों को अपने वोट के लिए सजग होने एवं भारत के नागरिक का कर्तव्य बौद्ध के साथ वोट देने के लिए तत्पर रहने की बात समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए एक प्रयास है। रैली माडार प्रखंड कार्यालय से होते हुए मांडर चौक, मिशन चौक से वापस कंदरी करकरा पुंगी होते हुए वापस मांडर कार्यालय पहुंच कर एक सभा की गई। रैली में प्रमुख ?फिलिप्स सहाय एक्का, शंकर प्रसाद, कृष्ण, महमूद आलम, अशोक राम, सुनील सिंह, मसरूर अंसारी, नईम, मुमताज अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सोशल मीडिया पर #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कर रहा ट्रेंड

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के कार्यालय द्वारा # मैं भी इलेक्शन एंबेसडर अभिया हैशटैग अभियान ट्वीटर (एक्स) पर मंगलवार शाम में ट्रेंडिंग में आ गया। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अभियान से जुड़े सभी मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर को धन्यवाद कहा।

रवि कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित इस सफल अभियान में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की संख्या में पोस्ट हुए। इस तरह के अभियान से सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को जागरूक करने में सहायता प्राप्त होगी।

### राज्य में तपती गर्मी के बीच राहत बनकर बरसीं बारिश की बूंदे

**रांची,** । राज्य में मंगलवार की शाम मौसम ने करवट ली। शाम होते ही राज्यवासियों को तपती गर्मी से थोड़ी राहत मिली। राजधानी रांची, रामगढ़ और गुमला समेत कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश हुई। दोपहर बाद कुछ जिलों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे लोगों को गर्मी की तपिश से राहत मिली। रांची में बूंदा-बांदी से मौसम सुहाना हो गया। राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया था।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आठ और नौ मई को राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कई जगहों पर 10 और 11 को भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश देखने को मिलेगी। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। रांची, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका और देवघर में ओलावृष्टि हो सकती है। तेज हवाएं (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### रांची पुलिस ने उग्रवादियों के खिलाफ चलाया अभियान, एक बाइक बरामद

**रांची।** रांची पुलिस ने बुढ़मू थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी( टीएसपीसी) के उग्रवादियों के जमावड़े की सूचना पर मंगलवार को छापेमारी की। पुलिस का भनक लगते ही उग्रवादी जंगल में भागने लगे।उग्रवादियों को पुलिस टीम के जरिये काफी दूर तक पीछा किया गया। लेकिन उग्रवादी घने जंगल एवं पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस टीम ने सर्च के दौरान उग्रवादियों का एक लुटा हुआ अपाची बाइक बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में थाना प्रभारी बुढमू, क्यूआरटी और झारखंड जगुआर की टीम ने इलाके में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान उग्रवादियों का एक लूटा हुआ बाइक बरामद किया गया है।

### निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** बरियातू के सेना के कब्जे वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में शामिल निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी कोर्ट में पेशी हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को सभी आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। अदालत ने अगली पेशी की तिथि 21 मई निर्धारित की है।

मामले में छवि रंजन के साथ बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, तल्हा खान, फैयाज अहमद एवं अमित अग्रवाल आरोपित हैं।

झारखंड सरकार,
उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग।
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राँची जिला में कार्यरत सभी खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत एवं किसी प्रकार का उत्पाद विषयक शिकायत वाट्सएप मोबाइल संख्या 9431170128, 9431150389, 9110031469, 7004456968, 6204495410, 9431325577, 6201708918, 9031380385 एवं 9507175433 पर दर्ज कराई जा सकती है।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा।

सूचना देनेवाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

ह०/–
उपायुक्त राँची।
PR 324522 Ranchi(24-25)D

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की स्कार्पिओ के साथ एक युवक गिरफ्तार, जेल




**दारु।** थाना प्रभारी शफीक अंसारी ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पुनाई पंचायत के जरगा से एक सफेद रंग की स्कार्पिओ के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक्का नाम सुजीत कुमार पिता वकील ठाकुर है को की टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो का रहने वाला है जिसे चोरी की सफेद् रंग की स्कॉर्पियो वाहन संख्या बी आर 31 पी ए 5286 के साथ जरगा से गिरफ्तार किया गया। इस मामले मे बरामद वाहन बिहार क्षेत्र का है जिसकी बिस्तृत जानकारी नही मिल पायी है। गिरफ्तार युवक को मंगलवार को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

### बरांय निवासी प्रवासी मजदुर जगदीश महतो की अजमेर में हुई मौत



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बरांय पंचायत स्थित भेलवाटांड़ निवासी भुनेश्वर महतो के 36 वर्षीय पुत्र जगदीश महतो का राजस्थान के अजमेर में एक सड़क दुर्घटना में बीते दिन मौत हो गई। दुर्घटना की दु:खद खबर सुनकर पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। जगदीश महतो अपने पिछे पत्नी एवं एक बेटी को छोड़ चले गए। प्रवासी श्रमिक की मौत से गांव में शोक के साथ साथ परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं उसी गांव के एक मनोज महतो भी दुर्घटना के दौरान वाहन में सवार थे वह गंभीर रूप से घायल है। मनोज महतो की स्थिति भी नाजुक बनी हुईं है। फिलहाल मृतक का शव राजस्थान में ही है। मृतक ट्रांसमिशन लाइन कंपनी में कार्यरत थे। इस दु:ख की घड़ी में जेबीकेएसएस के केंद्रीय युवा सह सचिव मो० शाहिद अंसारी सहित सभी ग्रामीणों के द्वारा मृतक को मिलने वाले सभी लाभ के एवम मृतक के शव को गांव लाने की प्रक्रिया को पूरी करने में लगे हुए हैं।

### चरही में बीजेपी चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**चरही।** हजारीबाग लोकसभा बीजेपी एनडीए का मंगलवार को चुनाव कार्यालय का चरही स्थित जगदंबा कॉम्प्लेक्स में किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में अतिथि भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केपी ओझा, अरविंद सिंह, आजसू हजारीबाग लोकसभा प्रभारी परमेश्वर महतो और चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर महामंत्री रोहित महतो, संजय साव, आशा राय, सुनिता देवी, शशी साव,डॉ रामसेवक प्रसाद, प्रविल यादव, राकेश सिंह, योगेन्द्र सिंह, ललन शर्मा, बिक्की सिंह, गौतम सिंह, आशुतोष कुमार, लोकनाथ महतो, प्रकाश प्रजापति, पारस महतो, बाली चरण साव, देवनंदन साव समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**भाजपा सांसद प्रत्याशी ने कार्यकर्ता और जन संवाद के बाद विभिन्न सामाजिक, व्यवसायिक संगठनों के साथ शुरू किया जनसंपर्क, सभी ने दिया समर्थन का भरोसा**

# आप आशीर्वाद दें, मैं सांसद बनकर आपके सुख-दु:ख का भागी बनूंगा:मनीष जायसवाल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने पिछले करीब दो महीने से अधिक समय से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में अलग-अलग भाजपा मंडलों सहित एनडीए घटक दल में शामिल राजनीतिक दल आजसू, जदयू और लोजपा (रामविलास) के कार्यकताओं संग बैठक करके और मिलकर समन्वय व परिचयात्मक कार्यक्रम चलाया और कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए चुनावी मैदान में कूदने का अपील किया। जिसके बाद उन्होंने एक विशेष रणनीति के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा मांडू विधानसभा, बड़कागांव विधानसभा, सदर विधानसभा, बरही विधानसभा और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन के अनुरूप मंडलवार गांवों का तुफानी जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान चलाया और क्षेत्र के लगभग प्रमुख गांवों का दौरा करने के उपरांत अब उन्होंने समाज के विभिन्न सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों के बीच जनसंपर्क अभियान शुरू किया। मनीष जायसवाल ने सोमवार और मंगलवार को रामगढ़ जिले के विभिन्न सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों के लोगों से मिले और उनके संग बैठक कर आने वाले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रहित और समाजहित के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। रामगढ़ के अलग-अलग जगहों पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मारवाड़ी समाज, मधेशिया समाज, सिख समाज, क्षत्रिय समाज, ब्रह्मऋषि समाज, दलित समाज, कुशवाहा समाज, ब्राह्मण समाज, चेंबर ऑफ कॉमर्स, रोटरी क्लब, लायंस क्लब सहित अन्य के साथ बैठक कर भाजपा और अपने पक्ष में आगामी 20 मई को होने वाले लोकस्बाहा चुनाव में मतदान करने का अपील किया। सभी सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों के लोगों ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को आश्वस्त किया कि हमारा अपार जनसमर्थन आपके साथ रहेगा और आपकी जीत ने हम सभी अहम भूमिका निभाने को तैयार हैं। मौके पर भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा की मैंने राजनीति हमेशा सेवा भाव से किया है। सामाजिक समरसता, सामाजिक प्रेरणा और सामाजिक दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए हजारीबाग के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में हर वर्ग के लोगों का सकारात्मक समर्थन मुझे प्राप्त हो रहा है। मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि आपका आशीर्वाद रहा तो सांसद बनकर आपके सुख-दुःख का भागी बनूंगा।

## रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के 6 वार्डों का बीजेपी सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने किया सघन दौरा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** लोक सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के करीब 06 वार्डों का तुफानी दौरा कर अलग अलग जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद किया। इस दौरान कई वार्डों में रामगढ़ जिले के सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों के साथ विशेष बैठक की और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा। मनीष जायसवाल ने रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दौरे की शुरूआत सुबह निर्धारित समय पर वार्ड संख्या-08 स्थित रामगढ़ गुरुद्वारा से किया। जहां सिख समाज के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जिसके बाद वार्ड संख्या-06 स्थित विकास नगर और वार्ड संख्या-07 स्थित छोटकाकाना में लोगों के बीच सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। वार्ड संख्या-01 में क्षत्रिय महासभा की बैठक में शामिल हुए और इसी वार्ड में शास्त्री नगर का दौरा कर लोगों से अपने लिए आशीर्वाद मांगा। दिनेश पाठक के आवासीय परिसर में ब्राह्मण समाज के साथ बैठक किया। वार्ड संख्या- 04 में कोइरीटोला में दलित समाज के साथ और इसी वार्ड के कुशवाहा धर्मशाला में कुशवाहा समाज के साथ बैठक किया। वार्ड संख्या-05 में लाइंस क्लब और किसी वार्ड के चेंबर भवन में चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक किया। वार्ड संख्या-06 में पतरातु बस्ती में लोगों के बीच पहुंचे और उनके बीच जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील किया। इस दौरान मनीष जायसवाल का रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में जोरदार स्वागत हुआ।

## हजारीबाग लोकसभा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा संगठन से इस्तीफा देकर जताया विरोध

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व सह स्थानीय जिला भाजपा संगठन के तानाशाही रवैया से अपमानित होकर हजारीबाग लोकसभा के समर्पित कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी से अपना पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा प्रदेश नेतृत्व झारखंड प्रदेश व भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग तथा रामगढ़ को सौंप रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है संगठन द्वारा लगातार अपनी अनदेखी और अवहेलना किए जाने से अपने आप को अपमानित महसूस कर रहे हैं। हम कार्यकर्ताओं को जानबूझकर इस लोकसभा के चुनाव कार्य से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को निकल बाहर किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि लोकसभा के चुनाव में पूर्व में जिन कार्यकर्ताओं को चुनाव कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी, उनको बिना कारण ही हटा दिया गया। इस्तीफा देने वालों ने आरोप लगाया कि शीर्ष नेतृत्व ने भी कोई संज्ञान नहीं लिया है। सब ऊपर से लेकर नीचे तक मिले हुए हैं। समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता जो भाजपा के शुरूआती काल से पार्टी की सेवा करते आ रहे हैं। उनको अपमान का घूंट पीना पड़ रहा है। इस कारण त्यागपत्र देने वाले कार्यकर्ताओं में काफी रोष है, जिसका खामियाजा लोकसभा चुनाव में पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। यह सिलसिला अभी लगातार चलता रहेगा।

**विश्व रेड क्रॉस दिवस पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन**

## मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के विशेष सहयोग आयोजित




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

- **समस्त जिले वासियों से आग्रह करती हूं कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर रक्तदान शिविर को सफल बनाएं: डीसी नैंसी सहाय**
- **18 वर्ष आयु से 60 वर्ष के आयु तक के हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए: तनवीर सिंह**

**हजारीबाग।** मानवता के प्रति हर कोई एक दूसरे की मदद के लिए बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता है इसी दृष्टिकोण से विभिन्न संस्थाओं के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा 8 मई विश्व रेड क्रॉस दिवस के शुभ अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान के स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन हजारीबाग के नए समाहरणालय भवन में आयोजित किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर सुबह 10:30 बजे विधिवत रूप से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डीसी नैंसी सहाय सहित कई जिला पदाधिकारी शामिल रहेंगे। हजारीबाग रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष विश्व रेड क्रॉस दिवस के दिन ऐसी कार्यक्रम आयोजित की जाती है। ताकि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे को रक्त की कमी ना हो हजारीबाग जिले में करीब 200 से भी अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे हैं। रक्तदान शिविर को लेकर हजारीबाग की डीसी नैंसी सहाय ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें बहुत ही सराहनीय कार्य भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा किया जा रहा है, पदाधिकारी एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देता हूं। मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन विश्व रेड क्रॉस दिवस के दिन किया गया है।18 वर्ष आयु से 60 वर्ष के आयु तक के हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस कार्यक्रम में समस्त हजारीबाग वासी सादर आमंत्रित है आप आए रक्तदान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश करें।

## ओबीसी कांग्रेस ने केरेडारी में चलाया जनसंपर्क अभियान



उज्जवल दुनियां संवाददाता

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड में ओबीसी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम कुमार के आगूवाई में बालेदेवरी बेंगवारी, चटीबरियातु, कोदवे देशवारी, जोरदाग गांव के आमजनों के बीच कांग्रेस के गारंटी कार्ड का वितरण किया! गारंटी कार्ड के माध्यम से लोगों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में वोट देने की अपील किया!! अभियान में शामिल मुख्य रूप से कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बताया कि इस बार का वोट देश की हालात बदलने के लिए है ! आगे कहा कि इसी हाथ छाप से देश की हालात बदलेगा! लोगों से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के लिए लोगों से आशीर्वाद के रूप में अपना बहुमूल्य वोट मांगा! ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार साहू ने कहा कि हम सभी कांग्रेस पंचायत के हर एक एक बूथ तक जाकर कांग्रेस के पक्ष में वोट दिलवाने के लिए तत्पर रहेंगे और कांग्रेस की गारंटी कार्ड सभी महिला, युवा साथियों के साथ सभी वर्गो तक पहुंचाएंगे! इस दौरान वरीष्ट कांग्रेस नेता रामकुमार दुबे,जिला महासचिव सुनिल साहू, जिला सचिव प्रमेश्वर कुमार, संजय साव, लोकेश कुमार, अमित कुमार, आनन्द, महेंद्र साव साथ उपस्थित थे!

## लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने बड़कागांव में किया प्रेस वार्ता

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बडकागांव।** बड़कागांव लोकसभा क्षेत्र में तमाम मीडिया बंधुओ के साथ रुक्मणी भवन बडकागांव में एक प्रेस वार्ता किया। जहाँ बडकागांव मीडिया बंधु को संबोधित करते हुए राजनीति में आने के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य समाज सेवा, समस्त हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधना, देश की बहन बेटियों की सुरक्षा, भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी दूर करने के साथ-साथ समस्त हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधना है। आज बडकागांव क्षेत्र की जनता जिन समस्याओं से जूझ रही है वो किसी से अछुता नही है। इस क्षेत्र में विकास के नाम राजनीति कर लोगों को ठगने का काम किया गया है। ऐसी ठग वाली राजनीति से लोगों को बचाना है। यहां के लोगों को उनका सही हक और न्याय दिलाने का काम करूँगा। इस मौके पर हिन्दू युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मेहता ने कहा कि मेरे संघ का समर्थन श्री केशरी के साथ है। आज जिस तरह से क्षेत्र में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी, को बढ़ावा देते हुए क्षेत्र के विकास को ठेंगा दिखाया गया है वैसे में जरूरत है केशरी जैसे कर्मठ युवा समाजसेवी के हाथों में कमान सौंपने का। सुजीत मेहता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रामसेवा संगठन ने कहा कि जिस तरह से जात-पात की राजनीति कर नेताओं ने हम लोगों को ठगा है आज समस्त हिन्दू परिवार आहत है। इसलिए हम सब संगठन एकजुट होकर केशरी के समर्थन में खड़े है। मौके पर दीप प्रकाश नारायण संगठन महासचिव हिन्दू राष्ट्र संघ झारखण्ड ने कहा कि केशरी का राजनीति में आना आज समय की मांग है । संघर्षों से हमेशा नाता रहा है ऐसे में हर संघर्षशील युवा के प्रेरणा है केशरी। आज हर कोई गंदी मानसिकता वाली राजनीति के षडयंत्रो का शिकार है। ऐसी मानसिकता वाली राजनीति से हजारीबाग संसदीय क्षेत्र को बचाकर मजबूत लोकतंत्र की स्थापना करने की जरूरत है। अंत में सभा को संबोधित करते हुए मीडिया बंधु के माध्यम से लोगों से अपील करते हुए केशरी ने कहा कि मैं लोगों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़ा हुआ हूँ। मेरा चुनाव चिह्न गुब्बारा छाप है। अपना प्यार और आशीर्वाद मुझे दे। मैं आपके विश्वास पर हमेशा खरा ऊतरूँगा। हमेशा आपके साथ खड़ा रहूँगा।

**यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली**

## मतदान करने के लिए लोगों को किया प्रेरित




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** विभावि अंतर्गत यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के लीगल एड सेल के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को लोगो के बीच मतदान को लेकर जागरूकता लाने के लिए छात्रों ने एक रैली निकाली, जो कॉलेज परिसर से शुरू होकर आस पास के प्रमुख सिंदूर चौक चौराहे, होते हुए पुनः कॉलेज परिसर पहुंची। रैली के दौरान छात्रों ने विभिन्न नारों के साथ साथ जन संपर्क के माध्यम से लोगो को मतदान के महत्वों को समझाया तथा कुछ लोगो में मतदान के प्रति व्यापत उदासीनता को भी दूर करने की कोशिश की गई।इस दौरान लोगों से अपील की गई कि वो संवैधानिक संस्था द्वारा दिये गए अपने 'मतदान' के अमूल्य अधिकार का प्रयोग करें एवं लोकतंत्र के इस महापर्व 'चुनाव' को बिना किसी भेदभाव के और पूरे उमंग से मनाएं और देश की दशा और दिशा तय करने में अपनी भागीदारी जुटाएं। याद रखें आपकी एक वोट सिर्फ आपकी नहीं बल्कि देश की किस्मत का फैसला कर सकती हैं। इस अभियान की अध्यक्षता प्राचार्य रश्मी प्रधान ने की। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का के अहम हिस्सा है। चुनाव के द्वारा ही लोकतंत्र का निर्माण होता है। देश के निवासी ही चुनावों के माध्यम से देश का भविष्य तय करते हैं। मतदाताओं के इसी महत्व को प्रभावशाली बनाने के लिए लीगल एड सेल द्वारा रैली निकल गई जिसमें शिक्षक अभिषेक राज और छात्रों में लवकुश पाण्डेय, गुलाम सर्वर, अंकित कुमार, काजल, वान्या सिंह, मुकेश, आकृति, आशुतोष पाण्डेय, रिद्धि कुमार विकी, स्नेहलता, सागर, राकेश, ममता कुमारी, राजेश आदि छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्ति की।

# सी विजिल एप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत, 100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई

**जागरूक बनें और चुनाव के निष्पक्ष संपादन में प्रशासन का सहयोग करें**

**स्वतंत्र, पारदर्शी एवं निष्पक्ष के लिए चुनाव आयोग की पहल**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सी-विजिल मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है।




सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉग इन (छ्ङ्खल्ल) कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं।

### क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है।

सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है । चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर आयोग के 'आंख नाक कान' बनकर सजक मतदाता की भूमिका निभायें ।

### शिकायत का निष्पादन कैसे होता है।

शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

### एप से क्या-क्या शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट/कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है । बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी शशिकायतें की जा सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चुरचू में गजराजों का तांडव, सीआरपीएफ कैंप के चाहरदीवारी किया क्षतिग्रस्त, फसल किया नष्ट

**चरही।** चुरचू थाना क्षेत्र के जंगल में दो दिनों से गजराजों का झुंड तांडव मचा रहा है। हाथियों के डर से ग्रामीण भय के साये में जीवन जीने को मजबूर हैं। यहा तक कि सीआरपीएफ के जबान भी दहशत में हैं। बीते रात चुरचू स्थित सीआरपीएफ कैंप के चहारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर दिया है। ग्रामीणों का खेत और बारी में लगे फसल को नष्ट कर दिया। चुरचू जंगल में पीछले दो दिनों से लगभग 22 जंगली हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना है। सीआरपीएफ कैंप के चाहरदीवारी क्षतिग्रस्त होने से जवानों का हाथियों का भय सता रहा है। चुरचू बीडीओ ललित राम और चुरचू थाना प्रभारी ने सीआरपीएफ कैंप और किसानों के क्षतिग्रस्त खेतों का निरीक्षण कर मुआवजा देने की बात कही। वही वन विभाग द्वारा किसी प्रकार की सहयोग नहीं होने पर सीआरपीएफ कैंप के लोग नाराजगी जताई। साथ ही वन विभाग प्रशासन से जल्द क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल को बनाने की मांग की है। वन विभाग को कई बार फोन से सूचित किया गया। लेकिन समाचार लिखें जाने तक वन विभाग के कोई पदाधिकारी या वनकर्मी नहीं पहुंचे थे।

### दारु मे चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



दारु । भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को दारु चौक मे किया गया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण राणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रकाश दयाल, रंजीत कुमार सिन्हा, ओमप्रकाश कुशवाहा,रामनरेश कुशवाहा, प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता कटकर और नारियल फोड़ कर किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, मनीष जायसवाल जिंदाबाद के नारे जमकर लगे। इस दौरान बलदेव बाबू, राजन सिन्हा, भैया सुमित कुमार, विजय यादव ,संजय कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, राजेंद्र राम,रविंद्र कुमार, अरविन्द कुमार, मनोज मंडल, प्रमोद पासवान, बिट्ठू रवानी, योगेश्वर प्रसाद,राजेश कुमार, रविंद्र राणा, मोहन ठाकुर,नारायण कुशवाहा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### केंद्र में अबकी बार 400 पार करेगी भारतीय जनता पार्टी : मनोज

**बरही।** लोकसभा चुनाव को लेकर बरही पटना रोड भगवान केशरी के आवास में भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन मंगलवार को विधानसभा संयोजक सह बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा प्रदेश के पूर्व मीडिया प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सांवरमल अग्रवाल, जिला महामंत्री सुनील साहू, वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित साहू सहित कई भाजपाइयों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हजारीबाग लोकसभा में जीत सुनिश्चित है, इस बार झारखंड के सभी 14 सीटो पर भाजपा और भाजपा के सहयोगी दलों के प्रत्याशी विजय होंगे। कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी 400 पार करेगी। वहीं सांवरमल अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग को सम्मान मिल रहा और सभी के विकास के लिए योजनाएं चलाई जा रहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी आज जो अपने सर्वोच्च शिखर पर है, उसमें कार्यकर्ता सहित सभी प्रबुद्धजनों का विशेष योगदान है।

# हजारीबाग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल चुरचू के विभिन्न गांवों का किया दौरा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चरही।** जैसे जैसे वोटिंग का दिन नजदीक आता जा रहा है क्षेत्र में चुनाव की गर्मी बढ़ता जा रहा है। नेता जी भी क्षेत्र में भ्रमण कर जनता से विकास करने के बादे कर रहे है। मंगलवार को हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल मांडू विधानसभा के चुरचू प्रखंड के कई गांव में जनसंपर्क किया। इस दौरान ग्रामीणों ने गर्मजोशी से जेपी पेटल का जगह जगह पर स्वागत किया। सर्वप्रथम प्रखंड के आंगो पंचायत के ग्रामीणों का संबोधन किया। वंहा से निकलने के चुरचू, चनारो, चरही, इंदिरा, हेंदेगढा, जरबा, गोविंदपुर, गरगाली समेत अन्य गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही मांडू प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि मांडू विधानसभा में विधायक मद से कई योजना लाए है। एक बार हजारीबाग लोकसभा में आप लोग कांग्रेस पार्टी को वोट देकर भारी मतों से जिताए। मैं आप सभी के बीच के व्यक्ति होने के चलते इस बार आपलोक एक बार दिल्ली जाने का मौका दें। साथ ही कंहा की जब से बीजेपी केंद्र में आई है तबसे मंहगाई चरम पर है। आमजनों का बुरा हाल है। जनसंपर्क अभियान में चुरचू प्रखंड के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

**क्षेत्र में विकास करने का दिया भरोसा**

## कांग्रेस बुथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखो की बैठक आयोजित, कांग्रेस गारंटी कार्ड का किया गया वितरण



बरही। हजारीबाग लोकसभा के इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने और राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही प्रखंड अन्तर्गत रसोइयाधमना पंचायत में लोकसभा चुनाव के लिए बरही कांग्रेस प्रखंड कमिटी के द्वारा नियुक्त पंचायत प्रभारी रिजवान अली के नेतृत्व एवं पंचायत अध्यक्ष मो तैय्यब अंसारी की अध्यक्षता में सभी बुथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखो की बैठक हुई। नियुक्त प्रभारी रिजवान अली ने बैठक में शामिल सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस बार संविधान की रक्षा करने और अपनो की सुरक्षा के लिए अपना हक अधिकार पाने के लिए एक एक आम मतदाता चुनाव स्वयं लड़ रहे हैं। कहा कि अपना एक एक कीमती वोट इंडिया गठबन्धन को देने को तैयार हैं। इस बार मतदाता बदलाव के मुड़ में हैं। कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार केन्द्र में बननी तय हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया की कांग्रेस पार्टी की गारंटी कार्ड एक एक मतदाता तक पहुंचाने का काम करें। बैठक में मुख्य रूप से बरही विधायक

### हाथ ही बदलेगा देश की हालात : रिजवान

प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग सह पंचायत चुनाव प्रभारी रिजवान अली, बरही कांग्रेस पार्टी पंचायत अध्यक्ष मो तैय्यब अंसारी, बरही प्रखंड के कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक अध्यक्ष गुलजार अंसारी, बुथ अध्यक्ष मो तबरेज अंसारी, मो अख्तर, मो नईम, राजकुमार यादव, एमडी मकसूद, मो मनोवर, अब्दुल गनी, सेराज अहमद, मो सरफराज, शहादत हुसैन, संजय रविदास,एमडी समशेर, मो मिन्हाज, मो अख्तर सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

**विश्व हिन्दू परिषद के बरही प्रखंड अध्यक्ष बनें निरंजन**

## लोकतंत्र महापर्व में अधिक से अधिक भागीदारी निभायें मतदाता : निरंजन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** विश्व हिंदू परिषद बरही की मासिक बैठक प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केशरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग जिला मंत्री अरविन्द मेहता सशरीर उपस्थित हुए। इस बैठक में पिछले बैठक में लिए गए प्रस्तावों की समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत जिला मंत्री ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 12 मई से लेकर 18 मई तक सीता नवमी के रूप में मनाना है और प्रखंड में अधिक से अधिक कार्यक्रम होना सुनिश्चित करना सभी कार्यकताओं की जवाबदेही है। सब लोग मिलकर अधिक से अधिक कार्यक्रम करें ताकि समाज में सीता नवमी के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़े। कार्यकताओं के बीच नव दायित्व की घोषणा करते हुए जिला मंत्री ने निरंजन केशरी को प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि अभी हमलोगों के सामने लोकतंत्र का महापर्व है जिसमें अबतक मतदाताओं की भागीदारी केवल 60% तक ही सीमित है जो देश और धर्म के लिए चिंता का विषय है ऐसी स्थिति में सही प्रत्याशी का चुनाव कर पाना कठिन हो जाता है इसलिए अपने हक और अधिकारों के संरक्षण के लिए मतदाता अपने कर्तव्य का पालन अवश्य करें। अपने घरों से निकलकर अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें और देश की दशा और दिशा बदलने का कार्य करें ताकि आपके अधिकार सुरक्षित रह सकें। इस हेतु विहिप के कार्यकर्ता बंधु योजना बनाकर मतदाताओं को बुथ तक ले जाने और मतदान कराने की कोशिश करें। इस बैठक में जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, जिला मिलन प्रमुख सुमंत पांडे, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष संजय राणा, बजरंग दल सहसंयोजक नीतेश कुमार, अर्जून साव, केदार यादव, डिलो पासवान, दिलीप यादव, नारायण यादव, रामेश्वर यादब, धर्मेन्द्र कुमार, शशि कुमार, मनोज सिंह, प्रदीप कुशवाहा, सागर चंद्रवंशी, सुरेन्द्र यादव, रंजीत कुमार, अन्नू कुमार, इंद्रदेव यादव, संजय यादव, विजय राणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा विद्यालय के बच्चियों ने मतदान के प्रति किया जागरूक




उज्ज्वल दुनियां संवाददाता

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोदेव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के बच्चियों ने आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूकता भरा संदेश दिया है !कस्तुरबा विधालय की बच्चियों ने लोकतंत्र के महापर्व में जागरुकता अभियान में शामिल हो लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का प्रयास किया है! ये सभी बच्चियां केरेडारी प्रखंड की हैं और इनका मतदान संदेश अन्य जागरूकता अभियान की तुलना में ज्यादा प्रभावशाली और कारगर साबित हो सकता है! वहीं प्लस टू हाई स्कूल केरेडारी के बच्चों ने भी मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का पर्व देश का गर्व अभियान में शामिल होकर मतदाताओं को जागरूक करने का सफल प्रयास किया है! ज्ञात हो कि आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर केरेडारी प्रखंड प्रशासन अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल के द्वारा लगातार व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है!

## मौसम ने बदला अपना रूख अचानक बारिश से आम आवाम को राहत, तापमान में आई गिरावट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चरही/ दारू।** जिले के चुरचू और दारु प्रखंड क्षेत्र में तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश और गर्जन से प्रखंड वासियों और जेठुवा फसलों को राहत मिली । मौसम का रुख बदला बदला और आम आवाम को तप्ती धूप से ठंड महसूस होने लगा। रोहन नक्षत्र के पूर्व बर्षा होने से किसानों के चेहरे पर मुस्कान देखी जा रही है। किसान धान की बुआई के पहले खेतो में हल बैल लेकर बीज लगाने वाले स्थान पर जोत कोड करना चालू कर दिए है । प्रखंड क्षेत्र में वर्षा होने से किसानों के चेहरे में खुशी की लहर साफ साफ दिख रही थी। पशुओं के लिए भी हरी घास चारागाह की व्यवस्था हो जायेगी। चरही संवाददाता के अनुसार चुरचू प्रखंड मुख्यालय और कोयलांचल क्षेत्रों में तेज हवाओं के बीच लगभग एक घंटे तक मुसलाधार बारिश से आम लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।



### बड़कागांव में अचानक धुकड़ व तेज बारिश, लोगों को गर्मी से मिली राहत

**बड़कागांव।** मंगलवार को दोपहर के बाद संध्या 5:00 बजे के आसपास अचानक बे मौसम तेज आंधी व धुकड चलने लगा इसके बाद तेज बारिश हुई। धुकड इतनी तेज थी कि 10 फिट की दूरी दिखाई नहीं दे रहा था तथा फल के सामानों को तेज हवा ले उड़ जा रही थी। वहीं तेज बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बताते चले की बड़कागांव प्रखंड में 42 डिग्री के आसपास तापमान लोगों को सामना करना पड़ रहा था। तेज गर्मी रहने के कारण छोटी बड़ी नदियां व तालाब सूख गई थीं। बारिश होने के बाद जंगली जानवरों व पक्षी पंछियों को पानी पीने में कुछ राहत मिलेगी।

## झारखंड में लुटेरों की है सरकार : लोकनाथ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना रोड स्थित सुबोध जयसवाल के आवास में भाजपा का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं प्रदीप प्रसाद में संयुक्त रूप से किया। उपस्थित कार्यकताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर पुष्प अर्पित किया। भारत माता की जय, वन्दे मातरम के नारे लगाए। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता व संचालन भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने किया। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि जनता मन बना ली है। भाजपा को वोट देना है, जनता ने 400 पार करने का मन बना लिया है। झारखंड में लुटेरों की सरकार है। मंत्रियों के पीए व नौकरों पास करोड़ों रुपए की निकल रहे हैं, तो मंत्रियों का क्या हाल होगा तथा प्रदीप प्रसाद ने भी भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जीताने के लिए कार्यकताओं में जोश भरी। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, भाजपा किसान मोर्चा रामगढ़ प्रभारी राजू साव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, अनिल मिश्रा, मूलचंद साव, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रवक्ता तापेश्वर कुमार तापस, रामेश्वर महतो, पूनम साहू, बेचन साव, रामपति राम, नरेश साव, टुकेश्वर प्रसाद, शिव शंकर उर्फ शिबू कुमार, इंद्रभूषण, अवध किशोर यादव, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, धनु प्रसाद निराला, कैलाश साहू, उदय मेहता, उपेंद्र प्रसाद, मनीष पांडेय, अजय कुमार सिंह, कृष्णा राम, नरसिंह प्रसाद, सुरेश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# लोकहित अधिकार पार्टी का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा:तिलक साव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** लोअपा हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी कुंजबिहारी साहू का मंगलवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विभिन्न क्षेत्रों में तूफानी दौरा चलाया गया। तूफानी दौरा बड़कागांव- केरेडारी, सलगा, पेटो, पचड़ा, पहरा आदि गावों मे दौरा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए रामविलास साहू ने हजारीबाग लोकसभा के सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुंडीलबागी, नवादा, खपरियांवा सिरसी, डामोडिह, नूरा, मंडई खुर्द, मंडई कलां, कसियाडीह, पेलावल, रोमी, जलमा लुकुम, हेदलाग, गदोखर हेदलाग, पकरार, नवाडीह, पुनार्डीह, गांवों में लोगों से डोर टू डोर संपर्क कर लोकहित अधिकार पार्टी के प्राथमिकताओं को बताते हुए कहा की हजारीबाग जिला एवं लोकसभा क्षेत्र का यह दुर्भाग्य रहा है! जहां से लगातार 30 सालों से भाजपा का सांसद रहा है, वित्त मंत्री, केंद्रीय मंत्री, विदेश मंत्री रहे लेकिन हजारीबाग लोकसभा में कोई विकास का काम नहीं हुआ जिससे रोजगार का साधन नहीं बना सके। वहीं कांग्रेस पार्टी के नेता इस क्षेत्र के जनता का विकास करने के बजाय कांग्रेस पार्टी को करोड़ों -करोड़ रुपया कंपनी से दिलवा कर कंपनी को मदद करवाकर पार्टी का विकास करवाती है। तो निश्चित तौर पर यह समझा जा सकता है कि यह दोनों पार्टियां हमारे क्षेत्र में किस तरह से आम नागरिक को शोषण का शिकार बनाया है इसलिए निवेदन करते हैं की सेव छाप में वोट डालकर भारी से भारी मतों से लोकहित अधिकार पार्टी के उम्मीदवार को जिता कर सत्ता पर लाने का काम करें ताकि आम जनता को संवैधानिक हक और अधिकार दिलाने के लिए संसद भवन में क्षेत्र के समस्याओं के लिए तत्पर्य रहेंगे। साथ-साथ सेवानिवृत प्रोफेसर सोमर साहू , बड़कागांव विधानसभा प्रभारी अर्जुन साहू, जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू , तिलक साहू एवं गंगा साहू सहित विभिन्न गांवों मे ग्रामीणों ने पार्टी को समर्थन देने का संकल्प लिया।



## लोकसभा चुनाव से पूर्व बरही विधानसभा में भाजपा को लगा झटका

**जिला उपाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेता-कार्यकर्त्ता ने छोड़ा भाजपा**



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चौपारण।** प्रखंड चौपारण निवासी सह जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने भाजपा की सदस्यता एवं पद से इस्तीफा दे दिया है। जिला अध्यक्ष भाजपा हजारीबाग को संबोधित पत्र जारी करते हुए उन्होंने बताया कि एक तरफ भाजपा ने वर्तमान लोकसभा चुनाव में कई दागी चेहरों को टिकट दिया वहीं दूसरी तरफ साफ सुथरी छवि वाले लोगों को दरकिनार किया गया।अपने अभिभावक व हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा से प्रभावित होकर व भाजपा के कतिपय वरिष्ठ नेताओं के व्यवहार से आहत होकर इस्तीफा देने का निर्णय लेना पड़ा। पार्टी में काफी उपेक्षित महसूस कर रहा था। अटल आडवाणी वाली भाजपा अब नहीं रही,हजारीबाग लोकसभा से एक व्यापारी को टिकट देकर भाजपा के निष्ठावान कार्यकताओं के साथ धोखा हुआ है जिसका खामियाजा इस चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ सकता है। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह ने इस्तीफा देते हुए कहा कि पार्टी में अब काफी उपेक्षित महसूस कर रहा था,जिसको पार्टी ने लोकसभा का टिकट दिया बिल्कुल ही गलत व्यक्ति को दिया गया,पार्टी को पिछले 30 वर्षों से पार्टी को निष्ठा से सेवा किया लेकिन आज उपेक्षित हूँ नहीं खोजा जा रहा था,ना किसी कार्य में लगाया गया,पहले वाली भाजपा नही रही। सिर्फ चेहरा देखकर काम करती है जिससे आम कार्यकर्ता अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय,वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह,वरिष्ठ नेता केदार प्रसाद यादव,पदमा,साहू समाज से वरिष्ठ भाजपा नेता दिलेश्वर प्रसाद साहू,भाजपा नेता रविंद्र राणा, पदमा, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मिन्हाज मेंहदी, श्यामाकांत सहाय ने इस्तीफा दिया।

### साथ रहना और साथ निभाना हो रहा था मुश्किल

# सदर प्र्रखंड में भाजपा का चुनाव कार्यालय अमृतनगर में मंगलवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता ने बटेश्वर मेहता ने किया उद्घाटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड चुनावी कार्यालय ग्राम अमृतनगर प्रखंड हजारीबाग में मुख्य अतिथि बटेश्वर प्रसाद मेहता के द्वारा उद्घाटन किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद एवं संचालन महेंद्र राम बिहारी जिला अध्यक्ष एस सी मोर्चा हजारीबाग ने किया। मुख्य अतिथि बटेश्वर मेहता ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग लोकसभा का चुनाव हम जीत चुके हैं सिर्फ हमें सही लगन के साथ में बुथ एवं पन्ना प्रमुख के साथ काम करना है ताकि हमारे उत्साही मतदाता कमल फूल चुनाव चिन्ह पर बटन दबा सके इस तरह हजारीबाग के लोकप्रिये सांसद प्रत्याशी मनीष जयसवाल लाखो वोट के अंतर से जीतेंगे और तिसरी बार फिर से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी बनेंगे ।मौके पर उपस्थित हुए दिनेश प्रसाद बिजय वर्मा विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार कौलेश्वर रजक समेद्र कुमार सिंहा तिलक यादव रंजीत पाठक नेमी रजक रंजीत कुमार राम उमेश प्रसाद मेहता सुरेश प्रसाद कुशवाहा रवि कुमार राम अनेश्वर प्रसाद बद्री प्रसाद मेहता संतोष कुमार सिंहा गौतम गोप प्रमोद कुमार सिंह कैलाश यादव द्वारिका साव खगेश्वर यादव चेतन यादव अर्जुन सोनी रोहित प्रसाद श्यामलाल महतो उपेंद्र सिंह केदार जाधव कृष्ण प्रसाद मेहता विजय कुमार परमेश्वर राणा अजीत प्रसाद सुरेश प्रसाद भागीरथ प्रसाद विशाल नीरज सुरेश यादव पूरन महतो पिंटू कुमार जगदीश कुमार अरुण प्रसाद मेहता बुद्धेश्वर प्रसाद कुशवाहा संजय राणा इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए। उपरोक्त उपस्थित सभी कनिष्ठ वरिष्ठ कार्यकताओं के सर्व सहमति से सामाजिक अभियान के संयोजक विजय वर्मा सह संयोजक कौलेश्वर रजक को चयन किया गया। 07



## लोकसभा चुनाव हेतु भाजपा गठबंधन राजग के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सात माइल चौक स्थित मंगलवार को आगामी लोकसभा चुनाव हेतु भाजपा गठबंधन यानी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रखंड चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंधन समिति संयोजक रंजीत सिन्हा की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर एवम फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान रंजीत सिन्हा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### अब तक दर्जनों अवैध कारोबारियों को भेज चुके हैं सलाखों के पीछे



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चौपारण।** विगत 19 फरवरी 2024 को चौपारण के 38 वें थाना प्रभारी के तौर दीपक कुमार सिंह ने कमान संभाला। तब से अबतक नए थाना प्रभारी दीपक सिंह के द्वारा औसतन हर दूसरे तीसरे दिन बड़ी कारवाई की जा रही है। जिसमें 47 तस्करों को जेल भेज चुके हैं। साथ ही बड़ी मात्रा में अफीम, डोडा और शराब को भी जप्त कर चुके हैं। साथ ही 150 से अधिक पशुवों को कत्ल खाने जाने से बचा चुके हैं। इनके नेतृत्व में चौपारण थाना में पहली बार ब्राउन सुगर व हीरोइन के साथ मुख्य तस्कर को गिरफ़्तार किया गया।

सामान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सभी कोषांग की समीक्षा बैठक का आयोजन

# निर्वाचन कार्यों को सुनियोजित तरीके से करेंगे:सामान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह

**कोडरमा :-** 05 कोडरमा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त आज समाहरणालय सभागार में सामान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के निमित्त सभी कोषांग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, मेघा भारद्वाज द्वारा सामान्य प्रेक्षक को 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के निमित्त सभी कोषांग द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह के द्वारा सभी कोषांग की बारी-बारी से समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को सुनियोजित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं सामान्य प्रेक्षक ने सभी कोषांगों का समीक्षा करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियो को कई बिंदुओं पर निर्देश दिया। उन्होंने सभी कोषांग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए उपलब्ध इवीएम व वीवीपैट की संख्या, सी- विजिल, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, एफएसटी, वीएसटी व वीवीटी की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा सामान्य प्रेक्षक के द्वारा सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप का वितरण जल्द से जल्द सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता श्रीमती पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु समेत विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी व नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वोटर लिस्ट,मतदान केंद्र व सभी मशीनरी को सुव्यवस्थित रखेंगे: सामान्य प्रेक्षक : आलोक कुमार सिंह




### विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

सामान्य प्रेक्षक ने डोमचांच एवं कोडरमा प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर वहां सारी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही वहां शौचालय, पेयजल की उपलब्धता, बिजली की व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग आदि व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखेंगे। इसके अलावा उन्होंने मॉकपोल की व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली तथा सभी संबंधित अधिकारियों को कम्युनिकेशन को बेहतर रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में मशीनरी का बहुत महत्वपूर्ण रोल होता है, इसलिए सभी मशीनरी को सुव्यवस्थित रखेंगे।

### डिस्पैच सेंटर व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

सामान्य प्रेक्षक महोदय ने डिस्पैच सेंटर और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## ज्ञान क्लासेस के बच्चों ने आईसीएसई बोर्ड की 10 वीं की परीक्षा में लहराया परचम



**झुमरी तिलैया :** महाराणा प्रताप चौक स्थित ज्ञान क्लासेस के बच्चों ने आईसीएसई बोर्ड की 10 वीं की परीक्षा में परचम लहराया। आईसीएसई बोर्ड का परीक्षा फल आते ही बच्चों में और शिक्षकों में खुशियों का माहौल था। ज्ञान क्लासेस के निदेशक नितिन कुमार मिश्रा ने कहा कि सेशन 2023-24 में 7 बच्चों ने आईसीएसई बोर्ड दसवीं की परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे थे। उसमें से सभी बच्चों ने अत्यधिक अंक लाकर अपने माता-पिता के साथ- साथ संस्थान का भी नाम रौशन किया है। सात बच्चों में से तीन बच्चों ने 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किया। और जिला के संत क्लेयर्स विद्यालय के टॉप 25 बच्चों के लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाया। तन्मय गुप्ता को विद्यालय में सातवां स्थान अटल पृथ्वीराज को 20 वां स्थान एवं शीतल कुमारी को 25 वां स्थान प्राप्त हुआ। तन्मय गुप्ता 95%, अटल पृथ्वीराज 91.2%, शीतल कुमारी 90%, सौरभ कुमार 84%, अर्णव सेन 83%, प्रगति कुमारी 80.2%, आदित्य कुमार 70% अंक लाकर सफलता पाई।

## संक्षिप्त खबरें

### ओलावृष्टि से किसानों को हुआ काफी नुकसान



**मरकच्चो :-** प्रखण्ड के मरकच्चो में मौसम के कहर से खेतों में लगे फसल को देखकर किसान जंहा रो पड़े वहीं मरकच्चो उत्तरी,मरकच्चो दक्षिणी व मरकच्चो मध्य पंचायत के लोगो के घरों को भारी नुकसान पहुँचा है। ओलावृष्टि से खेतो में लगे भिंडी, कद्दु, खीरा,ककड़ी, झींगा, नेनुआ समेत अन्य फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। वहीं मरकच्चो तीनों पंचायत में कोई भी ऐसा घर नहीं बचा होगा जिसे आर्थिक क्षति नहीं पहुंची होगी। आधे घंटे तक आफत बन कर गिरे ओलों ने करीब दस करोड़ के अधिक की क्षति का अनुमान किया जा रहा है। सोमवार दोपहर 3 :00 के बाद हुई जोरदार बारिश व ओला ने मरकच्चो में 10 करोड़ से अधिक का नुकसान कर दिया। आधे घंटे हुई ओला और बारिश ने मरकच्चो के तीनों पंचायत में लगभग अल्बेस्टर, करकेट व खपड़े से बने मकान को छिद्र छिद्र कर बर्बाद दिया और मकान के अंदर पूरा पानी भर गया।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सदस्यों ने हजारीबाग स्थित विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया



**कोडरमा ।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सदस्यों ने स्टाफ वेलफेयर सेल के अंतर्गत हजारीबाग स्थित विभिन्न मनोरम स्थानों कनेहरी हिल, निर्मल महतो उद्यान, जुबी डूबी वाटर पार्क, हजारीबाग झील, कैफेटेरिया, , वृद्धा आश्रम, इत्यादि का भ्रमण कर उक्त स्थान के मनमोहक , खूबसूरत, चर्चित व्यंजन आदि का लुत्फ उठाते हुए वहां के सौम्य वातावरण से अभिभूत हुए । इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि भ्रमण से स्टाफ वर्ग तनाव मुक्त होते हैं एवं उनकी मानसिक एवं शारीरिक स्थिति शत प्रतिशत स्वस्थ्य होती है। जिससे उनके अंदर निहित विविध शक्तियां क्रियाशील होती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि आउटिंग से हमारे भीतर समूह भावना, समूह मन एवं स्फूर्तिपन जैसे विभिन्न ऊर्जा का सृजन होती है। भ्रमण में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा,डॉ. मनीष कुमार पासवान, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, मनीष कुमार सिन्हा, सीताराम यादव, डॉ. रविकांत तिवारी, डॉ. पुजा कुमारी, वीरेन्द्र यादव, स्वर्ण सिंह, गौतम कुमार, पवन कुमार एवं शिक्षेकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, दीपक पाण्डेय, रोहित कुमार, चुन्नु कुमार, सुधीर साव, नागेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रत्याशियों के द्वारा गावों में जनसंपर्क अभियान चलाकर चुनावी सरगर्मी तेज

उज्व्वल दुनिया संवाददाता



**सतगावां :-** प्रखंड में मंगलवार को सुबह से ही प्रत्याशियों के द्वारा विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर चुनावी सरगर्मी तेज कर दिया है। एक दिन पहले तक प्रखंड में चुनाव को लेकर किसी तरह की कोई चहल पहल नही थी लेकिन अचानक दो अलग अलग प्रत्याशियों के द्वारा जन संपर्क अभियान चलाकर कार्यकताओं एवं मतदाताओं के एक अलग संचार पैदा कर दिया ।सुबह नौ बजे से ही चिलचिलाती धूप में इंडिया गठबंधन से माले के प्रत्याशी बिनोद सिंह के द्वारा अपने भारी समर्थको के साथ विभिन्न गांव यथा खुट्टा,नावाडीह, बाध , बासोडिह, मरचोई, जोगीडीह, इटाएं, शिवपुर, मीरगंज, पचौड़ी आदि गावों में जन संपर्क अभियान चलाकर लोगों से तीन तारा के वोट देने की अपील किया। वहीं बिनोद सिंह ने लोगो से कहा की माले आप लोग के हर न्याय के साथ खड़ी रहेगी एवम क्षेत्र की विकास में कोई कसर नही छोड़ेंगे जबकि दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के बहुचर्चित एवं पूर्व सांसद अन्नपूर्णा देवी ने अपने समर्थको के साथ ग्राम मरचोई, कटैया, शिवपुर, बासोडीह, रामडीह, मीरगंज, नासरगंज, समलडीह, खैरा समेत दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर कमल छाप पर वोट देने की अपील किया। वहीं पूर्व सांसद अन्नपूर्णा देवी ने लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए कहा की आपका हर वोट देश की तरक्की के लिए होगा, हर वोट महिलाओं एवं देश की सुरक्षा के लिए होगा,आपका हर वोट देश के सम्मान के लिए होगा जो नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेगा। मौके पर जयशंकर सिंह, बिनोद यादव, बालमुकुंद सिंह, अरविंद सिंह, रंजित सिंह, उत्तम सिंह, विकास कुमार, अमर कुमार, विजय सिंह, सदानंद सिंह, नरेश यादव, मनोज भगत, मनोज चौधरी, अजीत कुमार भगत, सुबोध कुमार, प्रवीण कुमार, अविनाश कुमार गोयल, तारणी सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अशोक सिंह, निशांत कुमार, मनोज कुमार, भोला प्रसाद वर्णवाल, पिंटू पांडेय आदि मौजूद थे।

## मंगलवार शाम डोमचांच टैक्सी स्टैंड के समीप इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्घान



उज्व्वल दुनिया संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा):** प्रखंड स्थित पेट्रोल पम्प के सामने मंगलवार की शाम इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्धघाटन कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि लीलाबती मेहता व राजद जिला अध्यक्ष रामधन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। ईस दौरान जेएमएम, राजद, कांग्रेस,माले के कार्यकर्ताओ ने चुनाव की रणनीति बनाई। साथ ही इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने पर जोर दिया। एवं उद्घाटन के पुर्व डोमचांच नगर भृमण किया। इस मौके पर राजद के प्रदेश महासचिव रोहित मेहता, माले जिला सचिव राजेंद्र मेहता, माले नेता राजेंद्र साव, राजद युवा जिला अध्यक्ष मनोज रजक, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ राय, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, झामुमो प्रखंड सचिव असरफ अंसारी, माले नेता संजय तिवारी, मिस्टर मुस्तफा, प्रदीप चौधरी, उप प्रमुख प्रतिनिधि राजकुमार यादव, यदि अन्य लोग मौजूद थे।

## बी. एड. कॉलेज डोमचाँच में मतदाताओं की जागरूकता के लिए निकाली रैली

उज्व्वल दुनिया संवाददाता

### हर हाल में लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाकर एक अच्छी सरकार को चुने-प्रो. हिमांशु कुमार




**डोमचांच/कोडरमा।** बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन, डोमचाँच में मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को वोट के प्रति आकर्षित करना था। और शत प्रतिशत मतदान करने का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में बी. एड. एवं डी. एल. एड. के प्राक्षिक्षुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शपथ ग्रहण के बाद महाविद्याल के सचिव हिमांशु कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली महाविद्याल परिसर से निकलकर शहीद चौक, ढाब रोड़, काली मंडा होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंचा। रैली में डी. एल. एड. के प्रशिक्षु गायत्री कुमारी, नीलम कुमारी, सविता कुमारी, तनुजा कुमारी, सुमित्रा कुमारी, मधु कुमारी, सौरभ कुमार एवं बी. एड. जे प्रशिक्षु अर्पित कुमार, दीपक कुमार, अनामिका वर्मा, रौशन, नेहा, रेहाना, रेशमी कुमारी, मयंक कुमार पाण्डेय आदि ने काफी उत्साह से भाग लिया। मौके पर प्राचार्य, शिक्षक प्रो. हरीश कुमार नीरज, प्रो. विनोद कुमार अवस्थी, प्रियंका कुमारी एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी विनय, सिकंदर, सुधांशु, सूरज, आकृति सभी उपस्थित थे।

## ग्रिजली विद्यालय में एनडीए के लिए काउन्सलिंग सेमिनार का आयोजन



उज्व्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :** ग्रिजली विद्यालय के सभागार में कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए स्टूडेंट सर्विस सेल के द्वारा भारतीय सेना में कमीशन अफसर के तौर पर अपनी सेवा देने के इच्छुक युवाओं को कैरियर के अवसरों के बारे में युवा मन को प्रेरित और प्रबुद्ध करने के लिए एक कैरियर काउन्सलिंग सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर भारतीय सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर अमर नारायण शामिल हुए और भारतीय सशस्त्र बलों में जीवन और अवसरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा किया। सैनिक स्कूल तिलैया के पूर्व छात्र ब्रिगेडियर अमर नारायण ने 1981 में नेशनल डिफेंस अकादमी में प्रवेश प्राप्त किया था एवम 1985 में आर्मी एयर डिफेंस में कमीशन हुए थे। स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड के प्रेसिडेंट के तौर पर ब्रिगेडियर अमर नारायण ने 3 साल के सेवा अवधि में 3000 से ज्यादा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवम स्क्रीनिंग किया है। कार्यक्रम की शुरूवात में विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर अमर नारायण का स्वागत पौधा देकर किया। अपने स्वागत संबोधन में प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करना हर छात्र का सपना होता है मगर सभी सफल नहीं हो पाते है परंतु संपूर्ण जानकारी एवम तैयारी के द्वारा ये सपना जरूर पूरा हो सकता है और ऐसे सेमिनार के माध्यम से छात्र अपने इस सपने के और करीब आ सकते है। मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर अमर नारायण ने छात्रों को भारतीय सेना में उपलब्ध कैरियर की संभावनाओं की गहरी समझ प्रदान कराई एवम उनसे जुड़ी अनूठी जीवनशैली और मूल्यों पर भी प्रकाश डाला। ब्रिगेडियर अमर नारायण ने अपने व्यापक अनुभव और ज्ञान को छात्रों के सामने प्रस्तुत करते हुए उन्हें देश सेवा में जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एनडीए, सीडीएस और एएफसीएटी, टीईएस, अग्निवीर सहित विभिन्न प्रवेश मोड पर चर्चा की, जिसके माध्यम से छात्र भारतीय सेना में अपना करियर बना सकते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र चौधरी, बुद्ध देब नस्कर, सुधांशु कुमार, पंकज उपाध्याय, सुनील साव, शिक्षक कुमार राजीव, शफीक आलम, संजीव कुमार जयसवाल, नागेंद्र कुमार, संतोष कुमार आदि का योगदान सराहनीय था। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक सुप्रतिम बोस एवं धन्यवाद ज्ञापन स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार ने किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर अमर नारायण को विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने प्रतिक चिह्न एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया।

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने सतगांवा प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में किया जनसंपर्क कहा

# सावधान! भाकपा माले वाले आपसे लड़ेंगे, आपके लिए नहीं लड़ेंगे : अन्नपूर्णा देवी

उज्व्वल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :-** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जनता को अराजक, हिंसक और मतलबपरस्त भाकपा माले से सावधान रहने की जरूरत है। एक वायरल वीडियो का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भाकपा माले के गुंडे अपने प्रभाव क्षेत्र में आए दिन राहगीरों, छोटे दुकानदारों, वाहन चालकों आदि से अवैध वसूली करते हैं और इनकार करने पर मारपीट और गाली गलौज करते हैं। अभी तक तो इनकी अराजकता एक खास इलाके तक सीमित है लेकिन ये अपनी गुंडागर्दी का विस्तार पूरे कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में करने का मंसूबा पाले बैठे हैं। झामुमो, कांग्रेस और राजद को इनकी गुंडागर्दी से फायदा है और भाकपा माले इन दलों के गठबंधन वाली सरकार की लूट में हिस्सेदार है। यही कारण है कि इन दिनों ये साथ साथ हैं। ये लुटेरा गठजोड़ झारखण्ड और खासकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की शांतिप्रिय मेहनतकश जनता के लिए खतरनाक है। इस गठजोड़ के मंसूबे को किसी कीमत पर पूरा नहीं होने देना है। सतगांवा प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के क्रम में अन्नपूर्णा देवी ने ये बातें कहीं।



अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कल पूरे देश ने देखा कि राज्य सरकार के एक मंत्री के पीएस के नौकर के घर से करीब 35 करोड़ रुपए मिले। लेकिन भाकपा माले प्रत्याशी या गठबंधन के किसी नेता के मुंह से एक शब्द नहीं निकला। यह चुप्पी सिद्ध करती है कि लूट के माल में सबका हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि भाकपा माले के लोग अपनी चोरी और नाकामी छिपाने के लिए हमेशा झूठ का सहारा लेते हैं। झारखण्ड के बच्चे बच्चे को पता है कि अभ्रक, ढिबरा, बालू और पत्थर का कारोबार राज्य का विषय है और हेमंत सरकार की उपेक्षा के कारण इन सबका वैध कारोबार संकट में हैं। लोगों को यह भी पता है कि राज्य सरकार के संरक्षण में झामुमो, भाकपा माले, कांग्रेस और राजद के लोग धड़ल्ले से बालू, पत्थर, ढीबरा आदि का अवैध कारोबार कर रहे हैं। इसके बावजूद बेशर्मी के साथ इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार को जिम्मेवार ठहराया जा रहा है।

**लोग जागरूक हैं, साजिश - सियासत - सेवा - सरोकार सब कुछ समझते हैं।**

उन्हें पता है कि एक तरफ लुटेरों की जमात है जो जहां मौका मिलता है, जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर अपनी तिजोरी भर लेता है। एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में सेंधमारी कर धर्म के आधार पर अपने वोट बैंक को आरक्षण देता है। दूसरी तरफ, चौकीदार है जो इन चोरों की काली कमाई पकड़कर इन्हें जेल भेज रहा है। लूट का माल इन्होंने अपने सीए के पास छिपाया हो, अपने पीएस के नौकर के घर रखा हो या अपने दलालों को दे रखा हो, सब पकड़ा जा रहा है। ये चौकीदार मुस्तैदी से संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण की पहरेदारी कर रहा है।

**इसलिए मेरे सभी परिवारजन एक स्वर में कह रहे हैं कि कोडरमा को चोर नहीं, चौकीदार चाहिए।**

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भाजपा और इन चोरों की जमात के बीच के भारी फर्क को जनता समझ रही है। जनसंपर्क के दौरान सहज भाव से मेरे परिवारजन, मेरी माताएं - बहनें बताती हैं कि मोदी सरकार ने 10 साल में कितना कुछ बदल दिया। अब खुले में शौच नहीं जाना पड़ता, हर महीने निःशुल्क अनाज मिल जाता है, रसोई से धुंवा गायब हो गया है, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए घरेलू महिलाएं उद्यमी बन रही हैं, इलाज के लिए आयुष्मान है, स्वरोजगार के लिए मुद्रा और पीएम स्वनिधि है, खेती किसानी के लिए पीएम किसान है। ये सारी सुविधाएं पारदर्शी तरीके से क्रमवार लोगों को मिल रही है। जो थोड़ी बहुत बाधाएं हैं भी, वो कांग्रेस, राजद, झामुमो और भाकपा माले ने ही कमीशन खाने के लिए खड़ी की हैं।

## महागठबंधन के नेताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सीपीआई, राजद एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता केडी सिंह, गौतम सागर राणा, चंदन प्रकाश सिन्हा एवं संजर नवाज ने संयुक्त रूप से चराई, हुटुकदाग, मंझौली, कंचनपुर, बिल्टाडीह, दिनादाग सहित दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। नेताओं ने लोगों को महागठबंधन की सरकार द्वारा झारखंड में किए गये कामों के आधार पर ममता भुइंया के पक्ष में लालटेन छाप पर वोट देने की मांग की।झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि भाजपा की सरकार में बृद्धा पेंशन पाने के लिए लंबी सूची होती थी और लोगों को पहले से सुविधा पा रहे लोगों के मृत्यु का इंतजार करना प?ता था। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने इस बाध्यता को खत्म किया और 50 वर्ष की उम्र के सभी वृद्ध व्यक्तियों को पेंशन की सुविधा देना सुनिश्चित किया।

# उपायुक्त ने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व सीएपीएफ को ठहारने के लिये चयनित विद्यालयों का किया निरीक्षण

## सभी स्थानों पर एएमएफ की सुविधायों को हर हाल में बहाल रखने के निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को सीएपीएफ को ठहारने के लिये चयनित राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय चैनपुर का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने केंद्रीय विद्यालय के आसपास फैले झा?ियों को साफ-सफाई करने पर बल दिया।वहीं राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय में भी सभी सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया।इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये चिन्हित सदगुरु प्रताप हरि़2 उच्च विद्यालय का भी जायजा लिया।उन्होंने चैनपुर बीडीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रंजन ने चैनपुर के बीडीओ को सदगुरु प्रताप हरि़2 उच्च विद्यालय व मतदान केंद्र संख्या 118 व 119 को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश दिये।

इसके साथ ही सभी बूथों में एएमएफ के तहत सभी सुविधाओं को अनिवार्य रूप से बहाल करने के निर्देश दिये।इस दौरान विशेष कर पेयजल की सुविधा व धूप से बचने हेतु टेंट लगाने पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त व चैनपुर सीओ उपस्थित रहे।

## एक-नजर

### ससुर और बहू की हुई मौत, परिजन का रो-रो कर हुए बुरा हाल



**गढ़वा** गढ़वा जिला के बरडीहा थाना क्षेत्र के आदर गांव के असनाजरही टोला में ससुर और बहू की मौत हो गई। जिससे परिजन रो-रो कर बुरा हाल हो गए हैं। इस घटना का संबंध में परिजन ने बताया कि रीझन भुईयां के पिता कैलाश भुईयां लगभग 8 वर्ष से बीमार से ग्रसित थे। जिंससे काफी परेशान रहते थे। 11 दिन पूर्व में कैलाश भुईया की मौत हो गई। परिजन शोक में थे। कैलाश का शराद कार्यक्रम खत्म भी नहीं हुआं था उसी के बिच में 11 वां दिन कैलाश के बहूं लगभग 30 वर्षीय सरीता देवी का मौत हो गई। जिससे गांव में शोक के मातम में बदल गया। इस संबंध में रीझन भुईयां ने बताया कि मैं बहुत गरीब परिवार से हूं जो की एक दिहारी मजदूर हूं और पुरा परिवार को चलाना पड़ता हैं। बताया कि मेरा पिता कैलाश भुईया लगभग 8 सालों से बिमार से ग्रसित थे जो कि उत्तर प्रदेश के दूध्दी, बनारस, रांची इनके साथ कई अस्पतालों में ले जाया गया लेकिन उनका तबीयत ठीक नहीं हो पाया और पैसे के अभाव के कारण समय पर इलाज नहीं करवाए पाए। इसी के बीच मेरा पत्नी के गठीया के बीमारी से ग्रसित थी। जिससे समय पर पैसे के अभाव में इलाज नहीं करवाए पाए लेकिन बहुत जगह इलाज करवाया गया, लेकिन सुधार नहीं हो पाया। फिर उसके बाद सोमवार के दिन उसकी मौत हो गई। इलाज के कारण मैं बहुत कर्जा में डूबा हूं और जिससे मेरी पत्नी का लोन 03-04 फाइनेंशियर से लोन लिया गया है।इस दुखद घटना के सम्बन्ध में जानकारी मिलने पर आदर पंचायत के मुखिया सलमा बीबी ने प्रतिनिधि ग्यासुद्दीन को घर भेजवा कर दाह-संस्कार करने के लिए 1 हजार रुपए देकर सहयोग किया।.

### मानवाधिकार परिषद के जिला कार्यालय का उद्घाटन

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** शहर के सुदना में एल्युमिनियम फैक्ट्री के निकट भारतीय मानवाधिकार परिषद की पलामू इकाई का जिला कार्यालय का उद्घाटन परिषद की अध्यक्ष संध्या देवी ने किया। मौके पर परिषद के जिला महासचिव महेंद्र नाथ शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ सीमा कुमारी, सचिव चंचला कुमारी व सह सचिव किरण कुमारी एवं अविनाश कुमार राजा, जिला समन्वयक शिला कुजूर व संजीव कुजूर एवं सक्रिय सदस्य असतोरा देवी सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत अध्यक्ष संध्या देवी ने लोगों को मानवाधिकार के कर्तव्यों एवं दायित्वों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने पी?ितो कों यथोचित सहयोग कर उन्हें न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता दुहरायी।.

### दिव्यांगों ने मतदाता जगरुकता रैली निकाली

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** छतरपुर प्रखंड परिसर से दिव्यांग लोगों ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत रैली निकाली। बीरेंदर साव और अवधेश राम ने बताया कि मतदाता को जागरुक करने के लिए प्रखंड परिसर से छतरपुर मुख्य बाजार में घूम कर लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को 'पहले मतदान बाद में जलपान' स्लोगन के साथ जागरुक किया।..

### शोले में भाजपा की नुक्कड सभा

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भजपा पाटन मंडल के शोले पंचायत के धंगाई बगीचा में नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छतरपुर के विधायक पुष्पा देवी, पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, मंडल मंत्री अर्जुन तिवारी, मंडल मंत्री पशुपति शर्मा, ओबीसी मंडल अध्यक्ष राधे श्याम मेहता, मंडल महामंत्री शांति पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल पासवान, जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक तिवारी, सुजाता सिंह, केलहर पंचायत प्रभारी अरविंद प्रसाद सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।..

### गांवों का भ्रमण कर ममता के लिए मांग वोट

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** राजद अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजू भुइयां ने अपने समर्थकों के साथ आज पढवा प्रखंड कें राजहरा कोलियरी, गरेडियाडीह सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। उन्होंने इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां के चुनाव चिन्ह लालटेन छाप पर बटन दबाकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। साथ ही आगामी 8 मई को छतरपुर में होने वाली जनसभा में आने का आग्रह किया। उनके साथ ललित भुईयां, महेंद्र भुईयां, जितेंद्र भुईयां, राकेश कुमार पन्ना, परभु भुईयां समेत कई लोग भ्रमण में शामिल थे।

### किसानों की बात करने वाले प्रत्याशी को वोट दें: कृषक मित्र

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** झारखंड प्रदेश कृषक मित्र संघ की पलामू इकाई ने आगामी लोकसभा चुनाव में कृषक मित्र संघ की बात और किसानों की चिंता करने वाली पार्टी और उम्मीदवारों को समर्थन करने का निर्णय लिया है। कृषक मित्र संघ के जिला अध्यक्ष रंजन दुबे ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पलामू अति पिछडा जिला है। यहां के किसान ऊपर वाले के भरोसे खेती करते हैं। यहां पर सिंचाई के कई स्रोत हैं। नहर, बराज अधूरे पडे हैं। पूरे समय किसानों को कोई सुध नहीं लेता। केवल वोट के समय सभी पार्टी के नेता किसान पर राजनीतिक करने लगते हैं। ऐसे में आगामी लोकतंत्र के महापर्व में सभी कृषक मित्र और किसानों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में वैसे पार्टी प्रत्याशी को वोट करें जो उनकी बात करता हो साथ ही लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

### विशेष लोक अदालत आठ जून को, तैयारी शुरू

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** झालसा के दिशा निर्देश पर आठ जून को एमएसीटी केस के निस्तारण को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसे सफल बनाने को लेकर पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपने कार्यालय में एमएसीटी केस के अधिवक्ता व बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक की और उन्हें कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि एमएसीटी केस को लेकर आहूत लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण करने का लक्ष्य है। साथ ही अधिक संख्या में लोगों को इसके माध्यम से त्वरित लाभ दिलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिवक्तागण अपने मुव्वकिल को मामले के निस्तारण के प्रति जागरुक करें, ताकि अधिक से अधिक एमएसीटी के मामले लोक अदालत में निपटाए जा सकें। उन्होंने बीमा कंपनी व एमएसीटी केस से जु? अधिवक्ता को एक सूची बनाकर देने को कहा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष को चाहे वे इंश्योरेंस की तरफ से काम करने वाले अधिवक्ता है या क्लेमेंट के अधिवक्ता, दोनों मिल बैठकर मामले के निस्तारण का एक रास्ता निकालें ताकि जल्द से जल्द क्लेमेंट को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जो भी पक्ष को कोई दिक्कत या समस्या हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव से मिल कर अपनी बात रखें। विदित हो कि पलामू जिले में एमएसीटी के 292 केस न्यायालयों में लंबित हैं। पीडीजे ने अधिवक्ताओ से उम्मीद जतायी कि इसबार एमएसीटी के बिशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले के निस्तारण में सहयोग करेंगे। बीमा कंपनी व क्लेमेंट के अधिवक्ताओं ने भी पीडीजे को आश्वस्त किया है कि इस बार पूर्व की अपेक्षा ज्यादा केस एमएसीटी के विशेष लोक अदालत में निपटारा कराने का प्रयास है। इस मौके पर डीजे प्रथम विनोद कुमार सिंह, पंचम अभिमन्यु कुमार, षष्टम राज कुमार मिश्रा,सप्तम स्वेता ढिंगरा, अष्टम आयशा खान, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, निबंधक कमल प्रकाश के अलावे बीमा कंपनी के अधिवक्ता युधिष्ठिर गिरी, सुदेव कुमार दता, ।

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मिले अविनाश देव



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** झामुमो नेता सह संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव दिशोम गुरु शिबू सोरेन के भाई राजाराम सोरेन के श्राद्धकर्म में उनके पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। वहां पूर्व सीएम हेमंत सोरेन भी पैरोल पर जेल से आए थे। इस दौरान अविनाश देव ने हेमंत सोरेन से मिलकर कुशल छेम् पूछा। दिवंगत राजाराम सोरेन की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर किया और हेमंत सोरेन को अंगवस्त्र व मिठाई देकर उनका स्वागत किया। श्री देव ने कहा कि मामूली आरोप में सलाखों के पीछे कैद से जब हेमंत सोरेन घर आए तो मानो झारखंडी अरमानों का जन शैलाब उम? गया। इस क्षण को शब्दो में व्यक्त नहीं कर सकते। मेरे लिए यह भावुक क्षण रहा। उन्होंने कहा, आज मेरा नायक जल, जंगल जमीन लूट व शोषण-दमन के खिलाफ आदिवासियत स्मिता के लिए जेल में है। हम सभी ऐसे दमनकारी लोगों को वोट से चोट करें और करारा जवाब दें। कोऑर्डिनेट पलामू झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने किया। केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी ने पूरे कार्यक्रम में सिद्दत से साथ भूमिका निभायी। इस दौरान कई मंत्री, विधायक, कार्यकर्ता से मुलाकात और बात हुई।.

# पर्यावरण धर्म के तहत पौधा दान करने से मिलेगी मृतक आत्मा को शांति : कौशल



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** रांची के कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में हटिया विधायक नवीन जायसवाल की दिवंगत मां शांति जायसवाल के श्राद्धकर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्टीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने मृतक की आत्मा की शांति व कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए विधायक नवीन जायसवाल को घर का प्रदूषण मुक्त करने वाला सिंगापुर का पौधा फीडललीफ व थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा दान कर उसे बच्चों की भांति सुरक्षा देकर लगाने व बचाने की अपील की। उन्होंने पौधा समर्पित करते हुए यह भी कहा कि इससे न सिर्फ मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी वरना उसकी छाया भी आपके जीवन में मां की आशीर्वाद की तरह अनवरत मिलता रहेगा जिससे आप सदैव प्रगति के पथ पर आगे ब?ते रहेंगे। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि उक्त श्राद्धकर्म में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से भी उनकी मुलाकात हुई। श्री मरांडी ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल से पर्यावरण में ब? रहे प्रदूषण पर वृहद चर्चा करते हुए उसके निदान पर भी लंबी बातें की। उन्होंने पर्यावरण के क्षेत्र में कौशल किशोर के उल्लेखनीय कार्य व योगदान की सराहना की। इस दौरान उन्होंने अपने जन्मभूमि पर जून माह में विलुप्त प्रजाति ।

# आने वाला समय ओबीसी समाज के लोगों का हैः बीडी प्रसाद




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पिछडा वर्ग (आबीसी) एकता अधिकार मंच के झारखण्ड प्रदेश के अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने टाउन नं-2 ( रेडमा) स्थित अपने आवास पर प्रेस वर्ता की। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव में झारखण्ड के आठ सामान्य सीटों में से छह सीटों पर एनडीए तथा तीन सीटों पर इंडिया गठबंधन द्वारा पिछडे वर्ग के लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं एक सीट अनुसूचित जाति तथा पांच सीट पर अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षित है। इस मंच के माध्यम से मैं ओबीसी के अंतर्गत आने वाले सभी जाति, समुदाय एवं संप्रदाय के लोगों से आहवान करता हूं कि दल एवं जाति से उपर उठकर अपने पिछडा वर्ग के प्रत्याशियों के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करके एवं करवाकर विजयी बनाने का कार्य करें ताकि लोकसभा में पिछडे वर्ग की आवाज को मजबूती से रख सकें। वहीं आरक्षित संसदीय सीटों जैसे लोहरदगा, चाईबासा, दुमका, राजमहल, खूंटी एंव पलामू में जो प्रत्याशी चाहे वो किसी भी दल या गठबंधन में हो अगर वह ओबीसी समाज के हक और अधिकार की बात करेगा उसका ओबीसी समाज एंव मंच उनका समर्थन करेगा। प्रेस वार्ता में केंद्रीय सदस्य राजनायारण पटेल, विनय प्रसाद, बिहारी साव, मुखिया अशोक प्रसाद, दिलीप प्रसाद, जनकधारी मेहता, गोरखनाथ चैधरी, बरुण बिहारी, अख्तर अंसारी, जवाहर चैधरी, दीपक प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# ममता भुईयां भारी मतों से जीत रही हैंः दुलाल भुईयां

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** झामुमो के पलामू जिला कार्यालय में पार्टी कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में मे पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां भी शामिल हुए। उन्होंने सभी नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव पर विचार साझा किए। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा ने की और संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी और केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने किया। सचिव सन्नू सिद्दीकी ने सभी पार्टी के पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष और सचिव से परिचय कराया और साथ ही साथ चुनाव प्रचार में होने वाली समस्या से अवगत कराया। गठनबंधन के साथियों के साथ कोऑडिनेशन बना कर क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने की सलाह दी। पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां ने कहा कि इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां पलामू लोकसभा में भारी बहुमत से जीत रही हैं। पलामू झामुमो की टीम बेहतरीन तरीके से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के जुमलों और झूठ से जनता परेशान हो चुकी है। चंदन सिन्हा ने कहा कि तेज धूप में भी झामुमो के सभी नेता और कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के पक्ष में जोर शोर से प्रचार कर रहे हैं। जनता में भी ममता भुइयां जी का लहर है। ममता भुइया जी भारी बहुमत से जीत रही हैं। बैठक में चंदन सिन्हा, मनोज गुप्ता, रमेश सिंह, कमाल खान, रंजन चंद्रवंशी अनुराग सिंह,नवीन सिन्हा,राजेश विश्वकर्मा, उमा सिंह, सहाबाज आलम, शाहनवाज ऊर्फ बबलू, बीरेंद्र पासवान, मनाऊर जमा, प्रदीप सिंह, रिशु अग्रवाल, चंदन सिन्हा, रंजीत जायसवाल, छोटू त्रिपाठी, विशाल सिन्हा सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एनसीपी कार्यकर्ता घर घर मांगें भाजपा के लिए वोटः कमलेश



**हुसैनाबाद (उज्ज्वल दुनिया)।** एनडीए के घटक दल एनसीपी (अजीत गुट) के कार्यकर्ताओं की बैठक हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा प्रतिनयुक्त पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह हुए शामिल। बैठक को एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधित कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे घर घर पहुंचकर एनडीए प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में वोट मांगें। एनडीए की सरकार में किसान गरीब मजदूर व आम लोगों के हित में किए गए कार्यों से जनता को अवगत कराएं। एनसीपी के पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह ने कहा कि पार्टी तन मन धन से तैयार है। एक एक कार्यकर्ता अपने अपने गांव के एक एक घर में केंद्र सरकार की उपलब्धियां पहुंचने के साथ उनका वोट मांगने का काम करेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने की। संचालन प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। बैठक में हुसैनाबाद के सभी प्रखंडों के कार्यकर्ता मौजूद थे।.

# नैतिक मतदान के लिए कुमारेश बीएड कालेज में जागरूकता अभियान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** कुमारेश इंटरनेशनल बीएड कालेज ने नैतिक मतदान के लिए जागरुकता अभियान चलाया। प्रभारी प्राचार्य विकास मिश्रा के नेतृत्व में विद्यालय के व्याख्याताओं व प्रशिक्षु शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और रैली का प्रारंभ महाविद्यालय परिसर से ग्राम रजवाडीह के पंचमुखी मंदिर से होकर पुनः महाविद्यालय तक रखा गया। प्रशिक्षुओ के द्वारा रजवाडीह के ग्रामीण लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। मतदान के नारो का आह्वान किया गया और रजवाडीह के ग्रामीण लाभान्वित हुए फिर रैली सभा में तब्दील हो गयी। सभा में शिक्षाविद परशुराम तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मतदान करना लोकतंत्र व देश के प्रति हमारी जवाबदेही है। उन्होंने प्राचार्य विकास मिश्रा के रचनात्मक सोच की सराहना की। इस मौके पर प्राचार्य विकास मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र में वोट नागरिकों की अंतर्निहित है जिसका उपयोग अंतरात्मा की आवाज पर अवश्य किया जाना चाहिए। हमें दूसरे को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। अंत में सबने नैतिक मतदान के लिए सामूहिक शपथ लिया।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशिक्षु शिक्षक रणधीर मेहता एवं उजाला कुमारी ने किया। मतदाता जागरूकता रैली में सभी प्रशिक्षुओ के साथ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विकास चंद्र मिश्रा, रामबाबू, रामप्रताप विश्वकर्मा, वंदना श्रीवास्तव, संजीव त्रिपाठी, पूनम सिंह, कमार अब्बास, दिनेश कुमार पाण्डेय, तुषार कुमार साहू, मिथिलेश कुमार ठाकुर, रतन पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, उदय कुमार, ।

## संपादकीय

# 400 पार ने बाँधी भाजपा की गले में घंटी

भारतीय जनता पार्टी चुनाव में हमेशा बड़े लक्ष्य तय करती है। मतदाताओं को भी बड़े-बड़े सपने दिखाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं सपने बड़े देखो और उन्हें पूरा करने का प्रयास करने पर ही सपने सच होते हैं। भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 400 पार का नारा और सीटों का लक्ष्य तय किया था। लोकसभा में यदि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए को मिलकर 400 सीट मिल जाती हैं, तो इसका मतलब केवल सरकार बनने से नहीं था। इतनी ताकत भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में मिल जाएगी। ऐसी स्थिति में वह भारतीय संविधान में आमूल चामूल परिवर्तन करने के लिए सक्षम हो जाएगी। संविधान में दो तिहाई बहुमत से ही मौलिक अधिकारों से संबंधित मामलों में संशोधन के अधिकार मिलते हैं। दो तिहाई बहुमत से दोनों सदनों की स्वीकृति मिलने पर संविधान के किसी भी खंड में संशोधन किया जा सकता है। जैसे ही भारतीय जनता पार्टी ने 400 पार का नारा दिया, उसके बाद से ही भाजपा की मुसीबतें से बढ़ना शुरू हो गई। भारतीय जनता पार्टी के कई सांसदों ने सार्वजनिक रूप से यह कहना शुरू कर दिया। इस बार 400 सीट मिलने के बाद संविधान में संशोधन किया जाएगा। यह बात किसी एक आदमी ने नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के चार सांसदों और भाजपा संगठन की ओर से खुले तौर पर कही। 400 पार का नारा सामने आने के बाद ईवीएम के विरोध का भी बड़ा तेज हो गया। यह आशंका लोगों के मन में बैठ गई, वर्तमान स्थिति में 400 सीटें पाना किसी के लिए संभव नहीं है। ऐसे में यदि भारतीय जनता पार्टी 400 पार का नारा लगा रही है, इसके पीछे कहीं ना कहीं ईवीएम और वीवी पेट के माध्यम से गड़बड़ी की जा सकती है। इसके बाद आंदोलन भी हुआ और जगह विरोध भी हुआ। संविधान संशोधन के मामले ने तूल पकड़ा। हिंदू राष्ट्र बनाने से लेकर आरक्षण खत्म करने का आरोप विपक्षी दलों ने लगाना शुरू कर दिया। भाजपा को अब इसी मामले में सफाई देनी पड़ रही है। वह आरक्षण को खत्म नहीं करेंगे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह को कहना पड़ा कि हमें स्पष्ट बहुमत था। हमने धारा 370 को खत्म करने और सीएए जैसे कानून बनाए हैं। हमारे पास बहुमत था इसलिए हम यह काम कर पाए। लेकिन 400 पार क्यों जरूरी है, इसका स्पष्टीकरण वह भी नहीं दे पाए। पिछले 10 वर्षों में गंगा जी और यमुना जी में बहुत पानी बह गया है। जब सरकार ने नोटबंदी लागू की थी, उसके बाद उत्तर प्रदेश के चुनाव हुए थे। सरकार ने यह कहना शुरू कर दिया था कि नोटबंदी को जनता ने समर्थन दिया है। इसलिए हम उत्तर प्रदेश में चुनाव जीते हैं। इसी तरह जीएसटी कानून में नागरिकों के ऊपर भारी टैक्स लगाए गए। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें लगातार बढ़ती रही। सरकार ने इसके बारे में भी कहा, यदि जनता नाराज होती, तो हमें वोट क्यों देती। भारत में 1952 से लेकर अभी तक जितने भी चुनाव हुए हैं। उनमें 1984 के लोकसभा चुनाव में जब इंदिरा गांधी की हत्या हुई थी। तब सहानुभूति लहर में कांग्रेस को लगभग 50 फीसदी वोट मिले थे। लोकसभा में पहली बार 404 सीटों पर कांग्रेस की जीत हुई थी। 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी को 43.68 फीसदी मत और 352 सीट पर जीत मिली थी। उन्होंने पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश का युद्ध जीता था।1980 के लोकसभा चुनाव में इंदिरा की गिरफ्तारी को लेकर सहानुभूति की लहर चली थी। जिसमें कांग्रेस को 42.69 फीसदी वोट और 374 सीट मिली थी। इसके बाद कभी भी किसी भी राजनीतिक दल को इतना बड़ा बहुमत नहीं मिला। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव तथा इस दौरान हुए विधानसभा के चुनावों में विशेष रूप से हिंदी पट्टी में भारतीय जनता पार्टी का वोट शेयर बढ़ता रहा है। वोट शेयर बढ़ने का सबसे बड़ा कारण धार्मिक ध्रुवीकरण था। कुछ ऐसा माहौल बन गया था कि कांग्रेस खत्म हो रही है। भारतीय जनता पार्टी आगे बढ़ रही है। 2024 से लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी इसी खेल को खेल कर 400 पार करना चाहती थी। संविधान संशोधन और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को दरकिनार करते हुए सरकार ने जो नया कानून बनाया। उसमें चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री एक केंद्रीय मंत्री और नेता विपक्ष को रखकर सरकार ने 2 चुनाव आयुक्त नियुक्त किये। चुनाव अधिसूचना जारी होने के 1 दिन पहले जिस तरह से दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की गई है। उसको बाद चुनाव आयोग और चुनाव की निष्पक्षता को लेकर आम मतदाताओं के बीच में अविश्वास देखने को मिल रहा है। रही-सही कसर महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट के चलते मतदाताओं की नाराजी 2024 के चुनाव में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। इन सारे हालातो को देखते हुए यही कहा जा सकता है। 400 पार का जो नारा भारतीय जनता पार्टी ने लगाया था। वह उनके गले में घंटी की तरह बंध गया है। इसका कितना फायदा होगा और कितना नुकसान होगा, इसका आकलन तो चुनाव परिणाम के बाद ही होगा। भाजपा हर चुनाव में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करती है। जिसके कारण नतीजे को लेकर सभी के बीच में रोमांच देखने को मिलता है। मतदान के दौरान मतदाताओं की खामोशी और मतदान से अरुचि को लेकर सभी भ्रमित हैं। मतदाता भ्रमित है किसे वोट करें, वहीं राजनीतिक दल भी चुनाव परिणामों को लेकर भ्रमित हैं।

# बच्चों में राजनीतिक जागरूकता की कमी एक गंभीर मुद्दा है



नीरज कृष्णा

> राजनीति की हलचल भरी दुनिया में, जहां निर्णय समाज और भविष्य को आकार देते हैं, एक महत्वपूर्ण शून्य पर अक्सर ध्यान नहीं जाता है - बच्चों में राजनीतिक जागरूकता की कमी

लोकतंत्र में, मतदान सिर्फ एक अधिकार नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है - नागरिक भागीदारी की आधारशिला जो यह सुनिश्चित करती है कि लोगों की आवाज राष्ट्र की दिशा को आकार देती है। फिर भी, इस मौलिक अधिनियम के महत्व के बावजूद, शिक्षा प्रणाली अक्सर युवा नागरिकों को मतपेटी की शुरूआती यात्रा के लिए तैयार करने में विफल रहती है। सरकार स्कूलों में पहली बार मतदान करने वालों को प्रशिक्षित करने की पहल क्यों नहीं करती?

चुनावों में सूचित निर्णय लेने की क्षमता किसी भी लोकतांत्रिक समाज के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। यह व्यक्तियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सार्थक रूप से भाग लेने और अधिक मजबूत और प्रतिनिधि सरकार में योगदान करने का अधिकार देता है। हालाँकि, कई युवा मतदाता चुनावी प्रणाली, राजनीतिक परिदृश्य या यहाँ तक कि मतदान कैसे करें की व्यापक समझ के बिना वयस्कता में प्रवेश कर रहे हैं। यह ज्ञान अंतर मतदाता की उदासीनता, मोहभंग, या इससे भी बदतर, गलत सूचना द्वारा हेरफेर का कारण बन सकता है।

राजनीति की हलचल भरी दुनिया में, जहां निर्णय समाज और भविष्य को आकार देते हैं, एक महत्वपूर्ण शून्य पर अक्सर ध्यान नहीं जाता है - बच्चों में राजनीतिक जागरूकता की कमी। जबकि राजनीतिक जुड़ाव की अवधारणा आमतौर पर वयस्कों से जुड़ी होती है, बच्चों के लिए प्रारंभिक राजनीतिक शिक्षा की अनुपस्थिति का शासन, लोकतंत्र और नागरिक भागीदारी के भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

बच्चों में राजनीतिक जागरूकता की कमी के लिए कई कारक योगदान करते हैं। सबसे पहले, शैक्षणिक संस्थान अक्सर नागरिक शास्त्र और राजनीतिक शिक्षा पर अन्य विषयों को प्राथमिकता देते हैं। गणित और भाषा कला जैसे मुख्य विषयों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, स्कूल छात्रों को सरकारी संरचनाओं, राजनीतिक विचारधाराओं या नागरिक जुड़ाव के बारे में सिखाने के लिए पर्याप्त समय और संसाधन आवंटित नहीं कर सकते हैं।

इसके अलावा, माता-पिता और देखभाल करने वाले राजनीति के प्रति बच्चों के दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालाँकि, कई वयस्क अपने बच्चों के साथ राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने से कतराते हैं, या तो उनकी अपनी समझ की कमी के कारण या बच्चों के विवादास्पद विषयों के संपर्क में आने के डर के कारण। घर पर राजनीतिक चर्चा में शामिल होने की यह अनिच्छा अज्ञानता और उदासीनता के चक्र को और बढ़ा देती है।

राजनीतिक जागरूकता में सरकार की संरचना, निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका और समुदायों पर नीतियों के प्रभाव को समझना शामिल है। दुर्भाग्य से, कई बच्चे इन अवधारणाओं की बुनियादी समझ के बिना बड़े हो जाते हैं, जिससे वे राजनीतिक प्रक्रिया से अलग हो जाते हैं। अपने समुदायों को आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेने के बजाय, वे निष्क्रिय दर्शक बने रहते हैं, अपने अधिकारों, जिम्मेदारियों और नागरिक के रूप में उनके पास मौजूद शक्ति से अनजान होते हैं।

राजनीतिक जागरूकता की इस कमी के परिणाम बहुत गहरे हैं। लोकतंत्र में, नेताओं को जवाबदेह बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतियां लोगों की जरूरतों और मूल्यों को प्रतिबिंबित करती हैं, एक सूचित और प्रतिबद्ध नागरिक आवश्यक है। जब बच्चे अपने अधिकारों और सरकार के कामकाज की बुनियादी समझ के बिना बड़े होते हैं, तो उनके मतदान, स्वयंसेवा या सामाजिक परिवर्तन की वकालत जैसी नागरिक गतिविधियों में भाग लेने की संभावना कम हो जाती है।

बच्चों में राजनीतिक जागरूकता की कमी को दूर करने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों, नीति निमार्ताओं और मीडिया को शामिल करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। स्कूलों को कम उम्र से ही नागरिक शास्त्र की शिक्षा को अपने पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए, बच्चों को लोकतंत्र, मानवाधिकार और नागरिक सहभागिता के महत्व के बारे में पढ़ाना चाहिए। माता-पिता और देखभाल करने वालों को घर पर राजनीति के बारे में खुली और ईमानदार बातचीत को बढ़ावा देना चाहिए, बच्चों को सवाल पूछने और सबूत और कारण के आधार पर अपनी राय बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

बच्चों में राजनीतिक जागरूकता की कमी एक गंभीर मुद्दा है जिस पर ध्यान देने और कार्रवाई की आवश्यकता है। राजनीतिक शिक्षा में निवेश करके, खुले संवाद को बढ़ावा देकर और मीडिया साक्षरता को बढ़ावा देकर, हम बच्चों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सार्थक रूप से भाग लेने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस कर सकते हैं। केवल तभी हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे समाज के भविष्य को आकार देने में सभी नागरिकों की आवाज, उम्र की परवाह किए बिना, सुनी जाए और उसे महत्व दिया जाए।

स्कूलों में औपचारिक मतदाता शिक्षा की अनुपस्थिति का एक कारण शैक्षणिक सफलता के लिए अधिक आवश्यक समझे जाने वाले अन्य विषयों को प्राथमिकता देना है। पाठ्यक्रम पहले से ही भरे हुए हैं, राजनीति और मतदान की जटिलताओं के बारे में पढ़ाने के लिए समय और संसाधन आवंटित करने में झिझक हो सकती है। हालाँकि, इस विषय को संबोधित करने में विफल रहने से छात्रों को जिम्मेदार नागरिकता के लिए तैयार करने के एक महत्वपूर्ण पहलू की उपेक्षा हो जाती है। जिस तरह हम संख्याओं को समझने के लिए गणित पढ़ाते हैं और प्राकृतिक दुनिया को समझने के लिए विज्ञान पढ़ाते हैं, उसी तरह हमें शासन की जटिलताओं से निपटने के लिए छात्रों को नागरिक शास्त्र के बारे में शिक्षित करना चाहिए।

मतदाता शिक्षा कार्यक्रमों में राजनीतिक पूर्वाग्रह के बारे में चिंताएं हो सकती हैं। किसी विशेष पार्टी या विचारधारा के प्रति विचारधारा या पक्षपात का डर नीति निमार्ताओं को ऐसी पहलों को लागू करने से रोक सकता है। हालाँकि, मतदाता शिक्षा गैर-पक्षपातपूर्ण होनी चाहिए, जिसमें चुनावी प्रक्रिया, मतदान के महत्व और उम्मीदवारों और नीतियों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने के बारे में ज्ञान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। निष्पक्षता और तटस्थता के सिद्धांतों का पालन करके, स्कूल छात्रों को स्वतंत्र, सूचित विकल्प बनाने के कौशल से लैस कर सकते हैं।

इसके अलावा, तार्किक चुनौतियाँ स्कूलों में मतदाता शिक्षा के कार्यान्वयन में बाधा बन सकती हैं। शैक्षिक अधिकारियों के साथ समन्वय करने, उचित पाठ्यक्रम सामग्री तैयार करने और प्रभावी पाठ देने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए ठोस प्रयास और निवेश की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न स्कूल जिलों और क्षेत्रों में स्थिरता सुनिश्चित करना एक तार्किक चुनौती है। फिर भी, ये बाधाएँ दूर करने योग्य नहीं हैं और एक सूचित और संलग्न मतदाताओं को बढ़ावा देने के दीर्घकालिक लाभों पर भारी नहीं पड़नी चाहिए।

तेजी से सामाजिक परिवर्तन और उभरते राजनीतिक परिदृश्य वाले युग में, पाठ्यक्रम डिजाइन में मतदाता शिक्षा और चुनावी साक्षरता के महत्व को कम करके आंका नहीं जा सकता है। सक्रिय नागरिकता के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और मूल्यों के साथ छात्रों को सशक्त बनाकर, शैक्षणिक संस्थान लोकतांत्रिक नवीनीकरण और सामाजिक प्रगति के लिए उत्प्रेरक बन जाते हैं। लोकतंत्र के प्रबंधकों के रूप में, शिक्षकों के पास एक सूचित और संलग्न मतदाताओं की परिवर्तनकारी क्षमता को अनलॉक करने की कुंजी है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए लोकतंत्र की नींव की रक्षा की जा सके।

पिछले कुछ वर्षों में चुनाव आयोग द्वारा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनावों के सफलतापूर्वक प्रबंधन और संचालन के साथ-साथ मतदाताओं की भागीदारी में जबर्दस्त वृद्धि के बावजूद, एक चिंता का विषय यह भी है कि 910 मिलियन में से लगभग 297 मिलियन मतदाता ऐसे थे जिन्होंनने लोकसभा आम चुनाव-2019 में अपना मतदान नहीं किया। मतदान प्रतिशत 67.4 प्रतिशत था। आयोग ने इसे सुधार की चुनौती के रूप में लिया है।




इस महत्वपूर्ण सहयोग का उद्देश्य युवाओं और प्रथम मतदाताओं के बीच ज्ञान के अंतर को दूर करते हुए युवाओं को सशक्त बनाना है। भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी में से एक है और चुनावी प्रक्रिया के प्रति युवाओं की उदासीनता के परिणामस्वरूप संभावित रूप से वयस्कों की भावी पीढ़ी मतदान करने में झिझक महसूस करती है। इस तरह की उदासीनता एक संपन्न लोकतंत्र की कार्यक्षमता पर महत्वपूर्ण रूप से प्रभाव डाल सकती है। इसलिए, शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से युवाओं में चुनावी साक्षरता जगाने के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस पहल से शहरी और युवाओं की उदासीनता को दूर करने के चुनाव आयोग के प्रयास में सहायता मिलने की आशा है, जिससे अगले आम चुनावों में बेहतर चुनावी भागीदारी हो सकेगी। लोकतंत्र के निरंतर विकसित हो रहे परिदृश्य में, मतदाता शिक्षा और चुनावी साक्षरता लचीले और सहभागी समाज के निर्माण के लिए आधारशिला के रूप में काम करती है। इन सिद्धांतों को शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल करके, हम न केवल भावी पीढ़ियों को प्रभावी नागरिकता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करते हैं, बल्कि लोकतांत्रिक जुड़ाव और जवाबदेही की संस्कृति का भी पोषण करते हैं। लोकतांत्रिक आदर्शों के संरक्षक के रूप में, पाठ्यक्रम डिजाइनरों की कल के नेताओं की नागरिक चेतना को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका है। आइए हम इस अवसर का उपयोग सूचित, सशक्त और सक्रिय नागरिकों को तैयार करने के लिए करें जो आने वाली पीढ़ियों के लिए लोकतंत्र की दिशा को आगे बढ़ाएंगे।

तो, सरकार पहली बार मतदाताओं को स्कूलों में प्रशिक्षित क्यों नहीं करती? शायद यह प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं, पूर्वाग्रह के बारे में चिंताओं और तार्किक चुनौतियों का एक संयोजन है। हालाँकि, ये बाधाएँ मतपेटी के माध्यम से अपने राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में सक्षम सक्रिय और सूचित नागरिकों के पोषण की अनिवार्यता की तुलना में कम हैं।अब समय आ गया है कि सरकारें स्कूली पाठ्यक्रमों में व्यापक मतदाता शिक्षा को एकीकृत करने की तात्कालिकता को पहचानें। ऐसे कार्यक्रमों में निवेश करके जो युवाओं को उनके अधिकारों, जिम्मेदारियों और लोकतंत्र के तंत्र के बारे में सिखाते हैं, हम राजनीतिक रूप से साक्षर व्यक्तियों की एक पीढ़ी तैयार कर सकते हैं जो हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों की सुरक्षा और मजबूती के लिए तैयार हैं। लोकतंत्र का भविष्य इस पर निर्भर करता है।

# अमेरिकी बैंक क्यों हो रहे दिवालिया?

प्रहलाद सबनानी

अमेरिका में वर्ष 2023 में 3 बैंक (सिलिकन वैली बैंक, सिगनेचर बैंक, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक) डूब गए थे एवं वर्ष 2024 में भी एक बैंक (रिपब्लिक फर्स्ट बैंक) डूब गया है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अमेरिकी केंद्रीय बैंक, यूएस फेडरल रिजर्व, द्वारा ब्याज दरों में की गई वृद्धि के चलते बैंकों के असफल होने की यह परेशानी बहुत बढ़ गई है।

सिलिकन वैली बैंक ने कई तकनीकी स्टार्ट अप एवं उद्यमी पूंजी फर्म को ऋण प्रदान किया था। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 20,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्तियां थी और यह अमेरिका के बड़े आकार के बैंकों में गिना जाता था और हाल ही के समय में डूबने वाले बैंकों में दूसरा सबसे बड़ा बैंक माना जा रहा है। इसी प्रकार, सिगनेचर बैंक ने न्यूयॉर्क कानूनी फर्म एवं अचल सम्पत्ति कम्पनियों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर रखी थीं। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 11,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति थी और अमेरिका में हाल ही के समय में डूबने वाले बड़े बैंकों में चौथे स्थान पर आता है। 31 जनवरी 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल सम्पत्तियां 600 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं जमाराशि 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर थीं। न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में बैंक की 32 शाखाएं थीं जिन्हें अब फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में जाना जाएगा क्योंकि फुल्टन बैंक ने इस बैंक की सम्पत्तियों एवं जमाराशि को खरीद लिया है।

पीयू रिसर्च संस्थान के अनुसार, चार शताब्दी पूर्व, वर्ष 1980 एवं वर्ष 1995 के बीच अमेरिका में 2,900 बैंक असफल हुए थे। इन बैंकों के पास संयुक्त रूप से 2.2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्ति थी। इसी प्रकार, वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के बीच अमेरिका में 500 बैंक, जिनकी कुल सम्पत्ति 95,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, असफल हो गए थे। ऐसा कहा जाता है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर अमेरिका में सामान्यतः बैंक असफल नहीं होते हैं। परंतु, इस सम्बंध में अमेरिकी रिकार्ड कुछ और ही कहानी कह रहा है। वर्ष 1941 से वर्ष 1979 के बीच, अमेरिका में औसतन 5.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 1996 से वर्ष 2006 के बीच औसतन 4.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं एवं वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के बीच औसतन 3.6 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 2022 में अमेरिकी बैंकों को 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ था। इसके पूर्व, वर्ष 1921 से वर्ष 1929 के बीच अमेरिका में औसतन 635 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। यह अधिकतर छोटे आकार के बैंक एवं ग्रामीण बैंक थे और यह एक ही शाखा वाले बैंक थे। अमेरिका में आई भारी मंदी के दौरान वर्ष 1930 से वर्ष 1933 के बीच 9,000 से अधिक बैंक असफल हुए थे। इनमें कई बड़े आकार के शहरों में कार्यरत बैंक भी शामिल थे और उस समय इन बैंकों में जमाकर्ताओं की भारी भरकम राशि डूब गई थी। वर्ष 1934 से वर्ष 1940 के बीच अमेरिका में औसतन 50.7 बैंक प्रतिवर्ष बंद किए गए थे।

अमेरिका में इतनी भारी मात्रा में बैंकों के असफल होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल है कि वहां छोटे छोटे बैंकों की संख्या बहुत अधिक होना है। बैकों के ग्राहक बहुत पढ़े लिखे और समझदार हैं। बैंक में आई छोटी से छोटी परेशानी में भी वे बैंक से तुरंत अपनी जमाराशि को निकालने पहुंच जाते हैं, जबकि बैंक द्वारा इस राशि से खड़ी की गई सम्पत्ति को रोकड़ में परिवर्तित करने में कुछ समय लगता है। इस बीच बैंक यदि जमाकर्ता को जमाराशि का भुगतान करने में असफल रहता है तो उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाता है और इस प्रकार बैंक असफल हो जाता है। कई बार बैंकों द्वारा किए गए निवेश (सम्पत्ति) की बाजार में कीमत भी कम हो जाती है, इससे भी बैंकें अपने जमाकर्ताओं को जमाराशि का भुगतान करने में असफल हो जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार बढ़ौतरी की गई है, जिससे इन बैकों द्वारा अमेरिकी बांड में किये गए निवेश की बाजार में कीमत अत्यधिक कम हो गई है। अब इन बैंकों को बांड में निवेश की बाजार कीमत कम होने के स्तर तक प्रावधान करने को कहा गया है और यह राशि इन बैकों के पास उपलब्ध ही नहीं है, जिसके चलते भी यह बैंक असफल हो रहे हैं।

एक सर्वे में यह बताया गया है कि आने वाले समय में अमेरिका में 190 अन्य बैंकों के असफल होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि ब्याज दरों के बढ़ने से ऋण की मांग बहुत कम हो गई है। विभिन्न कम्पनियों ने अपने विस्तार की योजनाओं को रोक दिया है, इससे निर्माण की गतिविधियों में कमी आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व, का पूरा ध्यान केवल मुद्रा स्फीति को कम करने पर है एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विकास दर को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उत्पादों की मांग कम हो और मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाया जा सके। इसके चलते कई कम्पनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी कर रही है एवं देश में युवा वर्ग बेरोजगार हो रहा है।

पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियां अमेरिका में बैंकिंग क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का हल नहीं निकाल पा रही हैं। अब तो अमेरिकी अर्थशास्त्री भी मानने लगे हैं कि आर्थिक समस्याओं के संदर्भ में साम्यवाद के बाद पूंजीवाद भी असफल होता दिखाई दे रहा है एवं आज विश्व को एक नए आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है। इन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट इशारा भारत की ओर है क्योंकि इस बीच भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित मॉडल भारत में आर्थिक समस्याओं को हल करने में सफल रहा है। अमेरिका में बैकों के असफल होने की समस्या मुख्यतः मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में की गई वृद्धि के कारण उत्पन्न हुई हैं।

# पश्चिम बंगाल से उत्तर प्रदेश को साधना चाहती हैं ममता?

डॉ. प्रभुनाथ शुक्ल

देश का आम चुनाव जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जनविश्वास की चुनौती का बड़ा सवाल है। वहीं दूसरी तरफ विखरे विपक्ष की सियासी एकता की अग्निपरीक्षा भी है। आम चुनाव को लेकर देश में शोर की राजनीति है। जनपक्ष से जुड़े जमीनी मुद्दे गायब हैं सिर्फ जुबानी जंग की लड़ाई है। आधुनिक भारत में विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम में हम चाँद और सूरज को नाप रहे हैं जबकि राजनीति में हमारी सोच आरक्षण, दलित, सम्प्रदाय, जाति, अगड़ा -पिछड़ा, हिन्दू -मुस्लिम से आगे नहीं निकल पा रही। यह आधुनिक भारत और युवापीढ़ी के लिए शर्म की बात है।

फिलहाल राजनीति भी प्रयोगवाद का विज्ञान है लिहाजा प्रयोग लाजमी है। चलिए हम उसी सियासी प्रयोगवाद के अध्ययन की तरफ ले चलते हैं। उत्तर प्रदेश राजनीतिक लिहाज से बड़ा प्रयोग क्षेत्र है। भाजपा का नारा अबकी बार 400 पार की असली जमीन उत्तर प्रदेश ही है। इस बार पश्चिम बंगाल की कुशल राजनीतिज्ञ खिलाडी ममता बनर्जी इण्डिया गठबंधन के रास्ते नया प्रयोग करना चाहती हैं। वह भदोही लोकसभा सीट के जरिए उत्तर प्रदेश की राजनीति में घुसपैठ करना चाहती हैं। उनकी इस सोच को जमीन देने का काम किया है समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने। उन्होंने अपनी सियासी दोस्ती में भदोही जैसी अहम सीट तृणमूल की झोली में डाल दिया है। ममता दीदी इस प्रयोग में कितनी सफल होंगी यह वक्त बताएगा।

ममता बनर्जी इस प्रयोगवाद के जरिए भाषाई राजनीति से अलग हटकर उत्तर भारत के सबसे बड़े हिंदी भाषी क्षेत्र में अपनी उपस्थित दर्ज करना चाहती हैं। अगर इण्डिया गठबंधन के जरिए यह प्रयोग सफल रहा तो वह इसी रास्ते हिंदी भूभाग पर राजनैतिक विस्तारवाद की फसल उगाएंगी। उनके इस सफ के सबसे अहम साथी यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव होंगे। मोदी बनाम विपक्ष की इस सियासी दोस्ती में दीदी को अखलेश यादव जैसा एक मजबूत सियासी दोस्त मिला है। दीदी के लिए उन्होंने बड़ा दिल दिखाया है। सपा यूपी में 63 जबकि कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।ममता और अखिलेश यादव के बीच हुए इस समझौते में मीडिया में यह बात भी आयी थीं कि अखिलेश यादव पश्चिम बंगाल में समाजवादी पार्टी के उपाध्याय किरणमय नंदा के लिए दक्षिण कोलकाता की सीट चाहते थे। क्योंकि यहाँ पूर्वांचल के आजमगढ़, गाजीपुर और चंदौली जिले के मतदाता काफी संख्या में रहते हैं। जिससे सपा वहां अपनी पैठ जमा सकती है। अब यह समझौता हुआ या नहीं कहना मुश्किल है। किरणमय नंदा 35 साल तक विधायक रहे। वह वाममोर्चा सरकार में 30 साल तक मंत्री रहे। वे समाजवादी विचारधारा के पोषक रहे जिसकी वजह से वे मुलायम सिंह यादव के करीब आए और परिवार में सियासी उठापटक के दौरान वे अखिलेश यादव के साथ मजबूती से खड़े रहे। जिसकी वजह से वह अखिलेश यादव के करीबी बन गए। नंदा की वजह से ही समजवादी पार्टी का अधिवेशन कोलकाता में हुआ था। बंगाल में वह समाजवादी पार्टी को खड़ा करना चाहते हैं। फिरहाल अखिलेश यादव ने ममता दीदी के लिए बड़ा दिल दिखाया और उन्हें भदोही सीट मिल गई है। हालांकि अखलेश यादव के इस फैसले से पार्टी के बड़े नेता आंतरिक तौर पर खुश नहीं होंगे। लेकिन भदोही के समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद जमाल बेग बातचीत के दौरान इस बात से इनकार किया था। फिलहाल बीमारी की वजह से वे अस्पताल में हैं। यहाँ से ममता ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे पंडित कमलापति के प्रपौत्र ललितेश पति त्रिपाठी को चुनावी मैदान में उतारा है।

ललितेशपति का परिवार खानदानी तौर पर कांग्रेस कल्चर से रहा है। ललितेश भी कभी गाँधी परिवार के बेहद करीबी माने जाते रहे। वे कांग्रेस से मिजार्पुर की मडिहान विधानसभा से 2012 में विधायक चुने गए।

मिजार्पुर उनके परिवार की सियासी कर्मस्थली रही है। उनके दादा लोकपति त्रिपाठी का यह कर्म क्षेत्र रहा है। ललितेश कभी प्रियंका गाँधी के बेहद खास रहे। लेकिन राजनीति में सबकुछ चलता है। किसी बात से नाराज होकर 2021 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल की शरण में चले गए। अब ममता ने उन्हें भदोही से उम्मीदवार बनाया है।

पश्चिम बंगाल में इण्डिया गठबंधन का कोई मतलब नहीं है वहां कांग्रेस और ममता एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। ममता दीदी भदोही में ललितेश को चुनावी मैदान में उतार कर सोची समझी रणनीति का परिचय दिया है। उन्होंने कांग्रेस को जहाँ जमीन दिखाई है वहीं एक ब्राह्मण चेहरा उतार कर एक नई सियासत का आगाज किया है। ललितेश कभी कांग्रेस के वफादार सिपाही थे। उनका पूरा खानदान कांग्रेस कल्चर का है लेकिन कांग्रेस से जब ठुकराए गए तो दीदी ने गले लगाया। ममता का दांव कांग्रेस के लिए एक सबक भी है।

दूसरी बात ललितेश एक ब्राह्मण चेहरा हैं। ममता भी ब्राह्मण हैं। भदोही में ब्राह्मण वोटर सबसे अधिक हैं। 2014 के बाद ब्राह्मण भाजपा की झोली में चला गया है। जबकि पश्चिम बंगाल में भाजपा यानी मोदी और ममता की सियासी दुश्मनी जगजाहिर है।

इसलिए उन्होंने पूर्वांचल के सियासी दिग्गज परिवार के युवा उमीदवार को उतार कर भजपा के वोट में सेंधमार अपना सियासी दाँव को सफल करना चाहती हैं। क्योंकि भदोही प्रधानमंत्री मोदी की वाराणसी संसदीय सीट की पड़ोसी सीट है।

# एग्यारकुंड मंडल के पिछड़ी जाति मोर्चा सम्मेलन वं जनसंपर्क अभियान चलाया गया




## आपका बेटा आपका सुख–दुख में 24 घंटा खड़ा रहेगा:ढुल्लू महतो

उज्जवल दुनिया

एग्यारकुंड। भारतीय जनता पार्टी एग्यारकुंड मंडल अंतर्गत पिछड़ी जाति मोर्चा सम्मेलन एवं मुगमा मोड़,मुगमा स्टेशन रोड मे जनसंपर्क अभियान चलाया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए, लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा आपका बेटा आपका सुख-दुख में 24 घंटा खड़ा रहेगा।

और यहां के जितने भी बड़ी समस्या सबको समाधान करेंगे।

मौके पर निरसा विधानसभा के विधायक अर्पणा सेनगुप्ता,जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, धनबाद ग्रामीण के जिला अध्यक्ष कुंभकार, मंडल अध्यक्ष रंजीत मोदी,मनु तिवारी,विजय सिंह,गुड्डू सिंह,अजय चौधरी,संजय ठाकुर,डब्लू बाउरी, सुरेंद्र यादव,मनोज यादव, मिथिलेश कुमार,राकेश चंद्रवंशी,इंदु देवी, दुर्गा देवी,रिंकी देवी,गीत गिरी, सहीत सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# चिन्मय विद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया

उज्जवल दुनिया

बोकारो : चिन्मय विद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षको ने मतदान करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प। बच्चे भविष्य के नागरिक हैं उनके मतदान से ही भविष्य की सरकारें बनेगीं तथा देश का भविष्य बनेगा। मतदान के महत्व समझाने हेतु एवं इसके प्रति जागरुकता उत्पन्न करने हेतु विद्यालय में कई कार्यक्रम अयोजित किए गए। इन सभी कार्यक्रमों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मतदान के महत्व को समझा और संकल्प लिया कि जब वे मतदान के अधिकारी होंगें तब निश्चित ही सभी मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के नीति-निर्धारण में अपना योगदान देंगें और वर्तमान में अपने माता-पिता, सगे-संबधियों एवं पड़ोसियों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आग्रह करेंगें ताकि मत प्रतिशत बढ़े। देश का लोकतंत्र मजबूत बने और सही निर्णय लेने वाली सरकारें बनें। इस अभियान के तहत निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें शिक्षको एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं पूरी उत्साह दिखाई जो




कार्यक्रम अयोजित किए गए वे इस प्रकार है। - नारा लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़-नाटक प्रतियोगिता एवं बैनर बनाकर मतदाताओं में वोट के प्रति चेतना उत्पन्न करना, जागरुक बनाना और अंतिम कार्यक्रम था बच्चों द्वारा शपथ ग्रहण।

इसमें सभी छात्र-छात्राओं ने शपथ लिया कि वे अपने माता-पिता, स्वजन-परिजन, इष्ट-मित्र एवं पड़ोसियों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अनुरोध करेंगें ताकि मत-प्रतिशत बढ़े। यह कार्यक्रम काफी रोचक रहा । मतदान मताधिकार के प्रति छात्र-छात्रा में रुचि उन्पन्न हुई। प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि - इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से छात्र भविष्य में एक जागरुक नागरिक बनेंगें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगें। प्राचार्य ने इस प्रकार के अद्भुत कार्यक्रम के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। चिन्मय विद्यालय का प्रयास अति सराहनीय कहा जाएगा। विद्यालय की ओर से व्हाटस-अप ग्रूप के जरिये सभी अभिभावकों एवं कर्मियों को मतदान में भाग लेने के लिए संदेश भेजा जाएगा तथा विद्यालय स्तर पर इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब की स्थापना की गयी । जिसका उद्देश्य-भविष्य के मतदाताओं को तैयार करना एवं उन्हें एक जागरुक नागरिक बनाना। परम पूज्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, आचार्या, चिन्मय मिशन बोकारो, विश्वरुप मुखोपाध्याय, अध्यक्ष, चिन्मय विद्यालय, महेश त्रिपाठी, सचिव, चिन्मय विद्यालय, आर. एन. मल्लिक, कोषाध्यक्ष, चिन्मय विद्यालय, सूरज शर्मा, प्राचार्य, नरमेन्द्र कुमार उप-प्राचार्य, ने मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम सुनियोजित ढ़ग से संपन्न करने के लिए बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों की प्रशंसा की । डॉ0 रौशन शर्मा एवं शिक्षको ने कार्यक्रम के संचालन में अहम भूमिका निभाई.

# मंहगाई-रोजगार विरोधी भाजपा हटाओ,लोकतंत्र-संविधान बचाओ नारे के साथ इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जिताने का ऐलान किया:संयुक्त मोर्चा



● इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड स्तरीय बैठक,गठबंधन के सारे दलो के नेताओ ने भाग लिये

उज्जवल दुनिया

एग्यारकुंड। लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड स्तरीय बैठक सोमवार के रात आठ बजे मैथन रोड स्थित माले कार्यालय में हुई। जिसमें गठबंधन के सारे दलो के नेताओ ने भाग लिये।

बैठक की अध्यक्षता माले नेता नागेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में एग्यारकुंड प्रखंड स्तरीय 27 सदस्यीय चुनाव संचालन समिति की गठन की गई।जिसमें कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन संयोजक बनाए गए और सह संयोजक झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन व माले के प्रखंड सचिव मनोरंजन मलिक, सीपीएम के प्रखंड सचिव सोमना लहरी,सीपीआई के प्रखंड सचिव रामशोभित प्रसाद,राजद के घमण्डी यादव बनाए गए। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव प्रभारी सह झारखंड प्रदेश इंटक के संयुक्त महामंत्री वं राष्ट्रीय इंटक के सचिव श्यामल कु० सरकार,डीबीसी कर्मचारी संघ ( इंटक ) के सचिव सदन सिंह,कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्या सह प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकयारी विधान सभा प्रभारी दुर्गा दास,संतोष घोष,शशीभूषण तिवारी, मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में मंहगाई-रोजगार विरोधी भाजपा हटाओ, लोकतंत्र-संविधान बचाओ नारे के साथ लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जिताने का आह्वान किया गया। एग्यारकुंड प्रखंड के सारे बूथों पर गठबंधन के मजबूत बूथ कमिटि बनाने का निर्णय लिये गए। मौके पर काशीम अंसारी, सिराजुद्दीन अहमद,बासुदेव महतो,फहीम अहमद,के के त्रिपाठी,जितेंद्र शर्मा,सत्येन्द्र चौहान, मुन्ना चौहान,कमलेश सिंह सुरेन्द्र पासवान,रवि साव व दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# मैं भी हूँ एलेक्सन एंबेसडर टूण्डी बीडीओ शैलेन्द्र कुमार चौरसिया




टुंडी : भारत निर्वाचन आयोग / मंत्रिमंडल निर्वाचन झारखंड के निदेर्शानुसार मंगलवार को इलेक्शन एंबेसडर सोशल मीडिया कैंपेन संचालित किया गया इस दौरान मैं भी हूँ एलेक्सन एंबेसडर टूण्डी बीडीओ शैलेन्द्र कुमार चौरसिया ने अपने सरकारी वाहन को मातदाता जागरुक्ता पोस्टर लगाकर उसे मातदाता जागरुक्ता रथ मे तबदिल कर अहले सुबह रतनपुर पंचायत के संत जेवियर्स उच्च विद्यालाय गादी टुण्डी पहुँचकर वहां पढने वाले डेढ़ हजार बच्चो के बीच सुबह का प्रार्थना मे पहुँचकर बच्चो को चुनाव के बारे मे बिस्तार से जानकारी दिया तथा मतदाता प्रतिज्ञा शपथ दिलाया गया साथ ही बच्चो को अपने माता पिता को 25 मई को मतदान करने तथा उन्हे मातदान केन्द्र मे बीएलओ द्वारा दिया मातदाता पर्ची के साथ आवश्यक कौन कौन से परिचय पत्र लेकर जाना है इसके बारे में बिन्दुवार जानकारी दिए उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत मतदान कराना मेरी पहली प्राथमिकता है इसे पूरा करने मे सबका सहयोग लेने आया हूँ

# महामारी का रूप लिया शुगर और उच्च रक्तचाप नें : डॉ श्रवण

उज्जवल दुनिया

बोकारो : रोटरी क्लब चास द्वारा सांई कंप्यूटर सेंटर, जोधाड़ीह मोड में पीपीएच स्वास्थ्य अभियान के तहत शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन,हाईट एवं पल्स जांच शिविर का आयोजन कराया। रोटरी चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि स्वास्थ्य ही हमारी असली पूंजी है । पूजा ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे जीवन शैली में इतना परिवर्तन आ गया है की जीवन क्रिया में बदलाव के कारण हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ श्रवण ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हमारा कर्तव्य है। डॉ श्रवण ने कहा की भारत में बड़ी संख्या में व्यक्ति शुगर अथवा उच्च रक्तचाप से ग्रसित होता है पर उन्हें पता नहीं होता क्योंकि वह समय पर जांच नहीं करवाते हैं। डॉ श्रवण ने यह भी कहा 40 वर्ष और ऊपर के सभी व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से साल में काम से कम दो बार रेगुलर बीपी और शुगर की जांच करवाते रहना चाहिए।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चेंबर के पूर्व अध्यक्ष अशोक तनेजा ने कहा की शुगर और ब्लड प्रेशर की बिमारी महामारी की तरह फैल रही हैं। अशोक तनेजा ने कहा कि यदि लंबा और सुखी जीवन जीना है तो दोनों बीमारियों पर कंट्रोल करना होगा।डॉ रविकांत ने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप को कभी जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। डॉ रवि ने कहा की नियमित रूप से दवाइयां लेकर हम इन्हें कंट्रोल में कर सकते हैं।

चास रोटरी की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति हमें सजग रहना होगा। डिंपल ने यह भी कहा की चास रोटरी का यह स्वास्थ्य अभियान आगे भी जारी रहेगा।

डिंपल ने बताया की स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 42 लोगों के शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन एवं पल्स की जांच की गई, और इनमें से कई लोगों को शुगर एवं ब्लड प्रेशर पाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनोद चोपड़ा, संजय रस्तोगी, शिवानी तनेजा, शैल रस्तोगी,जेड खान, शाहिद अंसारी खा साराहनीय योगदान रहा.

# महिला कांग्रेस ने किया तूफानी दौरा अनुपमा सिंह के लिए मांगा वोट

उज्जवल दुनिया

धनबाद। धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष सीता राणा के नेतृत्व में तूफानी दौरा किया गया। धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष सीता राणा ने झरिया, जमाडोवा, मोहन बनी न्यू कॉलोनी, भागा चार नंबर, पिरकु बांध पटियाडीह, बरारी क्षेत्र में सघन जन संपर्क अभियान चलाया।

सीता राणा ने लोगों से मिलकर कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से अवगत कराया और कांग्रेस के पांच न्याय पच्चिद गारंटी बताया और अनुपमा सिंह के पक्ष में हाथ छाप पर वोट देने की अपील की।

सीता राणा ने मौके पर कहा कि धनबाद को अपराध का अड्डा बनने से रोकना होगा। भाजपा ने एक ऐसा प्रत्याशी मैदान में दिया जिसपर पचास मामले दर्ज हैं।



अगर भाजपा धनबाद में जीतेगी तो धनबाद अपराधियों का गढ़ बन जायेगा। जिसका खामियाजा धनबाद के लोगों के साथ यहां के व्यापार पर पड़ेगा। कांग्रेस ने साफ छवि और शिक्षित महिला को प्रत्याशी बनाया है। अनुपमा सिंह के जितने से धनबाद का विकास होगा। महिला सशक्तिकरण को नया बल मिलेगा।मौके पर रूबी खातून, हेमन्ती जयसवाल, गीता सिंह, मुस्कान सिंह, आसमा खातून , बिंदु देवी, मुस्कान खातून, मीना प्रजापति, पिंकी देवी, शाहिना बानो, हुस्ना बानो, अफरोज खातून आदि मौजूद थी।

# मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व में देश मजबूती से उभर रहा : ढुल्लू महतो



बोकारो : दिनप्रतिदिन बोकारो विधानसभा में भाजपा कार्यकताओं द्वारा जन सम्पर्क, बूथ स्तरीय बैठक हर क्षेत्रों में की जा रही। बोकारो विधानसभा क्षेत्र के कोऑपरेटिव मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह की अध्यक्षता में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक रविवार की रात मंडल कार्यालय में संम्पन्न हुई जिस मैं भाजपा के धनबाद लोकसभा के उम्मीदवार ढुल्लु महतो,बोकारो विधायक बिरंची नारायण, लोकसभा सह संयोजक रोहितलाल सिंह, बोकारो विधानसभा प्रभारी चन्द्रशेखर अग्रवाल मौजूद रहे। महापुरुषों की चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक की शुरूआत की गई। मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया गया। मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लु महतो को जीत की अग्रिम बधाई दी। ढुल्लु महतो ने कहा कि जनता का भरोसा मोदी सरकार के कुशल नेतृत्व पर है आज देश मजबूती से उभर रहा ।2047 मे मोदी सरकार का सपना है भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का। आइए हम सभी मिलकर केंद्र सरकार के सपने को साकार करे। यह तभी हो सकता जब 400 सीटों के साथ केंद्र में मोदी सरकार बने। हर गांव शहर में रह रहे लोग मोदी सरकार के कई योजनाओं से लाभान्वित हुए है। आप सभी अपना आशिर्वाद दे धनबाद लोकसभा के समृद्धि मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये।

बिरंची नारायण ने कहा कि बोकारो की जनता ने मोदी को माना है जाना भी है। 10 वर्षो मे जो मोदी ने कर के दिखाया वो आजतक किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया। कश्मीर में धारा 370,35अ हटाकर कश्मीर को भारत का हिस्सा बनाया । देश की अर्थव्यवस्था आज तीसरे स्थान पर हैं। सह संयोजक रोहितलाल सिंह ने कहा बोकारो की जनता ने पिछली बार 1 लाख 84हजार वोटो देकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी इस बार 2 लाख से अधिक वोट देकर जीत भाजपा प्रत्याशी ढुल्लु महतो को दिल्ली भेजेगी। बैठक मे जिला उपाध्यक्ष दिलिप श्रीवास्तव, कमलेश राय, अशोक कुमार पप्पू,इंद्र कुमार झा,विनय आनंद, विनोद सिंहा,विपिन कुमार, प्रकाश चटर्जी,चन्द्रशेखर सिंह, अरुण वर्णवाल,सुमंत सिंह, अविनाश झा, जितेन्द्र प्रसाद, राजू साव, संजय प्रसाद,अनिता सिंह, रिंकू सिंह, तेजपाल सिंह, नीरज पांडे, भोला साव, आदि मौजूद रहे.

## गिरिडीह: सात उम्मीदवारों का नामांकन प्रपत्र रद्द, अब 18 उम्मीदवारों शेष

उज्जवल दुनिया

बोकारो : 06 गिरिडीह लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को उम्मीदवारों के नामांकन की संवीक्षा हुई। गिरिडीह से कुल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया था।

इनमें 07 उम्मीदवारों के नामांकन को अयोग्य पाया गया। उनके नामांकन को रद्द कर दिया गया। सात उम्मीदवारों के नामांकन रद्द होने के बाद चुनावी मैदान में अब सिर्फ 18 उम्मीदवार शेष रह गये हैं। 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि कुल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिला किया था। आज संवीक्षा में कुल 07 उम्मीदवारों का नामंकन प्रपत्र में त्रुटि रहने के कारण रद्द किया गया। अब कुल 18 उम्मीदवार 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में शेष है। अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 09 मई 2024 है।

# टुंडी के प्रा0वि0 चरकखुर्द के बूथ नंबर 10 में स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

● मैं हूं एम्बेसडर/ राजदूत कार्यक्रम हेतु बूथ नंबर 10 में मतदाता प्रतिज्ञा पढ़कर सुनाया गया

उज्जवल दुनिया

टुंडी : टुंडी प्रखण्ड क्षेत्र के पश्चिमी टुंडी के जाताखुंटी पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चरकखुर्द बूथ नम्बरः- 10 में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदान जागरूकता अभियान में उपस्थित ग्रामीण मतदाताओं को सम्बोधन के क्रम में रोजगार सेवक शशि भूषण एवं कृषक मित्र सुधिर चन्द्र मंडल ने शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया साथ ही कहा सच्चे मतदाता का हैं एक ही पहचान नगद राशि, शराब या मुफ्त उपहार बिना करें मतदान ।चुनाव को राष्ट्र पर्व और देश की गर्व के रूप में मनाएं एवं स्वच्छ मतदान करें । मतदाता प्रतिज्ञा पत्र



पढ़कर ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई । तत्पश्चात सबों को मतदाता मार्गदर्शिका पुस्तक वितरण किया ।मौके पर मुख्य रूप से मतदान केन्द्र प्रा० वि० चरकखुर्द के प्रभारी पारा शिक्षक तुलसी नारायण सिंह एवं पारा शिक्षक नवीन चन्द्र सिंह ,बी०एल०ओ० सह सेविका पुष्पा देवी, स्वास्थ्य सहिया मधु सिंह , जल सहिया पुतुल देवी, कृषक मित्र सुधीर चन्द्र मंडल, बिनोद कुमार रजक, वि० रसोईया मुन्नी देवी,स्वंय सहायता समूह के अध्यक्ष पुजयन्ती देवी,,डोली देवी, पोषण सखी, भूसिया देवी, यशोदा देवी, छवियां देवी, चमेली देवी, फुलवा देवी, कान्ति देवी ,रीना देवी, बिसनी देवी, नौरंगी देवी, दशिया देवी, धनेश्वरी देवी, तारा देवी,मंदवा देवी, मोतिम मियां, कृष्णा हजाम, पप्पू मंडल, सुरेन्द्र मंडल इत्यादि उपस्थित रहे । इसके अलावा नया प्राथमिक विद्यालय संथालडीह के प्रभारी पारा शिक्षक मथुरा मंडल तथा तिलक मंडल एवं नप्राथमिक केन्दुवाटांड में बिनोद बास्की की देखरेख में सम्पन्न हुई ।

# रेवान्ना को बचा रही मोदी सरकार : सीता राणा



धनबाद। धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने धनबाद उपायुक्त के माध्यम से देश के महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखकर हासन के सांसद रेवन्ना के खिलाफ कठोर कार्यवाई करने की मांग की है।

सीता राणा ने मौके पर कहा कि भाजपा महिलाओं के साथ अत्याचार करने वालों को बचाने का काम कर रही । पहले बृजभूषण को बचाने का काम किया और अब जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना द्वारा हजारों लड़कियों के साथ दुराचार की घटना सामने आने पर मोदी सरकार रेवान्ना को बचाने में जुटी है। मौके पर हेमंती जयसवाल, रूबी खातून, गीता सिंह, बिंदु देवी, मीना प्रजापति , शाहिना बानो, मुस्कान खातून, हुस्ना बानो, मुस्कान सिंह, सविता सिंह आदि मौजूद थी।

# धनबाद भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का निरसा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों जनसंपर्क अभियान चलाया

## जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले धनबाद लोकसभा एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो:विधायक अपर्णा सेनगुप्ता



उज्जवल दुनिया

एग्यारकुंड। भाजपा धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का निरसा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और चौक चौराहों पर जनसंपर्क अभियान धुआंधार चलाया।जिसमे मंगलवार को सुबह 9:00 बजे से जनसंपर्क की शुरूआत तेतुलिया मोड पर निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने भव्य स्वागत के साथ हुआ शुरूआत। वही डूभी, सिरका, गोपालगंज, देवियाना,भालखारिया,खसरी, पांड्रा,डांगपाडा,शासनबेरिया, मडमा,कंचडी,स्वागत मोड,मुगमा स्टेशन रोड, शिवडंगाल, भालुक सुंधा, गलफरबाड़ी, सियालकनाली, नीमडंगाल,गलफरबड़ी मोड मे भजन व ओबीसी के साथ बैठक किया, पात्थरचाली,एग्यारकुंड दुर्गा मंदिर के पास बैठक,मुंडा थोड़ा, संजय नगर, कालीमंडा,गाड़ीखाना, पंचमोहली, जोगरात,डूमुरकुंडा, लायडीह, जामकुदर,नतुनगाँउ,जांच पोटारी मे 9 बजे लास्ट बैठक किया गया है। वही जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले धनबाद लोकसभा एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के साथ निरसा विधानसभा अंतर्गत टोपाटांड बाउरी टोला पहुंचकर चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद गोवर्धन दिकपती बाउरी जी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और टोपाटांड़ बाउरी टोला के देवतुल्य ग्रामीणों से आशीर्वाद माँगा और कमल फूल छाप पर बटन दबाकर विजय बनाने की अपील की और इस दौरान निरसा विधानसभा क्षेत्र के सभी जगह जगह पर ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर ढुलू महतो को स्वागत किया और जनसमर्थन देते हुए आशीर्वाद दिया। मौके पर भाजपा पदाधिकारी, मंडल अधिकारी एवं कार्यकर्ता हर जगह मौजूद थे।

# एक बार फिर मोदी सरकार के नारे को सफल बनाने का काम करेंगे : एंजेला सिंह




बोकारो : आजसू पार्टी के चन्द्र प्रकाश चौधरी के नामांकन व जनसभा जैनामोड़ , बोकारो में भाजपा नेत्री सह पूर्व अंतरराष्ट्रीय तिरंदाज एंजेला सिंह अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ गांजे बाजें के साथ पहुंची। पत्रकरों से बात करते हुए एंजेला सिंह ने कहा कि भाजपा समर्थित आजसू के गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी कि जीत आज के जनसभा में सुनिश्चित हो गई है। उनकी जीत के अन्तर को बढ़ाने के लिए हम मिलकर काम करेंगे और मोदी जी के चार सौ पार, एक बार फिर मोदी सरकार के नारे को सफल बनाने का काम करेंगे.

# बोकारो में अगामी 10 मई को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कि जनसभा



उज्जवल दुनिया

बोकारो : अगामी 10 मई को सेक्टर 2 सी दुर्गा पूजा मैदान में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित । उक्त आंश्य की जानकारी देते हुए बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहां की कुशल संगठनकर्ता,प्रखर वक्ता,केंद्रीय रक्षा मंत्री सह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह है। उनके सभा को सुनने के लिए क्षेत्र की जनता भी उत्साहित है। विधायक बिरंची नारायण के आवासीय कार्यालय में जिलाध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में तैयारी बैठक संपन्न हुई। जिसमें लोकसभा के सहसंयोजक रोहित लाल सिंह,शरद महतो शशिभूषण ओझा मुकुल,कमलेश राय,संजय त्यागी,बिराभद्र प्रसाद सिंह,इंद्र कुमार झा,माथुर मंडल,विनय किशोर,मनोज सिंह,अनिल सिंह,अभय कुमार गोलू,राजू गुप्ता शेतान यस उपस्थित थे.

# चुनाव 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

## निर्वाचन कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**गिरिडीह :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में निर्वाचन की तैयारियों विभिन्न कोषांगो की समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, निर्वाची पदाधिकारी, 31 गांडेय विधानसभा, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, वरीय/नोडल पदाधिकारी, डाक मत पत्र कोषांग, वरीय/नोडल कार्मिक कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, अभ्यर्थी कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग, वरीय/नोडल पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कोषांग समेत निर्वाचन के कई अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा बारी बारी से सभी कोषांगवार समीक्षा की गई तथा निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की गई। इसके अलावा अधिकारियों को उनके कार्य दायित्व के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा निर्वाचन को लेकर सभी तैयारियों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने आदर्श आचार संहिता कोषांग की समीक्षा करते हुए कहा कि एमसीसी से संबंधित मामले आते है तो उसका उचित रिकॉर्ड रखें और सी-विजिल के माध्यम से उन सभी का समाधान सुनिश्चित कराएं। साथ ही डाक मत कोषांग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने डाक मत पत्र से मतदान होनेवाले प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की तथा अबतक कितने लोगों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया है, उसकी जानकारी ली तथा कई दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने सभी बीडीओ/सीओ को सख्त निर्देश दिया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों में रूस व्यवस्था की जानकारी ली और कई बिंदुओं पर सख्त निर्देश दिया। इसके अलावा जिला नियंत्रण कक्ष को 24म 7 संचालित करने के निर्देश दिए गए तथा समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

## भरकट्टा बाजार में भाजपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुवा।



**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी प्रखंड क्षेत्र के भरकट्टा बाजार में मंगलवार को भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने फीता काटकर किया इस अवसर पर भाजपा के पछ में जमकर नारा लगाया गया।वहीं श्री महतो ने कहा कि चुनाव बहुत नजदीक है इसलिए भाजपा के सभी नेता और कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर कैसे बढत बनाइयेग इसके तयारी में जुट जाय और जनता से भी भाजपा के पछ में वोट मांगे।इस अवसर पर मुख्य रुप से सूरज सुमन विक्रम तवे नारायण पांडेय राजेन्द्र राम टूपलाल वर्मा रामाशीष राय रणजीत सिंह विशेश्वर साव के के वर्मा निरंजन कुमार मनोज सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## असंगठित मजदूर मोर्चा शाखा मधुबन द्वारा बैठक का आयोजन किया गया

**मधुबन(गिरिडीह)** मधुबन हटियाटांड मैदान के प्रागंण मे मंगलवार को असंगठित मजदूर मोर्चा शाखा मधुबन का एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता शाखाध्यक्ष कॉ0 अजीत राय एवं संचालन सचिव कॉ0 मनोज कुमार महतो ने किया।बैठक में मुख्य रूप से एक मई 2024 को मनाये गये केंद्रीय रूप मज़दूर दिवस की समीक्षा किया गया। साथ ही साथ पीछले माह 11 मार्च 2024 को झारखंड सरकार द्वारा लागू न्युनतम मजदूरी महीनों बीत जाने के बाद भी मधुबन के किसी भी संस्था व ठिकेदारों द्वारा नहीं दिया जा रहा है। जिसका खामियाजा यहाँ के मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि श्रमायुक्त गिरिडीह द्वारा सभी संस्थाओ को बढ़ोतरी दर पत्राचार भी किया जा चुका है। लेकिन सभी संस्था के अधिकारी व ठीकेदार लोग नींद मे सोया है। यूनियन भी दैनिक एवं मासिक न्युनतम मजदूरी दरों को संस्था एवं ठिकेदारो को पत्राचार करने का निर्णय लिया गया व न्यूनतम मजदूरी भुगतान कराने के लिए उग्र आंदोलन लेने का निर्णय लिया है। मौके पर मुख्य रूप से द्वारिका राय,सुरज तुरी,थानुराम महतो,परसुराम महतो,सोहन महतो,रूपलाल महतो,चीरंजीवी महतो,गंदौरी सिंह, कैलाश सिंह,मोहन टुडू, केसू महतो,मंसू हांस्दा अनील किस्कू,कामेश्वर महतो,महेश महतो,पानोदेवी,बसंत कर्मकार,चारो मांराडी,सावित्री देवी,कलावती देवी,बसंती देवी,सोनामुनी देवी, गुलाबकुमारी,गुडीया देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## जैन धर्म के 21वें तीर्थंकर का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया

**मधुबन(गिरिडीह)**शाश्वत तीर्थराज सम्मेदशिखर की पावनधरा मे बसा पारसनाथ पर जैन धर्म के 21वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री नमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मंगलवार को मनाया गया।प्रातःकाल पर्वत मे बना मित्रधर कूट का साफ-सफाई पर टोंक मे विराजमान प्रभु की चरणपादुका का जल व पंचामृत से प्रक्षाल व अभिषेक कर पूरे नियमानुसार पूजा,पाठ,व विधान कर शांतिधारा का विधान किया गया।ततपश्चात कार्यक्रम मे उपस्थित दर्जनों श्रद्धालुओं को पूजा,अर्चना व यथा संभव त्याग कर पुण्य अर्जित करने का संकल्प भी दिलवाया गया।तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए पर्वत मे बना मित्रधर कूट मे निर्वाणलाड् चढाया गया।

## पीएम का कार्यक्रम को लेकर भाजपा के नेताओ ने किया आडवार मैदान पेशम का निरीक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी प्रखंड क्षेत्र के आडवार मैदान पेशम का मंगलवार को भाजपा के नेताओ ने निरीक्षण किया।इस अवसर पर बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि यह पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी भाजपा के नेता व कार्यकर्ता तैयारी में जुट जाय।क्योंकि भाजपा ही एक पार्टी है जो सबका साथ ओर सबका विकास चाहती है।वहीं कोडरमा के प्रभारी कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा राष्टीय पार्टी है पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश का चहुमुखी विकाश हुआ है सभी वर्ग के लोगो के साथ साथ सभी क्षेत्रों में विकाश हुआ है।इसलिए पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी जुट जायँ ओर कार्यक्रम को सफल बनावे।इस अवसर पर मुख्य रूप से बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो जमुआ विधायक केदार हाजरा कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव कर्मवीर सिंह आदित्य साहू महादेव दुबे बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज सूरज सुमन निरंजन कुमार अमित यादव लक्ष्मण सिंह नवीन सिन्हा लक्ष्मण दास परमेश्वर मोदी कामेश्वर पासवान मुनिया देवी राजेन्द्र राम देवनाथ राणा सुभाष सिंह नारायण पांडेय रणजीत राय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डीएवी सीसीएल स्कूल में लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**गिरिडीह :** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल गिरिडीह के द्वारा लोकसभा चुनाव को ले कर स्वीप कार्यक्रम के तहत बड़े पैमाने पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए गए । विद्यालय के बच्चों के द्वारा जिला के बनियाडीह /जोगीतांड में विभिन्न भीड़- भाड़ वाले क्षेत्रों मे नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु आम लोगों को प्रेरित किया गया। नाटक के माध्यम से उपस्थित आम लोगों को मतदान के महत्व के बारे में समझाया गया और मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गए है। इसके लिए जोगीतांड एवं बनियाडीह के क्षेत्रों मे जाकर नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु आम लोगों को प्रेरित किया गया। नाटक के माध्यम से उपस्थित आम लोगों को मतदान के महत्व के बारे में समझाया गया और मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर होर्डिंग भी वितरित किया गया। साथ ही साथ आम लोगों से अपील किया गया कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में मतदान तिथि 25 मई को अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर विद्यालय के प्राचार्य श्री ओपी गोयल ने सभी को अवश्य मतदान करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों ने, मतदाता जागरूकता पर,विभिन्न प्रकार कार्यक्रम भी किए तथा मतदाता जागरूकता विषय पर विद्यालय के एटीएल में क्विज अंतर सदनीय प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें हंसराज और दयानन्द सदन प्रथम, टैगोर सदन द्वितीय, और विवेकानंद सदन तृतीय स्थान प्राप्त की। सीसीएल बनियाडीह के द्वारा रक्तदान का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण-शिक्षिकेत्तरगण एवं अभिभावकों ने रक्तदान कर सीसीएल गिरिडीह में अधिक -अधिक लोगों कों रक्तदान जागरूक।

## 20 मई को कोडरमा लोकसभा व गांडेय विधानसभा उप चुनाव तथा 25 मई को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में मतदान है

### वैन के माध्यम से आमजनों को चुनाव संबंधी जानकारी दी गई



**गिरिडीह :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता को लेकर एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के सरिया प्रखंड के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डिजिटल वैन के माध्यम से गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 20 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा जिन्होंने अभी तक फॉर्म 6 नहीं भरा है वो अभी फॉर्म 6 से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा एलईडी वैन के माध्यम से सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी गई।

## जनता का समर्थन मिला तो अपने दायित्व पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा : प्रो वर्मा



**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह लि के गांडेय प्रखंड अंतर्गत गांडेय प्रखंड मुख्यालय में कोडरमा लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी प्रो जय प्रकाश वर्मा गांडेय प्रखंड मुख्यालय में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। साथ ही गांडेय प्रखंड के विभिन्न गांवो का भ्रमण कर हजारों लोगों से मिला।वही गांडेय प्रखंड मुख्य बाजार में में रोड शो आयोजित किए।इधर संबोधित करते हुए कहा कि प्रो वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सब सोच समझकर मतदान करने की बात कही। कहा कि भाजपा प्रत्याशी पांच साल जनता के प्रति उदासीन रही है। कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र की जनता के समक्ष परिवर्तन करने का अच्छा मौका है। कहा कि जनता का समर्थन मिला तो वह अपने दायित्व पर खरा उतरने के प्रयास करेंगे। मौके पर उपस्थित नवीन वर्मा, दिनेश वर्मा, श्रीराम वर्मा समेत सेक?ो लोग उपस्थित थे।.

## प्रधानमंत्री ने कोडरमा और गिरिडीह की जनता से की वादाखिलाफी : विनोद सिंह



**तिसरी प्रतिनिधि।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन उम्मीदवार विनोद सिंह ने कहा कि आवादी के बाद से खुद को जनता का सेवक कहने वाले प्रतिनिधियों की संपत्ति दिन दुगुनी - रात चौगुनी बडी है। आज जनता गरीब है और प्रतिनिधि करोडपति, जिसमें सबसे ज्यादा संख्या भाजपा के नेताओं की है।कहा कि दोनों खेमों में भ्रष्टाचार व्याप्त है यदि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कार्यवाई होती तो सबसे ्यादा कार्यवाई की मात्रा भाजपा के नेताओं के यहां होती।

दोनों खेमों में भ्रष्टाचार

उन्होंने कहा कि आज देश में एक ऐसे आयोग की जरूरत है जो विधायक और सांसद के जितने से पहले और जितने के बाद की सम्पति की जांच करे। कहा कि सरकार जनता बनाती है लेकिन यहां ईडी और सीबीआई ही सरकार बना रही है। इंडिया गठबंधन उम्मीदवार विनोद सिंह ने मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान तिसरी चौक पर मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान उक्त बातें कहा। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री जनता के बीच किए गए सभी दावों पर विफल साबित हुए हैं। उन्होंने कोडरमा में जनसभा के दौरान कहा था कि क्षेत्र में में माइका की चमक लौटेगी, जमुआ में कहा था कि गिरिडीह को आकांक्षी जिला बनाया जायेगा। नतीजा यह हुआ कि प्रधानमंत्री आवास भी बंद हो गया।

उन्होंने कहा कि यह सरकार महंगाई, विकास और रोजगार के नाम पर बनी थी लेकिन हालात बदलने की जगह केवल नाम बदला गया। कहा कि जो चार सौ सीटों की मांग कर रहें हैं वे मनरेगा की मजदूरी 400 क्यों नहीं कर रहें हैं मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल, मुन्ना गुप्ता, मुन्ना राणा,राजकुमार शर्मा,मुमता अंसारी, छोटू यादव,मुन्द्रिका यादव आदि मौजूद थे।.

## एक-नजर

### रोटरी गिरिडीह के द्वारा ब्लाइंड स्कूल मे प्लंबिंग और इलेक्ट्रिकल समेत कई कार्य कराया गया



**गिरिडीह :** रोटरी गिरिडीह के द्वारा मांगरोडीह स्थित ब्लाइंड स्कूल मे प्लंबिंग और इलेक्ट्रिकल का काम करवाया गया। इसके साथ ही स्कूल में बैटरी से लाइट्स और पंखे चलने का काम करवाया जा रहा है। बच्चो के मनोरंजन के लिए वहां बच्चों के साथ क्रिकेट खेला गया और करीब 50 बच्चों को डोसा और इडली आइसक्रीम, चाकलेट खिलाया गया। इसे सफल बनाने में प्रोजेक्ट चेयरमैन अंशुल जैन का योगदान रहा। इस मौके पर प्रेसिडेंट मनीष तरवे, सेक्रेटरी आशीष तरवे डॉ टीएन देव, सारंग केडिया, रंजीता तरवे, निशा जैन और सोनाली तरवे मौजूद थे।..........28

### प्रांतीय यादव महासभा की बैठक में लोकसभा एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर बनाई गई रणनीति



**गिरिडीह :** बेंगाबाद प्रखंड के छोटकी खरगडीहा पंचायत स्थित असगंदो जंगल के समीप प्रांतीय यादव महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में आगामी लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया और चुनावी रणनीति तैयार की गई। बैठक में यादव समाज के लोगों सर्वसम्मति से कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में दिलीप वर्मा को समर्थन का निर्णय लिया।

बैठक में समाज की अगुवाई करने वाले नेताओं दोनो प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झारखंड भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, गिरिडीह जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, बेंगाबाद के पूर्व प्रमुख रामप्रसाद यादव समेत सैंकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।.

### भाजपा के प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने किया बेंगाबाद के विभिन्न गांव का दौरा

**बेंगाबाद :** विधानसभा उपचुनाव की भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा मंगलवार को बेंगाबाद के मुख्य बाजार के अलावे को बेंगाबाद की विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया ।इस दौरान उनके साथ भाजपा समेत अन्य नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे। गांडेय विधानसभा उपचुनाव भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा और लोकसभा भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में मतदान की अपील की गई ।इसी क्रम में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने बेंगाबाद मुख बाजार में जनसंपर्क के दौरान कहा कि राज्य सरकार के खिलाफ जिन्होंने लगातार 4 वर्षों तक राज्य को दोहन करने का काम किया है।

एक भी विकास और जितने भी वादे किए थे एक भी काम अपने राज्य में पूरा नहीं हुआ और न ही गांडेय विधानसभा में विकास देखने को मिलता है जिससे जनता निराश भी है और हताश भी है लेकिन मोदी जी पर लोगों को आस्था बनी हुई है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहतर कार्य शैली के कारण आज पूरे विश्व में डंका बज रहा है 2024 में एक बार फिर दिल्ली की गदी पर उनकी ताजपोसी के साथ मजबूत भारत के निर्माण में लोगों को अपनी भागीदारी निभानी है।।

कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो जनता के साथ वादा किए थे वह पूरा कर दिखाया है।। मैं तमाम गांडेय विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से निवेदन करता हूं कि अपना बहुमूल्य मतदान भाजपा के पक्ष में करें। जनसंपर्क अभियान बेंगाबाद दामोदर्दीसमेत कई दर्जनों गांव का किया दौरा।.....

### सुबोध यादव ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**डुमरी-** प्रखंड के बेरहा सूईयाडीह पंचायत के मुखिया व क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सह गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार सुबोध यादव मंगलवार को डुमरी प्रखंड के

पूर्वाखंड स्थित नगरी का दौरा कर और लोगों से संपर्क कर अपने पक्ष में वोट करने की अपील की।जनसंपर्क करने के बाद सुबोध यादव ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के हर वर्ग के मतदाताओं का समर्थन उन्हें मिल रहा है और यदि वह लोकसभा का चुनाव जीतते हैं तो बेरोजगारों,युवाओं, मजदूरों,किसानों,शोषितों वंचितों का आवाज संसद में उठाकर उनके समस्याओं का समाधान करने का काम करेंगे साथ ही महिला सुरक्षा,स्वास्थ्य,शिक्षा, पेयजल में सुधार और पलायन पर रोक,सरकारी दफ्तरों में हावी अफसरशाही व बिचौलियों पर अंकुश लगाना प्राथमिकता रहेगी जबकि ऊनका सादा जीवन पारदर्शी जीवन और सबको सम्मान की नीति पर वह काम करेंगे।

### मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची का वितरण 6 मई से 19 मई तक

**डुमरी-**लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त 06 गिरिडीह लोकसभा चुनाव हेतु 33-डुमरी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी 373 मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची का वितरण 6 मई से 19 मई तक निर्धारित तिथि में किए जाने हेतु एवं प्रतिदिन का प्रतिवेदन समर्पित करने के विषय पर मंगलवार को डुमरी अनुमंडल कार्यालय सभागार में सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ नावाडीह/ डुमरी एवं बीडीओ चन्द्रपुरा तथा सभी 38 बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।उपस्थित सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रतिदिन 02 बजे अपराह्न तक एनेक्चर 1,2 एवं 3 में प्रतिवेदन समर्पित करते हुए मतदाता सूचना पर्ची के वितरण का सतत निगरानी करने हेतु निदेशित किया गया।

विशेषकर अनुपस्थित, स्थानांनरित एवं मृत मतदाताओं के विषय में प्रतिवेदन समर्पित करने एवं वैसे मतदाता जिनके पास वोटर आईडी कार्ड उपलब्ध नहीं है तथा जिनके पास पुरान प्लास्टिक लेमिनेटेड वोटर कार्ड है की सूचना विहित प्रपत्र में संकलित कर प्रतिदिन समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया।

### निजी स्कूलों द्वारा विभागीय निर्देशों की अवहेलना

**गिरिडीह।** बढ़ती गर्मी और हीट वेब के कारण जहां शिक्षा विभाग द्वारा जिले भर के सभी वर्गों के कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों को तत्काल बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।वहीं जिले में डुमरी के कुछ स्कूल प्रबंधन विभागीय नियमों निर्देशों को धत्ता बताते हुए बेधड़क स्कूलों को नियमित रूप से खोलते रहे हैं।

# नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी होते ही समाहरणालय रोड में बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों को जांच करते दिखे पुलिस जवान




उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः राजमहल लोकसभा चुनाव में सातवें व अंतिम चरण में 1 जून को मतदान होना तय है जहां मंगलवार 7 मई को निवार्ची पदाधिकारी हेमंत सती के द्वारा नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी कर दी गई। उधर नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी होते ही समाहरणालय परिसर के आसपास बैरिकेडिंग गेट बनाते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर दिए गए थे। जहां सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर बनाए गए बैरिकेडिंग गेट पर भारी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। जहां इस मार्ग से होकर गुजरने वाले सभी वाहनों की तलाशी पुलिस के जवानों के द्वारा की जा रही थी। उधर इसको लेकर सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

# ओझा टोली घाट में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- सोंसु सभा का आयोजन कर हैसटैग कम्पेन का किया गया शुभारंभ
- जिला अंतर्गत गंगा किनारे बसे कुल 78 ग्रामों में आयोजित होगी सोंस सभा

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः राजमहल लोकसभा में सातवें व अंतिम चरण में 1 जून को मतदान होना तय है जहां इस चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हुए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के ओझा टोली गंगा घाट पर उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सतीश चंद्रा के नेतृत्व में मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया गया।

जहां उन्होंने कहा की इस बार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से हर वर्ग के मतदाता के टारगेट कर गतिविधि आयोजित की जा रही है जिससे जिले का मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। साथ ही साथ साहिबगंज मनिहारी के बीच गंगा नदी में चलने वाले पानी के जहाज में सफर करने वाले यात्रियों से अपील किया कि चुनाव आयोग के द्वारा आगामी 7 मई को समय 6 बजे अपराह्न से लेकर 8 बजे अपराह्न तक एक हैसटैग कैंपेन चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जिलेवासी मतदाता जागरूकता संबंधी संदेश जैसे फोटोग्राफ या वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से हैसटैग लगाकर पोस्ट करेंगे जिससे कि पूरे जिले में जन जागरूकता का एक माहौल तैयार हो सके। साथ ही साथ सोंस सभा के माध्यम से 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदान केंद्रों में टीम के द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जायेगा।

इसी क्रम में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी ने बताया की जिले के 78 ग्रामों मे विशेष रूप से सोंस सभा का आयोजन कर डॉल्फिन यानी सोंस की सुरक्षा के साथ साथ मतदाताओं को भी जागरूक किया जायेगा की आगामी 1 जून 2024 को लोग अपने अपने घरों से निकल कर वोट देने मतदान केंद्र जरूर आए। उधर अनुमंडल पदाधिकारी अंगरनाथ स्वर्णकार ने कहा की लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बनना हम सभी का कर्तव्य है और ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान के दिन लोग मतदान प्रक्रिया में भाग लेने हेतु मतदान केंद्र में जरूर पहुंचे।

उधर चर्चा में अपनी बात रखते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं के बीच यह संदेश दिया कि हर हाल में आगामी 1 जून 2024 को अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान प्रक्रिया में जरूर भाग लें। उधर चुनावी चर्चा के दौरान जिला खेल पदाधिकारी, राजमहल मॉडल महाविद्यालय के प्राचार्य रंजीत सिंह, नगर प्रशासक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं अन्य ने भाग लिया।

## सभी यात्रियों ने लिया मतदान संकल्प

फेरी सेवा में संचालित स्टीमर में उप विकास आयुक्त ने सवार सभी यात्रियों को मतदान प्रतिज्ञा संकल्प दिलवाया जहां सभी यात्रियों ने यह संकल्प लिया कि आगामी 1 जून 2024 को होने वाले मतदान के दिन वे मतदान केंद्र में जाकर वोट जरुर डालेंगे। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी अंगारनाथ स्वर्णकार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जिला समन्वयक एसबीएम आशीष यादव के साथ साथ स्विप सेल के सभी कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इलेक्शन एंबेसडर अभियान को लेकर बीडीओ ने की समीक्षा बैठक




उधवाः प्रखंड सभागार में मंगलवार को मै भी इलेक्शन एम्बेसडर अभियान के तहत सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उधवा सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल पांडे के नेतृत्व में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी प्रखंड एवं अंचल कर्मी ने इस अभियान में हिस्सा लिया। साथ ही बीडीओ द्वारा सभी कर्मी को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस बैठक के मौके पर मुख्य रूप से बीपीओ गगन बापू, सुमित कुमार, अरुण गुप्ता, विकास कुमार, अर्जुन कुमार, शिवराम मुर्मू, सत्यनारायण रजवार, सनातन कृष्ण सिन्हा, मनोज कुमार, मनीष यादव, देवाशीष साह सहित अन्य उपस्थित थे।

# लालबथानी चेकपोस्ट पर मुफस्सिल पुलिस ने जब्त किए नगद 2 लाख रुपए, कार्यवाही में जुटी पुलिस

साहिबगंजः लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर इंटर स्टेट व इंटर डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट पर सघन जांच लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार की रात को मुफस्सिल थाना अंतर्गत लाल बथानी चेकनाका पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 2 लोगों को मोटरसाइकिल वाहन से नगद ₹2 लाख रुपए बरामद किया गया। जहां इस मामले को लेकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस के द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# जिला अंतर्गत विभिन्न कांडो में सक्रिय एवं कुख्यात 10 अपराधियों के खिलाफ की गई सीसीए के तहत कार्यवाही

साहिबगंजः आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर साहिबगंज जिला अंतर्गत विभिन्न कांडों में सक्रिय एवं कुख्यात 10 अपराधकर्मियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन के द्वारा सीसीए के तहत कार्रवाई की गई है जिसके अंतर्गत 2 अपराधकर्मी को जिला बदर, 1 अपराधकर्मी को जेल निरुद्ध एवं 7 अपराधकर्मी को प्रतिदिन थाना हाजरी देने का निर्देश जारी किया गया है। इस बात की जानकारी पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दी।
खबर 7 फोटो नही है।

# राधानगर बजरंगबली मंदिर में साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ व आरती का आयोजन

उधवाः प्रखंड क्षेत्र के राधानगर गाँव में मंगलवार को बजरंगबली मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ व आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार राधानगर गाँव के दुर्गा मंदिर प्रांगण स्थित बजरंगबली मंदिर में प्रत्येक मंगलवार संध्या को श्री हनुमान चालीसा पाठ व आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है इस दौरान हिन्दू समाज के अधिक संख्या में माताएं, बहनें, युवा व बुजुर्ग सम्मिलित होते हैं। उधर आयोजक कुणाल कांत घोष, गोपाल मंडल, उत्पल घोष, वासुदेव मंडल बताते हैं कि हिन्दुओं की सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करने के लिए हम सब मिलकर मंदिर प्रांगण में साप्ताहिक अर्थात प्रत्येक मंगलवार को एकत्रित होते हैं और श्री हनुमान चालीसा पाठ व आरती कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। वहीं यह भी बताते हैं कि आज के आधुनिक प्रोद्योगिक युग में लोगों का झुकाव धर्म के प्रति कम और मानवीयकरण के प्रति अधिक होते जा रहा है इसीलिए समाज को हिन्दू सांस्कृतिक के प्रति जागरूक कर एक सकारात्मक दिशा में विकास के पथ पर अग्रसर करने का यह एक प्रयास हम समाजसेवियों के द्वारा किया जा रहा है।

# लोकसभा आम निर्वाचन के तहत पोस्टल बैलट के माध्यम से होने वाले मतदान

- की तिथियों एवं स्थल से संबंधित आवश्यक जानकारी, कार्यालय अवधि के दौरान किया जा सकेगा मतदान

रामगढ़। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से आकस्मिक सेवाओं के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों, कर्मियों, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, मतदान कर्मियों आदि के द्वारा किए जाने वाले मतदान से संबंधित आवश्यक तिथियों एवं स्थलों से संबंधित जानकारी निम्न है।

पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों के मतदान हेतु 13 मई 2024 से 16 मई 2024 तक पुलिस लाइन रामगढ़ दो (सुविधा केन्द्रों पर) 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़, 24 मांडू, 25 हजारीबाग सहित अन्य विधानसभा के मतदान कर्मियों के लिए 13 मई 2024 से 16 मई 2024 तक गांधी मेमोरियल जिला सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस रामगढ़। आवश्यक सेवाओं, चालकों, कंडक्टर, सफाई कर्मियों सहित अन्य कर्मी 6 मई 2024 से 30 मई 2024 तक समाहरणालय परिसर रामगढ़ में कार्यालय अवधि के दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से अपना मतदान कर सकेंगे।

# नामांकन दाखिल करने के बाद लोबिन हेंब्रम ने किया विशाल जनसभा को संबोधित, विजय हांसदा को कह डाला नोट गिनवा

उज्जवल दुनिया संवाददाता




साहिबगंजः राजमहल संसदीय क्षेत्र में सातवें व अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। जहां मंगलवार को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में बोरियो से झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने अपना नामांकन पत्र निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में दाखिल किया। उधर नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद वे सीधे जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के कृषि विभाग परिसर में बनाए गए जनसभा स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने हजारों हजार की संख्या में उपस्थित अपने समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राजमहल सांसद सह झामुमो प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के द्वारा पिछले दिनों उन्हें वोट कटवा कहकर संबोधित करने के मामले में उन्हें नोट गिनवा कहते हुए तीखा प्रहार किया। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकर्ता एवं क्षेत्र की जनता व समर्थक को संबोधन करते हुए कहा कि वे जल, जंगल व जमीन की लडाई लड़ने वाले सच्चे सिपाही है। जहां आज भी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को वो अपना आदर्श मानता है एवं जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनका भतीजा है। उधर उनसे उन्हें कोई भी गिला शिकवा नहीं है जहां आज भी वे जल, जंगल व जमीन की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी जेएमएम को मानते हैं भले ही पार्टी की तरफ से उन्हें टिकट नही दिया गया लेकिन क्षेत्र की जनता के विश्वास पर ही वे इस बार के लोकसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किए हैं। वही उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले 4 जून को मतगणना के बाद वे भारी मतों विजय हासिल करके रहेंगे। उधर बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम के संबोधन को सुनने के लिए दूरदराज के इलाकों से हजारों हजार की संख्या में समर्थक पहुंचे हुए थे। उधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवानों की तैनाती जिला प्रशासन के द्वारा किया गया था।

# झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में मतदान करने को लेकर विभिन्न गांवों में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



बरहेटः राजमहल लोकसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के पक्ष में मतदान करने के लिए मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के भोगनाडीह तथा छोटा कदमा पंचायत के विभिन्न गांवों में चुनावी जनसंपर्क अभियान झामुमो कार्यकताओं ने चलाया। जहां यह अभियान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी, सचिव मुजिबुर रहमान के नेतृत्व में चलाया गया। उधर पंचायतों के विभिन्न गावों में बैठक कर राजमहल लोकसभा के इंडिया गठबंधन के तरफ से झामुमो के प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा को अधिक से अधिक मतों से विजई बनाकर इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर प्रखंड कोषाध्यक्ष पुसा टुडू, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुनिल सोरेन, जिप सदस्य जेठा मुर्मू, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मजीद, नूर हुसैन अंसारी, इस्लाम अंसारी, समदा सोरेन, आरिफ अंसारी, सामयेल मुर्मू, देवीलाल तुरी, शाम हेंब्रम, लुखीराम हेंब्रम, सुनिल मरांडी, मरांग हेंब्रम, जलालुद्दीन अंसारी, सुनिल किस्कू सहित दोनों पंचायत के अध्यक्ष, सचिव, कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# पत्थर डस्ट लदा हाईवा पलटने से चालक दबा, गंभीर पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन सीज कर कार्रवाई में जुटी

उज्जवल दुनिया संवाददाता




मंडरोः मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नया नगर पावर सबस्टेशन के पास मंगलवार को सुबह पहाड़ के तरफ से पत्थर डस्ट लोडिंग कर एक हाईवा संख्या जेएच 05 एएन 5911 नया नगर गांव के रास्ते उतर रहा था। उसी दौरान हाईवा का संतुलन बिगड़ गया जिसके कारण पत्थर डस्ट लदा हाईवा सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरा जिससे हाईवा पर सवार खलासी (उपचालक) घटना से पूर्व आशंका होने पर कूदकर फरार हो गया।

वही हाईवा चालक उसी में दब गया जिससे उसका पैर के साथ साथ कई हिस्सों में गंभीर चोट आई है। इधर घटना की सूचना के बाद आसपास के सैकड़ो ग्रामीणों का भीड़ इकट्ठा हो गया। वही मौके पर मौजूद बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों की मदद से चालक को बाहर निकाला गया और उसे ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही मिर्जाचौकी थाना के एएसआई पवन कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। वही घायल हाईवा चालक का पहचान पीरपैंती थाना थाना क्षेत्र के परसबन्ना गांव निवासी टिंकू पासवान के रूप में हुई है जिसका ससुराल कीर्तनिया गांव के आसपास बताया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी रोहित कुमार ने मीडिया को बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को सीज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर अब तक किसी व्यक्ति के द्वारा कोई भी शिकायत नहीं किया गया है।

मालूम हो कि अधिकतर क्रेशर मील से पत्थर चिप्स, पत्थर डस्ट समेत खनिज संप्रदाय की ढुलाई करने वाले वाहन का सभी कागजात के साथ साथ फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं रहने के बावजूद खुलेआम परिवहन नियम का उल्लंघन करते हुए क्रेशर मालिक वाहनों का परिचालन करवाते हैं जबकि परिवहन विभाग ऐसे वाहनों के विरुद्ध ना के बराबर कोई कार्रवाई करती है।

# राजमहल लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लोबिन हेंब्रम ने किया नामांकन पत्र दाखिल



उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र 01 से सातवें व अंतिम चरण के चुनाव को लेकर मंगलवार को नाम निर्देशन की अधिसूचना निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने जारी कर दिया जिसके बाद पहले निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बोरियो से झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पहले लोबिन हेंब्रम अपने प्रस्तावकों के साथ कार पर सवार होकर समाहरणालय नामांकन करने के लिए पहुंचे थे जहां मुख्य सड़क पर बनाए गए बैरिकेडिंग गेट के पास मौजूद मजिस्ट्रेट व पुलिस के जवानों ने उन्हें रोक दिया जिसके बाद वे पैदल ही समाहरणालय परिसर पहुंचे। उधर निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती के समक्ष उपस्थित होकर उन्होंने अपना नामांकन एक सेट में दाखिल किया। वही नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद जब वो समाहरणालय परिसर से बाहर निकले तो उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में उनकी प्रचंड जीत होने वाली है जहां अन्य कोई भी राजनीतिक दल के प्रत्याशी को वो धूल चटा कर रहेंगे। आगे उन्होंने कहा कि जिस तरह से चमरा लिंडा को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है अगर पार्टी उन्हें भी बागी मानते हुए निकाल देती है तो उन्हें इसका कोई गम नहीं है। आगे कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के दिल से उन्हें कोई नही निकाल सकता है और न उनके दिल से दिशोम गुरु को निकाल सकता है।

# विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक

उज्जवल दुनिया संवाददाता




उधवाः जिले में शतप्रतिशत मतदान को लेकर जिले भर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जोरों पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय उधवा में मंगलवार को संकुल के अंतर्गत सभी प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार मंडल ने किया। इस दौरान बीपीओ दीपक कुमार मंडल ने सभी प्रधानाध्यापकों को रेल प्रोजेक्ट, प्रोजेक्ट इमपेंक्ट तथा प्रयास के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर अपने अपने विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीआरपी मझारूल हक, सीआरपी बाबूलाल मंडल, शिक्षक सकलदेव मंडल, हारुन रशीद, मुख्तार हुसैन, मुबारक शेख सहित अन्य मौजूद थे।

# धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का केंदुआ क्षेत्र मे तूफानी दौरा

उज्जवल दुनिया संवाददाता




केंदुआ : धनबाद लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने मंगलवार को केंदुआडीह क्षेत्र की विभिन्न स्थानों पर धुआंधार जनसंपर्क कर लोगो से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की. केंदुआडीह के खैरा मे जनता को संबोधित करते हुए अनुपमा सिंह ने कहा कि आज जनता बेरोजगारी महंगाई से त्राहिमाम है मगर केंद्र सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है.लोग अब भारतीय जनता पार्टी के जुमलेबाजी को समझ चुकी है.और इस लोकसभा चुनाव में जनता मुहतोड़ जवाब देगी. कांग्रेस की सरकार70 सालों में विकास का कार्य किया है. लोगों को रोजगार से जोड़ा है. वही उन्होंने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि आगामी 25 तारीख को आप अपना वोट देने मतदान केंद्र पर अवश्य जाएं और एक साफ छवि के प्रत्याशी को चुने. जो आपके सुख दुख में हमेशा आपके साथ खड़ा रहे. मौके पर केंदुआ करकेंन्द क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ ग्रामीण मौजूद थे.

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः विद्यालक्ष्मी (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

